राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# एक्शन इंडिया
वर्ष: 11 अंक: 254 पृष्ठ: 12
RNI : HARHIN/2016/68417
actionindiaharyana@gmail.com
हरियाणा संस्करण
दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड - चंडीगढ़
RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group


दिल्ली में एसडीआरएफ के गठन से आपदा की स्थिति में राहत एवं बचाव कार्य को मिलेगी गति: रेखा गुप्ता।

## सुप्रीम कोर्ट ने पैक्ड फूड में चीनी, नमक और फैट से बच्चों की सेहत पर जताई चिंता, स्पष्ट चेतावनी लेबल जल्द लागू करने के निर्देश

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने पैक्ड फूड में चीनी, नमक और वसा की अधिक मात्रा से बच्चों की सेहत पर पड़ रहे बुरे प्रभावों चिंता जताई है। जस्टिस जेबी पारदीवाला की अध्यक्षता वाली बेंच ने स्पष्ट चेतावनी लेबल जल्द लागू करने के लिए एफएसएसएआई को सख्त कदम उठाने के निर्देश दिए हैं। एफएसएसएआई ने पैकेट के आगे लाल रंग का चेतावनी निशान लगाने का प्रस्ताव रखा है। कोर्ट इस मामले पर एक-दो दिन के अंदर विस्तृत आदेश जारी करेगा। मामले की अगली सुनवाई 28 सितंबर को होगी। उच्चतम न्यायालय ने साफ कहा है कि वह देश के आम लोगों और खासकर बच्चों की सेहत को लेकर काफी चिंतित है। कोर्ट ने

**आदेश**

**देश के आम लोगों और खासकर बच्चों की सेहत को लेकर काफी चिंतित है: सुप्रीम कोर्ट**

कहा कि देश के स्वास्थ्य से जुड़े



इस गंभीर विषय पर सभी संबंधित पक्षों को राष्ट्रीय हित में मिलकर सोचना चाहिए। यह याचिका 3 एस एंड आवर हेल्थ सोसायटी नामक ट्रस्ट ने दायर की है। सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ता के वकील ने कहा कि कुरकुरे जैसे अत्यधिक प्रोसेस्ड स्नैक्स को अंडे और नमकीन काजू जैसे पौष्टिक खाने के बराबर का दर्जा दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि शाकाहारी (हरा) और मांसाहारी (लाल) के निशानों से भ्रम न फैले, इसलिए अत्यधिक प्रोसेस्ड फूड पर चेतावनी के लिए लाल रंग की जगह किसी दूसरे स्पष्ट रंग के निशान का इस्तेमाल किया जाना चाहिए। इससे पहले सुनवाई के दौरान एफएसएसएआई ने हलफनामा दाखिल कर कहा था कि अत्यधिक नमक, चीनी और वसा वाले पैक्ड फूड पर पैकेट के अगले हिस्से में ही लाल रंग का छह कोनों वाला चेतावनी निशान लगाने की योजना है। आईसीएमआर-एनआईएन की 'डायटरी गाइडलाइंस 2024' के आधार पर तय इस निशान पर स्पष्ट रूप से 'हाई फैट', 'हाई शुगर' या 'हाई साल्ट' लिखा होगा, ताकि ग्राहक पैकेट देखते ही पहचान सकें।

### फास्ट न्यूज

## हाई कोर्ट ने सीजेपी से कहा- गौरव भाटिया के खिलाफ अपलोड किए गए पोस्ट हटाएं

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने काकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) और उसके नेता अभिजीत दीपके, सौरभ दास और आशुतोष रांका को भाजपा नेता और वकील गौरव भाटिया के खिलाफ सोशल मीडिया पर अपलोड किए गए पोस्ट को हटाने को कहा है। जस्टिस तुषार राव गडेला की बेंच ने काकरोच जनता पार्टी के तीनों नेताओं की ओर से पेश वकील से इस संबंध में निर्देश लेकर कोर्ट को बताने को कहा। गौरव भाटिया ने सीजेपी के नेताओं पर दो करोड़ का हजार्ना और उनके खिलाफ किए गए सोशल मीडिया पर पोस्ट पर अंतरिम रोक लगाने की मांग की है। गौरव भाटिया ने आरोप लगाया है कि सीजेपी और उसके नेताओं ने एआई जनित ग्राफिक्स में स्वतंत्र भारद्वाज के बारे में गलत तथ्य उनके नाम से जोड़ दिए हैं। भारद्वाज पर सीजेपी कार्यकर्ता के पिता के साथ मारपीट करने का आरोप है। पोस्ट में कहा गया था कि गौरव भाटिया ने स्वतंत्र भारद्वाज को दिमागी नक्सल कहा था। सौरभ दास ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक ग्राफिक शेयर किया था। गौरव भाटिया ने सौरव दास पर आरोप लगाया कि वो अपने सोशल मीडिया अकाउंट से कोर्ट को लेकर भी अनर्गल पोस्ट करते रहते हैं।

याचिका में कहा गया है कि सौरव दास ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट से जस्टिस स्वर्णकांता शर्मा की आलोचना की थी और केजरीवाल के मामले की सुनवाई से हटने को कहा था। सौरव दास ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर दिल्ली दंगों की बड़ी साजिश रचने के आरोपी उमर खालिद के पक्ष में भी बोला था। ऐसा करना न्यायिक कार्यवाही में दखल देना है।

## अबू सलेम की समयपूर्व रिहाई की मांग खारिज

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय के जस्टिस विक्रम नाथ की अध्यक्षता वाली पीठ ने 1993 के मुंबई सीरियल ब्लास्ट मामले में अबू सलेम की समयपूर्व रिहाई की मांग खारिज कर दी है।

### रणनीतिक साझेदारी और मजबूत करने पर सहमति

# पीएम मोदी ने जर्मन चांसलर मर्ज से की बातचीत, रणनीतिक साझेदारी पर चर्चा

**कूटनीतिक**

**आवाजाही सहित विभिन्न महत्वपूर्ण क्षेत्रों में रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने पर सहमति जताई**

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को जर्मनी के चांसलर फ्रेडरिक मर्ज से टेलीफोन पर बातचीत की। दोनों नेताओं ने भारत-जर्मनी राजनयिक संबंधों के 75 वर्ष पूरे होने के अवसर पर दोनों देशों के बीच रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने की प्रतिबद्धता दोहराई। बातचीत में व्यापार एवं निवेश, रक्षा, स्वच्छ ऊर्जा, उन्नत प्रौद्योगिकी और प्रतिभाओं की आवाजाही समेत विभिन्न महत्वपूर्ण क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर चर्चा हुई। प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर बातचीत की जानकारी साझा करते हुए कहा कि भारत और जर्मनी के बीच राजनयिक संबंधों की स्थापना के 75 वर्ष पूरे हो रहे हैं। इस अवसर पर दोनों देशों ने व्यापार एवं निवेश, रक्षा, स्वच्छ ऊर्जा, उन्नत प्रौद्योगिकी और प्रतिभाओं की आवाजाही सहित विभिन्न महत्वपूर्ण क्षेत्रों में रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने पर सहमति जताई। मोदी ने कहा कि जर्मनी के साथ भारत की साझेदारी का दायरा



### चीनी राष्ट्रपति जिनपिंग ब्रिक्स शिखर बैठक के लिए आयेंगे दिल्ली

**नई दिल्ली।** भारत की अध्यक्षता में हो रहे 18 वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग 12-13 सितंबर को यहां आ रहे हैं। वह ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में भाग लेने के साथ ही शनिवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ द्विपक्षीय बैठक भी करेंगे। चीनी दूतावास के एक प्रवक्ता ने आज यहां सोशल मीडिया पर बताया कि चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के निमंत्रण पर 12-13 सितंबर को यहां होने वाले 18वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में शामिल होंगे।

सूत्रों के अनुसार शनिवार तड़के चीनी राष्ट्रपति का विमान यहां पालम तकनीकी हवाईअड्डे पर पहुंचेगा। उनके साथ एक बड़ा व्यापारिक प्रतिनिधिमंडल भी आ रहा है। शनिवार को ही प्रधानमंत्री मोदी की चीनी राष्ट्रपति के साथ द्विपक्षीय बैठक होने की संभावना है। इस बैठक में कई महत्वपूर्ण समझौते होने की उम्मीद है। रूस के राष्ट्रपति गुरुवार को देर रात नई दिल्ली पहुंच रहे हैं और शुक्रवार को प्रधानमंत्री मोदी के साथ उनकी वार्षिक शिखर बैठक है। चीन ब्रिक्स का प्रमुख सदस्य देश है। भारत और चीन वैश्विक भू-राजनीतिक बदलावों के बीच बहुपक्षीय आर्थिक सहयोग पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं।

लगातार बढ़ रहा है। दोनों देशों के बीच सहयोग को भविष्य की जरूरतों के अनुरूप आगे बढ़ाने और दोनों देशों के लोगों के हित में नए अवसर तलाशने पर भी बातचीत हुई। प्रधानमंत्री ने जर्मनी को यूरोप के साथ भारत के जुड़ाव का एक महत्वपूर्ण स्तंभ बताते हुए कहा कि वह वैश्विक शांति, स्थिरता और समृद्धि को बढ़ावा देने में भारत का एक महत्वपूर्ण एवं मूल्यवान साझेदार है। उन्होंने कहा कि भारत और जर्मनी मिलकर अपनी दूरदर्शी रणनीतिक साझेदारी को और गहरा करने के लिए काम करते रहेंगे। दोनों देशों के बीच बढ़ता सहयोग आपसी समृद्धि के साथ-साथ वैश्विक स्तर पर शांति और स्थिरता को मजबूत करने में भी योगदान देगा। उल्लेखनीय है कि भारत और जर्मनी ने वर्ष 1951 में राजनयिक संबंध स्थापित किए थे। वर्ष 2026 में दोनों देश अपने राजनयिक संबंधों की 75वीं वर्षगांठ मना रहे हैं। ब्रिक्स शिखर सम्मेलन उभरती हुई ताकतों को व्यापार, विकास वित्त और पश्चिमी देशों के नेतृत्व वाले अंतरराष्ट्रीय संस्थानों के विकल्पों पर पहल को आगे बढ़ाने के लिए एक मंच प्रदान करते हैं। इस वर्ष भारत ब्रिक्स की अध्यक्षता कर रहा है। इस नाते भारत 12-13 सितंबर को नई दिल्ली के भारत मंडपम में 18वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन की मेजबानी करेगा। इस शिखर सम्मेलन में ब्रिक्स सदस्य और भागीदार देशों के नेताओं के साथ-साथ आमंत्रित अतिथियों को भी शामिल किया जाएगा। भारत ब्रिक्स का संस्थापक सदस्य है और इससे पहले 2012, 2016 और 2021 में तीन बार इसकी अध्यक्षता कर चुका है।

भारत ने 1 जनवरी 2026 को चौथी बार ब्रिक्स की अध्यक्षता ग्रहण की।


केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह श्रीलंका के नुवारा एलिया जिले में मौजूद सीता अम्मन मंदिर भी गए।, जहां पूजा-अर्चना की और आशीर्वाद मांगा।

## श्रीलंकाई वायुसेना के लिए एल-70 तोपों के उन्नयन पर समझौता

**नई दिल्ली।** श्रीलंका की तीन दिवसीय यात्रा पर गए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को दौरे के आखिरी दिन श्रीलंकाई नेतृत्व के साथ द्विपक्षीय साझेदारी के संपूर्ण पहलुओं की समीक्षा करते हुए व्यापक चर्चा की। श्रीलंकाई वायु सेना के लिए एल-70 तोपों के उन्नयन पर समझौता ज्ञापनों का आदान-प्रदान किया गया। साथ ही राष्ट्रीय रक्षा कॉलेजों और राष्ट्रीय कैडेट कोर के बीच शैक्षणिक सहयोग पर भी चर्चा हुई। इस दौरे में श्रीलंका की प्रधानमंत्री डॉ. हरिनी अमरसूर्या से मुलाकात में करीबी सांस्कृतिक और सभ्यतागत संबंधों से जुड़े कई मुद्दों पर विचारों का आदान-प्रदान किया गया। रक्षा मंत्री एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल के साथ 08 सितंबर को श्रीलंका की तीन दिवसीय यात्रा पर गए थे। राजनाथ सिंह आज श्रीलंका के नुवारा एलिया जिले में मौजूद सीता अम्मन मंदिर भी गए।,

## रेलवे टेंडर घोटाला: मनी लांड्रिंग मामले में लालू, राबड़ी व तेजस्वी पर आरोप तय

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** राऊज एवेन्यू कोर्ट ने रेलवे टेंडर घोटाला के मनी लांड्रिंग मामले में राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) सुप्रीमो लालू यादव, राबड़ी देवी और तेजस्वी यादव के खिलाफ आरोप तय कर दिए हैं। स्पेशल जज विशाल गोगने ने आरोप तय करने का आदेश दिया। कोर्ट ने लालू यादव के दामाद राहुल यादव समेत सात लोगों को बरी करने का भी आदेश दिया। कोर्ट ने इन तीनों के अलावा लारा प्रोजेक्ट्स, सरला गुप्ता, प्रेमचंद गुप्ता, सुजाता होटल्स, विनय कोचर और विजय कोचर के खिलाफ आरोप तय किया है। कोर्ट ने राहुल यादव, गौरव गुप्ता, नाथ मल कंकर्निया, विजय त्रिपाठी, डीएन तुलस्यान, राजीव रेलान और अभिषेक फाइनेंस को बरी करने का आदेश दिया है। कोर्ट ने 13 फरवरी को फैसला सुरक्षित रख लिया था।कोर्ट ने 28 जनवरी, 2019 को



प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की ओर से दर्ज केस में लालू यादव, राबड़ी देवी और तेजस्वी यादव को एक-एक लाख रुपये के निजी मुचलके पर नियमित जमानत दी थी। कोर्ट ने 19 जनवरी, 2019 को केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) की ओर से दर्ज केस में लालू यादव को नियमित जमानत दी थी। कोर्ट ने 13 अक्टूबर, 2025 को रेलवे टेंडर घोटाले के सीबीआई से जुड़े मामले में लालू यादव, राबड़ी देवी और तेजस्वी यादव समेत दूसरे आरोपियों के खिलाफ आरोप तय करने का आदेश दिया था।

## भाजपा ने सातों मोर्चों के बनाए नए प्रभारी

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने अपने सात प्रमुख मोर्चों के नए प्रभारी नियुक्त किए हैं। महासचिव हरीश द्विवेदी को भारतीय जनता युवा मोर्चा का प्रभारी बनाया गया है। भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डी. पुरंदेश्वरी को भाजपा महिला मोर्चा, राष्ट्रीय महासचिव सतीश पूनिया को अनुसूचित जनजाति (एसटी) मोर्चा, महासचिव संजय भाटिया को अनुसूचित जाति (एससी) मोर्चा, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वैजयंत पांडा को ओबीसी मोर्चा, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष लाल सिंह आर्या को किसान मोर्चा तथा गजेंद्र पटेल को अल्पसंख्यक मोर्चा का प्रभारी नियुक्त किया गया है। भाजपा के मुताबिक इन नियुक्तियों से संगठनात्मक गतिविधियों को नई गति मिलेगी और विभिन्न सामाजिक वर्गों के बीच पार्टी की पहुंच को और मजबूत करने में मदद मिलेगी। हाल के दिनों में पार्टी ने राष्ट्रीय और प्रदेश स्तर पर संगठन में कई अहम बदलाव किए हैं।

## अंतरिक्ष में सहयोग को प्राथमिकता दें, अल्पकालिक लाभ को नहीं: मोदी

**प्रौद्योगिकी**

**महासागरों और समुदायों तक अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी का व्यापक उपयोग हो रहा है: पीएम मोदी**

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** अंतरिक्ष में बढ़ती गतिविधियों के बीच प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को वैश्विक समुदाय से सहयोग, स्थिरता और समावेशन को



प्राथमिकता देने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि अंतरिक्ष में कक्षाएं अधिक भीड़भाड़ वाली, प्रौद्योगिकियां अधिक शक्तिशाली और अंतरिक्ष क्षेत्र में भागीदारों की संख्या लगातार बढ़ रही है। ऐसे में दुनिया को एकाग्रता के बजाय सहयोग, अल्पकालिक लाभ के बजाय स्थिरता और बहिष्कार के बजाय समावेशन का रास्ता चुनना होगा। प्रधानमंत्री ने पेरिस में आयोजित पहले अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष शिखर सम्मेलन को वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से संबोधित करते हुए कहा कि भारत सुरक्षित, संरक्षित, शांतिपूर्ण और टिकाऊ अंतरिक्ष क्षेत्र का समर्थन करता है। व्यवस्था अंतरराष्ट्रीय कानून, संवाद और बहुपक्षीय सहयोग पर आधारित होनी चाहिए। मोदी ने कहा कि भारत का अंतरिक्ष दृष्टिकोण वसुधैव कुटुम्बकम यानी एक पृथ्वी, एक परिवार और एक भविष्य की भावना में निहित है। यह भावना अब पृथ्वी से आगे अंतरिक्ष तक पहुंचनी चाहिए।

अंतरिक्ष सदियों से मानव की कल्पना को प्रेरित करता रहा है, लेकिन आज इसकी प्रौद्योगिकियां पृथ्वी पर जीवन बचाने में भी मदद कर रही हैं। जलवायु और फसलों की निगरानी से लेकर महासागरों और समुदायों तक अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी का व्यापक उपयोग हो रहा है।

## दिल्ली में एसडीईआरएफ के गठन की प्रक्रिया शुरू, चर्चा हुई

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सत्य निकेतन में राहत एवं बचाव अभियान के दौरान राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) की त्वरित, साहसपूर्ण और समन्वित कार्रवाई के लिए पूरी एनडीआरएफ टीम के प्रति दिल्लीवासियों की ओर से आभार व्यक्त किया। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने गुरुवार को दिल्ली सचिवालय में एनडीआरएफ के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक की।

बैठक में दिल्ली के लिए एक सशक्त और आधुनिक स्टेट डिजास्टर इमरजेंसी रिस्पांस फोर्स (एसडीईआरएफ) के गठन पर विस्तार से चर्चा हुई।

### दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना की 11वीं किस्त के रूप में 10.10 लाख बहनों के खातों में 212.16 करोड़ रुपये की राशि जारी

# सैनी ने 50 लाख से अधिक लाभार्थियों को 1,890 करोड़ रुपये से अधिक की राशि ट्रांसफर की

**डबल इंजन सरकार**

**उद्योग एवं वाणिज्य विभाग की 7 योजनाओं के तहत लाभार्थियों को 311.25 करोड़ रुपये की राशि जारी**

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने विभिन्न योजनाओं के तहत 50 लाख 28 हजार 208 पात्र लाभार्थियों के बैंक खातों में सीधे 1 हजार 890 करोड़ 16 लाख रुपये की राशि जारी की। इनमें दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना की किस्त, बुजुर्गों व दिव्यांगों की सामाजिक सुरक्षा पेंशन, जरूरतमंद परिवारों को



हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी चंडीगढ़ में ऑनलाइन माध्यम से विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के अंतर्गत लाभार्थियों को वित्तीय सहायता वितरित करते हुए। (10.09.2026)

दयालु योजना की आर्थिक सहायता, गृहिणियों को गैस सब्सिडी, किसानों को भावांतर भरपाई शामिल है। मुख्यमंत्री ने कहा कि डबल इंजन सरकार का संकल्प है कि हर पात्र व्यक्ति तक सरकारी योजना का लाभ सीधे, पारदर्शी और समयबद्ध तरीके से पहुंचे। मुख्यमंत्री ने गुरुवार को हरियाणा निवास में आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि आज 'दीन दयाल लाडो लक्ष्मी' योजना की 11वीं किस्त जारी की गई है। इसके तहत 10 लाख 10 हजार लाभार्थी बहन-बेटियों के खातों में 212 करोड़ 16 लाख रुपये डाले गए हैं। इसके साथ ही योजना के तहत अब तक 11 किस्तों में 2 हजार 254 करोड़ 47 लाख रुपये की राशि जारी की जा चुकी है। उन्होंने बताया कि आगामी 17 सितंबर से 1 लाख 80 हजार रुपये तक वार्षिक आय वाले परिवारों को भी इस योजना का लाभ मिलना शुरू हो जाएगा। राज्य सरकार ने चालू वित्त वर्ष के बजट में लाडो लक्ष्मी योजना के लिए 6 हजार 500 करोड़ रुपये का प्रावधान किया है।इस अवसर पर सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण कुमार बेदी, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव एवं वित्त एवं योजना विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव अरुण गुप्ता, सूचना, जनसंपर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग के आयुक्त एवं सचिव के. मकरंद पांडुरंग, सूचना, जनसंपर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग के निदेशक डॉ. आदित्य दहिया तथा अतिरिक्त निदेशक (प्रशासन) विवेक कालिया, मनीष लोहान सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

**35 लाख से अधिक लाभार्थियों को 1,129 करोड़ रुपये की सामाजिक सुरक्षा पेंशन**

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज विभिन्न 15 सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं के तहत 35 लाख 6 हजार 841 लाभार्थियों के खातों में 1 हजार 129 करोड़ 5 लाख रुपये की राशि सीधे ट्रांसफर की गई है। इनमें वृद्धावस्था सम्मान भत्ता, दिव्यांग भत्ता सहित अन्य सामाजिक सुरक्षा पेंशन शामिल हैं।

## उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कबीरधाम में ली गौ सेवकों एवं अधिकारियों की बैठक

**दिशा-निर्देश**

**पशु संरक्षण एवं उपचार व्यवस्था को बेहतर बनाने गौ सेवकों से लिए सुझाव आदि को लेकर दिए निर्देश**

**टीम एक्शन इंडिया**

**रायपुर:** उप मुख्यमंत्री एवं कवर्धा विधायक विजय शर्मा ने आज कबीरधाम जिला कार्यालय के सभाकक्ष में गौ सेवकों एवं संबंधित अधिकारियों की बैठक लेकर जिले में सड़क पर विचरण करने वाले पशुओं, बीमार एवं घायल पशुओं के रेस्क्यु, उपचार तथा उनके लिए व्यवस्थित स्थान



उपलब्ध कराने के संबंध में विस्तृत चर्चा की। उन्होंने गौ सेवकों से उनके कार्य के दौरान आने वाली समस्याओं की जानकारी ली और पशुओं के बेहतर संरक्षण एवं उपचार के लिए आवश्यक सुझाव भी लिए। बैठक में गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष विशेषर पटेल, जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू, उपाध्यक्ष कैलाश चंद्रवंशी, कलेक्टर श्रीमती तुलिका प्रजापति, पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र कुमार यादव, जिला पंचायत सीईओ अभिषेक अग्रवाल, अपर कलेक्टर नरेन्द्र पैकरा, गौ सेवक नीलेश सोनी, संस्कार दुबे, तरूण साहू, अंकुश विश्वकर्मा, अनमोल ठाकुर, वैदिक मिश्रा, नीरज ठाकुर, अमित चंद्रवंशी सहित जनप्रतिनिधि, गौ सेवक उपस्थित थे। उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि गौ सेवक दिन-रात बीमार और घायल पशुओं की सेवा में जुटे रहते हैं। वे पूरी मेहनत, लगन और सेवाभाव के साथ सड़क पर घायल अवस्था में मिले पशुओं का रेस्क्यु कर उन्हें उपचार के लिए पशु चिकित्सालय तक पहुंचाते हैं।

न्यूज फ्लैश

## 7 ग्राम 610 मिलीग्राम हेरोइन सहित युवक काबू



**टीम एक्शन इंडिया**
**सिरसा(शुभम खटक)**

जिले में नशा तस्करों पर शिकंजा कसने के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत एंटी नारकोटिक्स सेल सिरसा पुलिस की टीम ने मेला ग्राउंड सिरसा क्षेत्र से एक युवक को हजारों रुपए की 7 ग्राम 610 मिलीग्राम हेरोइन सहित काबू किया है। आरोपी के खिलाफ थाना शहर सिरसा में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है । पुलिस अधीक्षक दीपक सहारन के निर्देश पर एंटी नारकोटिक्स सेल सिरसा पुलिस की टीम गश्त व चेकिंग के दौरान कीर्ति नगर सिरसा से होते हुए मेला ग्राउंड की तरफ जा रही थी । इसी दौरान पुलिस पार्टी जब मेला ग्राउंड के नजदीक पंहची तो सामने से एक युवक पैदल आता दिखाई दिया । उक्त युवक ने सामने पुलिस की गाड़ी को देखते ही अचानक वापस मुड़कर भागने का प्रयास किया तो पुलिस टीम ने शक के आधार पर युवक को काबू कर नियमानुसार राजपत्रित अधिकारी की मौजूदगी में तलाशी लेने पर उसके कब्जे से 7 ग्राम 610 मिलीग्राम हेरोइन बरामद हुई। पकड़े गए युवक की पहचान कपिल कुमार पुत्र बंसीलाल निवासी मेला ग्राउंड बेगू रोड सिरसा के रूप में हुई है। एंटी नारकोटिक्स सेल प्रभारी के अनुसार आरोपी को अदालत में पेश कर पुलिस रिमांड पर लिया जाएगा। रिमांड के दौरान हेरोइन कहां से लाई गई और आगे किसे सप्लाई की जानी थी, इस बारे में पूछताछ की जाएगी। साथ ही नशे के नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की भी जानकारी जुटाई जाएगी।पुलिस ने कहा कि नशे का कारोबार करने वालों को किसी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। अभियान आगे भी जारी रहेगा और नशा तस्करी में शामिल सभी लोगों पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## नशे पर कड़ा प्रहार करेगी नमो क्रिकेट लीग : सुनील बामनिया

**टीम एक्शन इंडिया**
**सिरसा(शुभम खटक)**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में आयोजित की जा रही प्रतिष्ठित 'नमो क्रिकेट लीग' का आयोजन सिरसा स्थित जेसीडी विद्यापीठ में भी होने जा रहा है। क्रिकेट को हां नशे को ना स्लोगन के साथ आगामी 19 सितंबर से 23 सितंबर तक चलने वाले इस चैंपियनशिप में करीब 200 टीमों के बीच 188 रोमांचक मुकाबले खेले जाएंगे। इस सिलसिले में पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में आयोजित पत्रकारवार्ता में जिला कॉर्डिनेटर सुनील बामनिया, गुरजिंदर सूर्या, डॉक्टर चंद्र कंबोज, जिकेश मेहता, सचिन हुड्डा, शाम ढिल्लों, आतिश लाखलान, लखा नगराना, साहिल शर्मा, मनीष शर्मा, आकाशदीप सिंह ने पत्रकारों के साथ चैंपियनशिप की रूपरेखा साझा की। सुनील बामनिया ने बताया कि मुख्यमंत्री हरियाणा के राजनीतिक सचिव तरुण भंडारी के कुशल नेतृत्व में यह विशाल चैंपियनशिप आयोजित की जा रही है। इसका मुख्य उद्देश्य युवाओं को खेलों से जोड़कर नशे की लत से दूर रखना है। युवाओं को स्वस्थ जीवनशैली और खेल संस्कृति की ओर मोड़ना ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को उनके जन्मदिन का सबसे बड़ा और सार्थक उपहार होगा। इस चैंपियनशिप को व्यापक स्तर पर आयोजित करने के लिए पूरे उत्तर भारत को 32 जोन में विभाजित किया गया है। सिरसा जोन में होने वाले 188 मैचों के बाद शीर्ष पर रहने वाली विजेता टीम को राज्य स्तरीय मुख्य मुकाबले के लिए पंचकूला भेजा जाएगा, जहां सभी 32 जोन की चैंपियन टीमें आमने-सामने होंगी। सिरसा में प्रथम विजेता टीम को 31 हजार रुपए नकद एवं ट्रॉफी, द्वितीय विजेता टीम को 21 हजार रुपए नकद एवं ट्रॉफी देकर सम्मानित किया जाएगा। इसके बाद पंचकुला में 3200 टीमों में मैच होगा और फाइनल मैच 32 टीम में होगा। उसमें प्रथम विजेता टीम को 21 लाख रुपए, द्वितीय विजेता टीम को 11 लाख रुपए, तृतीय विजेता टीम को 5 लाख रुपए, चतुर्थ विजेता टीम को 2.5 लाख रूपए देकर सम्मानित किया जाएगा। इसके अलावा ढेरों प्राइस की बरसात होगी। जेसीडी विद्यापीठ के मैदान में मैचों के सफल संचालन के लिए पिच और मैदान की व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया जा रहा है। इसकी रजिस्ट्रेशन तिथि 10 सितंबर रखी गई हैं। 19 सितंबर से शुरू होने वाले मुकाबलों को लेकर स्थानीय खेल प्रेमियों और युवाओं में भारी उत्साह है। आयोजकों ने सभी खेल प्रेमियों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करें और नशे के खिलाफ इस जन-आंदोलन का हिस्सा बनें।

# प्रधानमंत्री के सेवाभाव को जन जन तक पहुंचाएंगे भाजपा कार्यकर्ता: सुभाष कलसाना

**टीम एक्शन इंडिया**
**शाहाबाद :(प्रदीप कुमार)**
**भारतीय जनता पार्टी की ओर से**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन के 25 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में चलाए जाने वाले सेवा संकल्प अभियान को लेकर शाहाबाद विधानसभा क्षेत्र के गांव धुराला में विशेष कार्यक्रम का आयोजन मंडल अध्यक्ष रवि खेड़ा की देखरेख में किया गया। कार्यक्रम में भाजपा के जिला अध्यक्ष रमेश सैनी, हरियाणा राज्य सहकारी कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक के चेयरमैन सुभाष कलसाना और भाजपा के कैथल के पूर्व जिलाध्यक्ष मुनीष कठवाड़ ने मुख्य वक्ता के रूप में शिरकत की। इस दौरान जिला चेयरमैन सुभाष कलसाना ने कार्यकताओं और ग्रामीणों को सेवा संकल्प अभियान की रूपरेखा के बारे में विस्तार से जानकारी दी तथा अभियान को गांव-गांव और बूथ स्तर तक



पहुंचाने का आह्वान किया। सुभाष कलसाना ने कहा कि यह अभियान 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक देशभर में चलाया जाएगा और इसके माध्यम से जनसेवा, जनभागीदारी तथा समाज के विभिन्न वर्गों से सीधा संवाद स्थापित करने पर जोर दिया जाएगा। जिला अध्यक्ष रमेश सैनी ने कहा कि सेवा संकल्प अभियान केवल एक कार्यक्रम नहीं बल्कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचने और सेवा की भावना को जनभागीदारी से जोड़ने का प्रयास है। अभियान के दौरान रक्तदान शिविर, श्रमदान, जनसंपर्क, युवाओं और विद्यार्थियों से जुड़े कार्यक्रम, सामाजिक जागरूकता गतिविधियां तथा केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी लोगों तक पहुंचाने जैसे अनेक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने अपने सार्वजनिक जीवन में हमेशा देश और समाज को सर्वोपरि रखते हुए कार्य किया है। उन्होंने कार्यकताओं से आह्वान किया कि 17 सितंबर से शुरू होने वाले अभियान को सफल बनाने के लिए अभी से तैयारियों में जुट जाएं और जनभागीदारी को अधिक से अधिक बढ़ाएं। उन्होंने कहा कि शाहाबाद विधानसभा क्षेत्र में सेवा और जनकल्याण से जुड़े कार्यक्रमों को व्यापक स्तर पर आयोजित किया जाएगा। भाजपा के कैथल के पूर्व जिलाध्यक्ष मुनीष कठवाड़ ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की राजनीति का मूल आधार सेवा और राष्ट्रहित है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन के 25 वर्ष सेवा, समर्पण और राष्ट्र निर्माण को समर्पित रहे हैं। सेवा संकल्प अभियान के माध्यम से पार्टी कार्यकर्ता इसी सेवा भावना को समाज के प्रत्येक वर्ग तक लेकर जाएंगे। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता अभियान को केवल पार्टी का कार्यक्रम न समझें, बल्कि इसे समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने का अवसर मानकर आगे बढ़ें।

## शिविर में डीआरओ ने सुनी आमजन की समस्याएं



**टीम एक्शन इंडिया**
**सिरसा, (रणबीर खटक)**

जिला राजस्व अधिकारी संजय कुमार ने वीरवार को लघु सचिवालय स्थित सभागार में आयोजित समाधान शिविर में आमजन की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को त्वरित समाधान के निर्देश दिए। इसके अलावा उपमंडल स्तर पर भी समाधान शिविरों का आयोजन किया गया। सिरसा में आयोजित समाधान शिविर में कुल 25 शिकायतें आई।

जिला राजस्व अधिकारी संजय कुमार ने अधिकारियों से कहा कि नागरिकों की समस्या का समाधान समयबद्ध तरीके से करें। प्रत्येक विभाग अपनी एटीआर जरूर भेजें ताकि पोर्टल पर अपलोड किया जा सके।

प्रशासन का प्रयास है कि किसी भी जरूरतमंद व्यक्ति को अपने कार्यों के लिए भटकना न पड़े। इसके लिए प्रशासन पूरी संवेदनशीलता और तत्परता के साथ कार्य कर रहा है।

उन्होंने कहा कि सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें और यह सुनिश्चित करें कि आमजन को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

## जींद: खेतों में बिजली गुल रहने पर किसानों ने पावर हाउस का किया घेराव

**जींद।** नगूरां 132 केवी पावर हाउस से चलने वाले खेतों के बधाना फीडर व धनखेड़ी फीडर पर लगातार बिजली गुल रहने से परेशान नगूरां तथा आसपास गांव के किसान गुरुवार को नगूरां बिजली पावर हाउस पहुंचे। किसानों ने संबंधित विभाग के खिलाफ रोष जताया। किसानों ने समस्या का समाधान न होने पर सड़क जाम करने की चेतावनी भी दी। किसानों के एकत्रित होने की सूचना मिलने पर एसडीओ आन्नंद कुमार ने फोन के माध्यम से किसानों की समस्या का समाधान जल्द करने का आश्वासन देकर किसानों को शांत किया।

## शहीद पति के नाम पर स्कूल का नाम रखने की मांग, 21 साल से इंतजार कर रही पत्नी

**संवाददाता नूँह मेवात**
**नूह मेवात (लियाकत अली ):** देश की रक्षा करते हुए शहादत देने वाले नूंह निवासी पुलिसकर्मी के नाम पर सरकारी स्कूल का नाम रखने की मांग को लेकर उनकी पत्नी मुबीना ने समाजसेवी कमांडो हिदायत खान के साथ उपायुक्त नूंह से मुलाकात की। उन्होंने डीसी को मांग पत्र सौंपकर ऋड्ड५३. ंट्रिह्ली रंल्ल२ह्य१ड्ड३ रील्लङ्क१ रीङ्कल्ल्रि१८ रूँङ्कङ्कह्ल (6625) ठ४ँ, होडल चौक नूंह का नाम अपने पति शहीद हवलदार रशीद अहमद के नाम पर रखने की मांग की। मुबीना ने बताया कि उनके पति हवलदार रशीद अहमद 3 सितंबर 2005 को ड्यूटी के दौरान छत्तीसगढ़ में नक्सली बम विस्फोट में शहीद हुए थे। उन्होंने देश की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति दी।

## नवनियुक्त एसडीएम अदिति सिंघानिया ने समाधान शिविर में सुनी जन समस्याएं

**टीम एक्शन इंडिया**
**ऐलनाबाद, (रणबीर खटक)**

नवनियुक्त एसडीएम अदिति सिंघानिया ने वीरवार को एसडीएम कार्यालय में आयोजित समाधान शिविर में जन समस्याओं को सुना और अधिकारियों को समाधान के दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि अधिकारी समाधान शिविर की समस्याओं का प्राथमिकता से समाधान करें।

उन्होंने कहा कि प्रशासन का मुख्य उद्देश्य आमजन तक सरकार की योजनाओं का क्रियान्वयन व जनता की समस्या का प्राथमिकता से समाधान करना है। उन्होंने अधिकारियों को कहा कि




कार्यालयों में आने वाले आम लोगों के कार्यों और शिकायतों का समय पर और प्राथमिकता के आधार पर निपटान किया जाए। उन्होंने अधिकारियों से टीम भावना के साथ काम करने का आह्वान किया ताकि क्षेत्र में चल रही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम पात्र व्यक्ति तक पहुंचे, इसके लिए योजनाबद्ध तरीके से काम करें।

गौरतलब है कि अदिति सिंघानिया हरियाणा कैडर 2024 बैच की आईएएस अधिकारी है, जिन्होंने सोमवार को ऐलनाबाद एसडीएम का पदभार संभाला है। वे ऐलनाबाद क्षेत्र में नियुक्त होने वाली पहली महिला एसडीएम हैं। इससे पहले अदिति सिंघानिया गुरुग्राम में बतौर अंडर ट्रेनिंग अधिकारी (असिस्टेंट कमिश्नर) अपनी सेवाएं दे रही थीं।

## लॉर्ड कृष्णा पब्लिक स्कूल में विधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**आशीष श्रीवास्तव, अंबाला।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अंबाला के तत्वावधान में आज लॉर्ड कृष्णा पब्लिक स्कूल, राम नगर, अंबाला कैंट में विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन सुश्री नेहा परवीन, पैरा लीगल वालंटियर डीएलएसए अंबाला द्वारा किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को बाल यौन अपराध संरक्षण अधिनियम, 2012 के विभिन्न प्रावधानों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। विशेष रूप से नाबालिगों की सहमति से संबंधित कानूनी स्थिति तथा अधिनियम के तहत यौन अपराधों के लिए निर्धारित दंडात्मक प्रावधानों के बारे में जागरूक किया गया।

# पानीपत शहरी कांग्रेस संगठन की मासिक बैठक में 13 सितंबर के ब्लाक अधिवेशन एवं संगठनात्मक रणनीति पर की चर्चा

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, 10 सितंबर(बिजेंद्र सिंह)।** पानीपत में लाल बत्ती चौक के पास कांग्रेस भवन में बृहस्पतिवार को कांग्रेस पानीपत शहरी जिला कमेटी की मासिक बैठक वरिष्ठ कांग्रेस नेता वरिंदर शाह के मार्गदर्शन एवं जिला अध्यक्ष सरदार बलजीत सिंह के नेतृत्व में हुई। बैठक में पानीपत शहरी संगठन के पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं ने भाग लिया। मीटिंग में सबसे पहले दिल्ली के सत्य निकेतन में बिल्डिंग गिरने से छात्रों की हुई मौत पर 2 मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्माओं को




श्रद्धांजलि अर्पित की। बैठक में करनाल ग्रामीण के जिलाध्यक्ष राजेश वैध भी मौजूद रहे और उनका बुके देकर व शॉल भेंट कर सम्मान किया गया। वहीं बैठक में मुख्य रूप से 13 सितंबर को पानीपत शहर के मॉडल टाउन ब्लॉक के होने वाले अधिवेशन को लेकर चर्चा की गई। वरिष्ठ नेता वरिंदर शाह व सरदार बलजीत सिंह ने बताया कि इस ब्लाक अधिवेशन को कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी संजय दत्त, सह प्रभारी जितेंद्र बघेल एवं प्रदेश अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह संबोधित करेंगे। इस दौरान प्रदेश नेतृत्व सभी कार्यकताओं से संवाद करेगा तथा संगठन को मजबूत करने एवं आगामी रणनीति को लेकर विचार-विमर्श किया जाएगा। बैठक में पदाधिकारियों में संगठन महासचिव राज कुमार पाहवा, शहरी ब्लॉक प्रधान अजय खुराना, मॉडल टाउन ब्लॉक प्रधान सतीश गल्होत्रा, उपप्रधान गौरव शर्मा, संजय गर्ग, कुलदीप, महेश डावर, कैशियर सौरव अरोड़ा, महासचिव बलविंद्र माटा, सुप्रिया रतन, जगदीश वर्मा, राजबीर पौडिया, सोनलाल शर्मा, धर्मेंद्र बजाज, पंकज प्रजापत, अनुभव मित्तल, सचिव जेपी गोड, चिराग मुटनेजा, इस्लाम अंसारी, विकास जैन, रामलाल हैप्पी, ब्रिजेश कौशिक व बल्देव वधवा और कार्यकताओं में से मुलख राज गुरेजा, सुरेश बवेजा, सुरिंद्र शर्मा, मिंटू सचदेवा व सरदार बलबीर सिंह सेखू आदि मौजूद रहे।

सरदार बलजीत सिंह ने कहा कि कांग्रेस संगठन जनता से जुड़े मुद्दों को लगातार प्रमुखता से उठाता रहेगा।

## पानीपत मंडी में 1509 किस्म के धान की आवक शुरू

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, 10 सितंबर(बिजेंद्र सिंह)।** पानीपत अनाज मंडी में बृहस्पतिवार से 1509 किस्म के धान की आवक शुरू हो चुकी है। पहले दिन मंडी में करीब 600 क्विंटल धान की आवक हुई और पहले ही दिन प्राईवेट मिलर ने 1509 किस्म के धान की खरीद शुरू कर दी है। पानीपत मंडी में 1509 वेरायटी के धान का बृहस्पतिवार को अधिकतम भाव 3835 रुपए प्रति क्विंटल रहा। जबकि पिछले वर्ष 1509 किस्म के धान का भाव शुरुवात में तो करीब 3200 रुपए प्रति क्विंटल था लेकिन कुछ दिनों बाद वह 200 रुपए घटकर करीब 3000 रुपए रहा था। पानीपत मंडी में 1509 किस्म के धान का भाव पिछले साल के मुकाबले अब 600-700 रुपए प्रति क्विंटल ज्यादा है। इस वेरायटी के धान का भाव बढने से किसानों को लाभ होगा। वहीं पानीपत मार्केट कमेटी के चेयरमैन अवतार सिंह शास्त्री और सचिव आशा रानी ने धान की एमएसपी पर सरकारी खरीद को लेकर बताया कि इस बारे में सरकार की तरफ से अभी कोई पत्र नहीं आया है और जैसे ही सरकारी खरीद को लेकर पत्र आयेगा तो एमएसपी पर खरीद शुरू कर देंगे।

पानीपत मार्केट कमेटी के चेयरमैन अवतार सिंह शास्त्री ने बृहस्पतिवार को अनाज मंडी स्थित अपने कार्यालय में बताया कि 1509 किस्म के धान की आवक शुरू हो गई है.

और प्राईवेट मिलर ने प्राईवेट खरीद

एसजेवीएन लिमिटेड SJVN Limited
(भारत सरकार एवं हिमाचल प्रदेश सरकार का संयुक्त उपक्रम)
(A Joint Venture of Govt. of India & Govt. of H.P.)
नवरत्न सीपीएसई A Navratna CPSE
CIN No. L40101HP1988GOI008409

नाथपा झाकड़ी जल विद्युत स्टेशन

प्रेस नोटिस/ई–निविदा संख्या पीसीडी–2991 (सिविल)/2026

एसजेवीएन लिमिटेड की ओर से "नाथपा बांध पर हाई–परफॉर्मेंस कंक्रीट (एचपीसी) का उपयोग करके पिलप बकेट की क्षतिग्रस्त इनवर्टेड कंक्रीट लाइनिंग की विशेष मरम्मत और रिवर ट्रेनिंग एवं इससे जुड़े संकार्य" हेतु घरेलू प्रतिस्पर्धी बोली (डीसीबी) के आधार पर ऑनलाइन बोलियां (ई–निविदा) आमंत्रित की जाती हैं। विस्तृत जानकारी के लिए कृपया https://etender.sjvn.co.in, www.sjvn.nic.in और https://eprocure.gov.in वेबसाइट पर जाएं। बोली दस्तावेज डाउनलोड करने की अन्तिम तिथि 01.10.2026 (12:00 बजे) है। बोली जमा करने की अन्तिम तिथि 02.10.2026 (13:00 बजे) है। संशोधन, यदि कोई हो, केवल उपर्युक्त वेबसाइटों पर ही जारी किया जाएगा। एसजेवीएन लिमिटेड के लिए और उसकी ओर से
विभागाध्यक्ष (प्रा. एवं सं. विभाग), एनजेएचपीएस, एसजेवीएन लिमिटेड, झाकड़ी, शिमला, हि.प्र.–172201

## समाधान शिविर में सुनी आमजन की समस्याएं, एक शिकायत का मौके पर

**व्यासपुर।** एसडीएम कार्यालय व्यासपुर में वीरवार को आयोजित समाधान शिविर में नायब तहसीलदार रविन्द्र कुमार ने आमजन की समस्याएं सुनीं। शिविर में विभिन्न विभागों से संबंधित कुल दो शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से एक शिकायत का मौके पर ही निवारण कर दिया गया, जबकि दूसरी शिकायत को संबंधित विभाग को कार्रवाई के लिए भेजा गया।

नायब तहसीलदार रविन्द्र कुमार ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्राप्त शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर समाधान सुनिश्चित किया जाए और निपटारे में किसी प्रकार की अनावश्यक देरी न हो। उन्होंने कहा कि सरकार के निर्देशानुसार आयोजित किए जा रहे समाधान शिविरों का उद्देश्य आमजन की समस्याओं का त्वरित एवं प्रभावी समाधान करना है। उन्होंने बताया कि नागरिक परिवार पहचान पत्र, राशन कार्ड, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, पुलिस विभाग, पंचायती राज संस्थाओं सहित विभिन्न विभागों से संबंधित शिकायतें शिविर में रख सकते हैं। जिन शिकायतों का समाधान मौके पर संभव होता है, उनका तत्काल निवारण किया जाता है।

## सर्वसम्मति से अंकित अग्रवाल बने अग्रवाल सभा साढ़ौरा के प्रधान

**टीम एक्शन इंडिया**
**अंतिम प्रजापति साढ़ौरा**

बुधवार शाम को अग्रवाल समाज की एक महत्वपूर्ण बैठक अग्रवाल धर्मशाला, साढ़ौरा में आयोजित की गई। बैठक में समाज के अनेक गणमान्य एवं वरिष्ठ सदस्य उपस्थित रहे। बैठक का मुख्य उद्देश्य अग्रवाल सभा के प्रधान का चयन करना था। जानकारी के मुताबिक बैठक के दौरान समाज के सदस्यों ने आपसी विचार-विमर्श के बाद अंकित अग्रवाल के नाम पर सर्वसम्मति जताई। इसके बाद अंकित अग्रवाल को अग्रवाल सभा, साढ़ौरा का प्रधान सर्वसम्मति से चुना गया। प्रधान चुने जाने के बाद समाज के सदस्यों ने अंकित अग्रवाल को बधाई एवं शुभकामनाएँ दीं। उपस्थित समाज के लोगों ने विश्वास व्यक्त किया कि अंकित अग्रवाल अपनी जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा, ईमानदारी एवं सेवाभाव के साथ निभाते हुए अग्रवाल समाज की एकता, भाईचारे और संगठन को मजबूत करने के लिए कार्य करेंगे। वहीं नवनिर्वाचित प्रधान अंकित अग्रवाल ने समाज के सभी सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसे वे पूरी ईमानदारी और समर्पण के साथ निभाएंगे तथा समाज के सभी लोगों को साथ लेकर चलने का प्रयास करेंगे। इस अवसर पर समाज के वरिष्ठजनों सहित बड़ी संख्या में अग्रवाल समाज के सदस्य उपस्थित रहे।कब्जा सूचनप्रजापति साढ़ौरा



बुधवार शाम को अग्रवाल समाज की एक महत्वपूर्ण बैठक अग्रवाल धर्मशाला, साढ़ौरा में आयोजित की गई। बैठक में समाज के अनेक गणमान्य एवं वरिष्ठ सदस्य उपस्थित रहे। बैठक का मुख्य उद्देश्य अग्रवाल सभा के प्रधान का चयन करना था। जानकारी के मुताबिक बैठक के दौरान समाज के सदस्यों ने आपसी विचार-विमर्श के बाद अंकित अग्रवाल के नाम पर सर्वसम्मति जताई। इसके बाद अंकित अग्रवाल को अग्रवाल सभा, साढ़ौरा का प्रधान सर्वसम्मति से चुना गया। प्रधान चुने जाने के बाद समाज के सदस्यों ने अंकित अग्रवाल को बधाई एवं शुभकामनाएँ दीं। उपस्थित समाज के लोगों ने विश्वास व्यक्त किया कि अंकित अग्रवाल अपनी जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा, ईमानदारी एवं सेवाभाव के साथ निभाते हुए अग्रवाल समाज की एकता, भाईचारे और संगठन को मजबूत करने के लिए कार्य करेंगे।

## बार एसोसिएशन चुनाव में अध्यक्ष पद के लिए पांच उम्मीदवार मैदान में

**संवाददाता नूँह मेवात**
नूह मेवात (लियाकत अली ): जिला बार एसोसिएशन नूंह के चुनाव को लेकर प्रचार जोरों पर है। बृहस्पतिवार को प्रचार के अंतिम दिन सभी उम्मीदवारों ने पूरी ताकत झोंक दी। शुक्रवार को मतदान होगा और शाम तक परिणाम आने की उम्मीद है।

इस बार जिला बार अध्यक्ष पद के लिए पांच उम्मीदवार मैदान में हैं, इसके अलावा महासचिव सहित अन्य पदों के लिए भी चुनाव होना है। शुक्रवार को कोर्ट परिसर में चुनावी माहौल रहेगा और सभी अधिवक्ता मतदान को लेकर तैयार हैं।

जना स्मॉल फाइनेंस बैंक
अनुसूचि कॉमर्शियल बैंक

पंजीकृत कार्यालय: जना स्मॉल फाईनेंस बैंक लिमिटेड- द फेयरवे, ग्राउंड & पहली मंजिल सर्वे नं. 10/1, 11/2 & 12/2/बी, कार्यालय डोमलर, कोरामंगला, इनर रिंग रोड, ईजीएल बिजनेस पार्क के पास, छल्लाघाटा, बैंगलोर- 560071: क्षेत्रीय शाखा: ब्रांच ऑफिस: क्षेत्रीय शाखा कार्यालय: 16/12, दूसरी मंज़िल, W.E.A, आर्य समाज रोड, करोल बाग, दिल्ली-11

सरफेसी अधिनियम, 2002 की धारा 13(2) के तहत मांग नोटिस।

जबकि आप, नीचे बताए गए उधारकर्ता, सह-उधारकर्ता, गारंटर और बंधककर्ता, ने अपनी अचल संपत्तियों को बंधक रखकर जना स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड से ऋण प्राप्त किया है। आप सभी द्वारा की गई चूक के परिणामस्वरूप, आपके ऋण खाते को गैर-निष्पादित संपत्ति के रूप में वर्गीकृत किया गया है; जबकि जना स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड अधिनियम के तहत एक सुरक्षित लेनदार होने के नाते, और उक्त अधिनियम की धारा 13(2) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 2 के साथ पढ़ा जाए), एक मांग नोटिस जारी किया। इस नोटिस में कॉलम संख्या 2 में उल्लिखित उधारकर्ताओं/सह-उधारकर्ताओं/गारंटरों/बंधककर्ताओं से यह मांग की गई थी कि वे नोटिस में उल्लिखित राशि को, उस पर लगने वाले भविष्य के ब्याज सहित, नोटिस की तारीख से 60 दिनों के भीतर चुका दें; परंतु विभिन्न कारणों से, उनमें से कुछ लोगों को ये नोटिस तामील नहीं किए जा सके।

| क्रमांक सं. | ऋण लेने वाले/ सह-ऋण लेने वाले/ गारंटर/ बंधककर्ता का नाम | ऋण खाता नंबर और ऋण राशि | लागू की जाने वाली सुरक्षा का विवरण | एनपीए की तिथि और मांग नोटिस की तिथि | रुपये में देय राशि।/के रूप में |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 1) मिस्टर इंतजार (आवेदक), 2) श्रीमती वकीला (सह-आवेदक) | लोन अकाउंट नंबर 33689410000074 33689610000243 लोन की रकम: 5,00,000/- ?6,00,000 | गिरवी रखी गई अचल संपत्ति: अनुसूची संपत्ति: वह पूरी अचल संपत्ति जिसका हाटा नंबर 159, खतौनी नंबर 190, खसरा नंबर 86 है, और जिसका रकबा 6 मरला का आधा हिस्सा यानी 3 मरला है; यह संपत्ति गांव इस्माइलपुर, HB नंबर 86, सब-तहसील प्रताप नगर, तहसील छछरौली, यमुना नगर, हरियाणा में स्थित है। इसके मालिक श्री इंतजार हैं, जो श्री सादिक के बेटे हैं। | एनपीए की तिथि: 01.09.2026 डिमांड नोटिस की तारीख: 07-09-2026 | 10,90,514/- (दस लाख नब्बे हजार पाँच सौ चौदह रुपये मात्र) 04-09-2026 तक |
| 2 | 1) श्री जसविंदर सिंह (आवेदक), 2)श्रीमती सिमरनजीत सिंह (सह-आवेदक), 3) श्रीमती। गुरविंदर कौर (सह-आवेदक) | लोन अकाउंट नंबर 47919630000522 लोन की राशि: 13,75,000 | गिरवी रखी गई अचल संपत्ति: शेड्यूल प्रॉपर्टी: अचल संपत्ति का वह हिस्सा और टुकड़ा जो खेवट नंबर 1105, खतौनी नंबर 1351, खसरा नंबर 40//1/3 (रकबा 3 कनाल) में से 112/605 हिस्सा बकदार 3.7 मरला/112 वर्ग गज है; यह संपत्ति मौजा सरस्वती नगर, हदबस्त नंबर 444, सब-तहसील सरस्वती नगर, तहसील जगाधरी, जिला यमुना नगर में स्थित है। इसके मालिक श्री सिमरनजीत सिंह, पुत्र श्री जसविंदर सिंह हैं (इसका और अधिक विवरण दस्तावेज नंबर 1189, दिनांक 22.11.2019 में दिया गया है)। सीमाएँ इस प्रकार हैं: पूर्व: भुजा 30 फीट और कंवलजीत सिंह का प्लॉट; पश्चिम: भुजा 30 फीट और जसविंदर सिंह मुकीर की आटा चक्की; उत्तर: भुजा 30 फीट और रामपाल की दुकान व घर; दक्षिण: भुजा 30 फीट और गली। | एनपीए की तिथि: 01.09.2026 डिमांड नोटिस की तारीख: 07-09-2026 | 14,55,683/- (चौदह लाख पचपन हजार छह सौ तिरासी रुपये मात्र) 04.09.2026 तक |

इसलिए, कॉलम नंबर 2 में बताए गए उधारकर्ता/सह-उधारकर्ता/गारंटर और बंधककर्ता (मॉर्गेजर) को सूचित किया जाता है कि वे कॉलम नंबर 6 में दिखाई गई कुल राशि का भुगतान करें। यह भुगतान संबंधित उधारकर्ता/सह-उधारकर्ता के लिए कॉलम नंबर 6 में दी गई तारीख तक देय है और इस नोटिस के प्रकाशन के 60 दिनों के भीतर किया जाना चाहिए। यह स्पष्ट किया जाता है कि यदि कुल राशि के साथ-साथ भविष्य का ब्याज और भुगतान की तारीख तक देय अन्य राशियाँ नहीं चुकाई जाती हैं, तो जना स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड कॉलम नंबर 4 में बताई गई संपत्तियों पर सुरक्षा हित (सिक्योरिटी इंटरेस्ट) लागू करने के लिए उचित कार्रवाई करने को मजबूर होगा। कृपया ध्यान दें कि यह प्रकाशन उन अधिकारों और उपायों पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना किया जा रहा है जो कानून के तहत जना स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड को उक्त वित्तीय मामलों में उधारकर्ता/सह-उधारकर्ता/गारंटर/बंधककर्ता के खिलाफ उपलब्ध हैं। आपसे यह भी अनुरोध है कि ध्यान दें कि उक्त अधिनियम की धारा 13(13) के अनुसार, आपको सुरक्षित लेनदार (सिक्योर्ड क्रेडिटर) की पूर्व सहमति के बिना उपरोक्त सुरक्षा (सिक्योरिटी) का निपटान करने, उससे संबंधित कोई लेन-देन करने या सुरक्षित संपत्ति को बिक्री, पट्टे (लीज) या किसी अन्य तरीके से हस्तांतरित करने से रोका/निषिद्ध किया गया है।

तारीख: 10.09.2026, स्थान: यमुना नगर
हस्ता/- अधिकृत अधिकारी, जना स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड के लिए

# उद्यमियों को 311.25 करोड़ की प्रोत्साहन राशि जारी

## मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने 670 लाभार्थियों को जारी की पहली किस्त, उद्योग एवं वाणिज्य विभाग की विभिन्न योजनाओं के तहत 670 लाभार्थियों को राशि जारी की गई।

**ई- कुबेर**

**670 लाभार्थियों को कुल 311 करोड़ 25 लाख रुपये की पहली प्रोत्साहन राशि ई-कुबेर (कोषागार) के माध्यम से जारी की**




हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी चंडीगढ़ में ऑनलाइन माध्यम से विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के अंतर्गत लाभार्थियों को वित्तीय सहायता वितरित करते हुए। (10.09.2026)



**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बजट घोषणा के अनुरूप प्रोत्साहनों के वितरण में पारदर्शिता और समयबद्धता सुनिश्चित करते हुए एमएसएमई निदेशालय और उद्योग एवं वाणिज्य निदेशालय की विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत 670 लाभार्थियों को कुल 311 करोड़ 25 लाख रुपये की पहली प्रोत्साहन राशि ई-कुबेर (कोषागार) के माध्यम से जारी की। मुख्यमंत्री ने गुरुवार को हरियाणा निवास में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान बताया कि बजट प्रस्तुत करते समय घोषणा की गई थी कि इन्वेस्ट हरियाणा पोर्टल पर आवेदन जमा करने और आवश्यक जांच पूरी होने के बाद पात्र प्रोत्साहन राशि का 50 प्रतिशत सात कार्य दिवसों के भीतर अग्रिम रूप से जारी किया जाएगा। शेष 50 प्रतिशत पात्र प्रोत्साहन राशि आवेदन की विस्तृत जांच पूरी होने के बाद 45 कार्य दिवसों के भीतर जारी की जाएगी।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार अपनी इस प्रतिबद्धता के अनुरूप प्रोत्साहनों का समयबद्ध वितरण सुनिश्चित करने, उद्यमियों को हर संभव सहयोग देने और हरियाणा में एमएसएमई क्षेत्र को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है। प्रोत्साहनों का समय पर वितरण उद्यमों के लिए महत्वपूर्ण है और इससे प्रदेश में निवेश को बढ़ावा मिलेगा।

हरियाणा की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने, रोजगार सृजित करने और प्रदेशवासियों के लिए नए अवसर पैदा करने में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों (एमएसएमई), मेगा एवं बड़े उद्योगों की महत्वपूर्ण भूमिका है। जारी की गई प्रोत्साहन राशि में एमएसएमई विभाग की हरियाणा उद्यम एवं रोजगार नीति के तहत 539 लाभार्थियों को 45.44 करोड़ रुपये, लॉजिस्टिक्स, वेयरहाउसिंग और रिटेल नीति के तहत चार लाभार्थियों को 9.29 करोड़ रुपये तथा उद्योग निदेशालय की हरियाणा उद्यम एवं रोजगार नीति के तहत 16 लाभार्थियों को 144.16 करोड़ रुपये शामिल हैं। इसके अलावा, प्लग एंड प्ले योजना के तहत 10 लाभार्थियों को 24.53 करोड़ रुपये की राशि जारी की गई। आत्मनिर्भर टेक्सटाइल नीति के तहत 98 लाभार्थियों को 65.18 करोड़ रुपये, प्रोग्राम टू एक्सलरेट डेवलपमेंट फॉर एमएसएमई एडवांसमेंट (पीएडीएमए) के तहत दो लाभार्थियों को 20.54 करोड़ रुपये तथा एमएसई क्लस्टर विकास कार्यक्रम के तहत एक क्लस्टर विकास के लिए 2.11 करोड़ रुपये की राशि प्रदान की

## 50 लाख से अधिक लाभार्थियों को 1,890 करोड़ रुपये जारी

**लाभार्थी**

**मुख्यमंत्री ने 50 लाख 28 हजार 208 पात्र लाभार्थियों को 1,890 करोड़ 16 लाख रुपये ट्रांसफर किए**

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने विभिन्न योजनाओं के तहत 50 लाख 28 हजार 208 पात्र लाभार्थियों के बैंक खातों में सीधे 1,890 करोड़ 16 लाख रुपये की राशि जारी की। इसमें दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना की किस्त, बुजुर्गों व दिव्यांगों की सामाजिक सुरक्षा पेंशन, जरूरतमंद परिवारों को दयालु योजना की आर्थिक सहायता, गृहिणियों को गैस सब्सिडी और किसानों को भावांतर भरपाई सहित विभिन्न योजनाओं की राशि शामिल है। मुख्यमंत्री ने कहा कि डबल इंजन सरकार का संकल्प है कि हर पात्र व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का लाभ सीधे, पारदर्शी और समयबद्ध तरीके से पहुंचे। मुख्यमंत्री ने गुरुवार को हरियाणा निवास में आयोजित प्रेस वार्ता में बताया कि दीन दयाल लाडो लक्ष्मी योजना की 11वीं किस्त के रूप में 10 लाख 10 हजार लाभार्थी बहनों के खातों में 212 करोड़ 16 लाख रुपये डाले गए हैं। योजना के तहत अब तक 11 किस्तों में 2,254 करोड़ 47 लाख रुपये जारी किए जा चुके हैं। उन्होंने बताया कि 17 सितंबर से 1 लाख 80 हजार रुपये तक वार्षिक आय वाले परिवारों को भी योजना का लाभ मिलना शुरू हो जाएगा। राज्य सरकार ने चालू वित्त वर्ष के बजट में लाडो लक्ष्मी योजना के लिए 6,500 करोड़ रुपये का प्रावधान किया है।

**35 लाख से अधिक लाभार्थियों को 1,129 करोड़ रुपये की सामाजिक सुरक्षा पेंशन**

मुख्यमंत्री ने कहा कि विभिन्न 15 सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं के तहत 35 लाख 6 हजार 841 लाभार्थियों के खातों में 1,129 करोड़ 5 लाख रुपये सीधे ट्रांसफर किए गए हैं। इनमें वृद्धावस्था सम्मान भत्ता, दिव्यांग भत्ता सहित अन्य सामाजिक सुरक्षा पेंशन शामिल हैं।

उन्होंने कहा कि सरकार ने व्यवस्था परिवर्तन करते हुए प्रो-एक्टिव मॉडल अपनाया है। परिवार पहचान पत्र के डेटाबेस के आधार पर पात्रता स्वयं निर्धारित होती है और पात्र नागरिकों को बिना कार्यालयों के चक्कर काटे तथा बिना आवेदन किए घर बैठे सामाजिक सुरक्षा पेंशन का लाभ मिल रहा है। डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर के माध्यम से किया जा रहा भुगतान पारदर्शिता और सुशासन के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता का प्रतीक है। इसके अलावा, दयालु योजना के तहत 4,520 परिवारों को 168 करोड़ 13 लाख 21 हजार रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की गई है। इनमें दयालु योजना-2 के 70 परिवार भी शामिल हैं। आज जारी राशि को मिलाकर अब तक 89 हजार 56 परिवारों को 3,320 करोड़ 61 लाख 21 हजार रुपये की आर्थिक सहायता दी जा चुकी है।

**5 लाख बहनों को 19.68 करोड़ रुपये की गैस सब्सिडी**

मुख्यमंत्री ने कहा कि हर घर-हर गृहिणी योजना के तहत जुलाई माह में गैस सिलेंडर रिफिल करवाने वाली 5 लाख बहनों के बैंक खातों में 19 करोड़ 68 लाख रुपये की सब्सिडी ट्रांसफर की गई है।

**न्यूज फ्लैश**

### इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में हरियाणा की भागीदारी

**चंडीगढ।** जम्मू-कश्मीर की राजधानी श्रीनगर में आयोजित चार दिवसीय ₹इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल जम्मू-कश्मीर₹ में हरियाणा ने भागीदार राज्य के रूप में सक्रिय भागीदारी की। जम्मू एवं कश्मीर सरकार के सूचना एवं जनसंपर्क विभाग द्वारा आयोजित इस फिल्म फेस्टिवल में हरियाणा के अलावा देश के विभिन्न राज्यों ने भी प्रतिभागिता की। फेस्टिवल में लगाए गए हरियाणा स्टॉल को फिल्मकारों, फिल्म एवं मीडिया से जुड़े विद्यार्थियों तथा युवाओं ने विशेष रुचि के साथ देखा। स्टॉल पर आगंतुकों को हरियाणा में फिल्म निर्माण एवं शूटिंग की संभावनाओं, उपलब्ध सुविधाओं और राज्य सरकार की हरियाणा फिल्म पॉलिसी-2022 के तहत फिल्मकारों को दिए जा रहे प्रोत्साहनों की जानकारी दी गई। इस अवसर पर फिल्मकारों को बताया गया कि हरियाणा सरकार फिल्म निर्माण को बढ़ावा देने के लिए फिल्म नीति के अंतर्गत विभिन्न प्रकार की सब्सिडी एवं प्रोत्साहन उपलब्ध करवा रही है। साथ ही, प्रदेश में शूटिंग के लिए अनुमति की प्रक्रिया को सरल एवं सुविधाजनक बनाया गया है, ताकि फिल्म निमार्ताओं को अनावश्यक प्रक्रियात्मक कठिनाइयों का सामना न करना पड़े और वे आसानी से हरियाणा की विभिन्न लोकेशंस पर शूटिंग कर सकें। हरियाणा के स्टॉल पर यह भी जानकारी दी गई कि मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में राज्य सरकार हरियाणा को फिल्म निर्माण के एक आकर्षक और संभावनाशील केंद्र के रूप में विकसित करने के लिए निरंतर प्रयासरत है। राज्य सरकार का उद्देश्य हरियाणा की समृद्ध ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक विरासत, कला, लोक परंपराओं और विविध भौगोलिक लोकेशंस को देश-विदेश के फिल्मकारों के सामने प्रभावी ढंग से प्रस्तुत करना है।

**नशे के खिलाफ अभियान पर पंजाब सरकार को घेरा**

पंजाब के मुख्यमंत्री द्वारा नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान से जुड़े सवाल पर मुख्यमंत्री ने कहा कि पंजाब सरकार नशा रोकथाम में पूरी तरह विफल साबित हुई है। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार युवाओं को नशे से दूर रखकर उन्हें खेल और शिक्षा से जोड़ रही है तथा नशामुक्त हरियाणा के संकल्प के साथ आगे बढ़ रही है। युवाओं को अपनी प्रतिभा निखारने और आगे बढ़ने के अवसर देने के लिए जमीनी स्तर पर खेल संसाधनों को मजबूत किया जा रहा है।

**विपक्ष के पास मुद्दे नहीं, फोटो खिंचवाकर कर रहे राजनीति**

मुख्यमंत्री ने कहा कि विपक्ष के पास सरकार के खिलाफ कोई मुद्दा नहीं बचा है। जिन विकास कार्यों के टेंडर सरकार पहले ही जारी कर चुकी है, विपक्ष के नेता उन्हीं स्थानों पर जाकर फोटो खिंचवाते हैं और सोशल मीडिया पर बयानबाजी करते हैं। उन्होंने कहा कि हरियाणा की डबल इंजन भाजपा सरकार धरातल पर काम कर रही है। हरियाणा में सफाई कर्मचारियों की हड़ताल से जुड़े सवाल पर मुख्यमंत्री ने कहा कि वाल्मीकि समाज का हर व्यक्ति उनके परिवार का सदस्य है।

## हिसार में आईएमसी का निर्माण तेज करें: सीएम

**समीक्षा**

**75 करोड़ रुपये से अधिक लागत वाली स्टेट प्रगति पोर्टल की 11 परियोजनाओं की समीक्षा की**

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ।** हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि हिसार में एयरपोर्ट के पास विकसित किए जा रहे आईएमसी (इंटीग्रेटेड मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर) के निर्माण कार्य में तेजी लाई जाए। उन्होंने कहा कि आईएमसी के निर्माण से हिसार और आसपास के क्षेत्रों में आर्थिक एवं औद्योगिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा तथा क्षेत्र के विकास को नई गति मिलेगी।

मुख्यमंत्री बृहस्पतिवार को प्रदेश में स्टेट प्रगति पोर्टल के तहत चल रही 75 करोड़ रुपये से अधिक लागत वाली विभिन्न विकास परियोजनाओं की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में विभिन्न विभागों से संबंधित 11 विकास परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। इस दौरान नागरिक उड्डयन, ऊर्जा तथा हरियाणा राज्य औद्योगिक एवं अवसंरचना विकास निगम (एचएसआईआईडीसी) से जुड़ी महत्वपूर्ण परियोजनाओं की विस्तृत समीक्षा की गई। मुख्यमंत्री ने स्वर्ण जयंती इंटीग्रेटेड एविएशन हब, हिसार के फेज-2 की प्रगति की भी समीक्षा की। अधिकारियों ने एयरपोर्ट इंफ्रास्ट्रक्चर, नए टर्मिनल एवं एटीसी भवन, जलापूर्ति, ड्रेनेज सिस्टम तथा अन्य संबंधित कार्यों की स्थिति से मुख्यमंत्री को अवगत कराया। मुख्यमंत्री ने कहा कि हिसार से देश के विभिन्न हिस्सों के लिए उड़ानों की संख्या बढ़ाने की संभावनाएं तलाशी जाएं। उन्होंने जहां तक संभव हो, कनेक्टिंग फ्लाइट्स को बढ़ावा देने पर भी जोर दिया, ताकि अधिक से अधिक यात्रियों को इसका लाभ मिल सके।अधिकारियों ने बताया कि हिसार में 1578 एकड़ भूमि पर हरियाणा एकीकृत विनिर्माण समूह (आईएमसी) परियोजना विकसित करने की दिशा में तेजी से कार्य किया जा रहा है। परियोजना के लिए आवश्यक 100 प्रतिशत भूमि सरकार के पास उपलब्ध है तथा पर्यावरण मंजूरी भी प्राप्त हो चुकी है। निर्माण कार्य के लिए निविदा प्रक्रिया पूरी कर ली गई है और निविदाओं के मूल्यांकन एवं चयन की प्रक्रिया अंतिम चरण में है। इसके बाद निर्माण कार्य शुरू कर दिया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि आईएमसी से संबंधित निर्माण कार्यों में किसी भी प्रकार की देरी नहीं होनी चाहिए।

## जन शिकायतों के त्वरित समाधान से मजबूत हो रहा जनविश्वास: राव




**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ।** हरियाणा सरकार में उद्योग एवं वाणिज्य, पर्यावरण, वन एवं वन्य जीव मंत्री तथा जिला लोक संपर्क एवं परिवाद निवारण समिति, पलवल के अध्यक्ष राव नरबीर सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार आमजन को पारदर्शी, जवाबदेह और संवेदनशील शासन उपलब्ध कराने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। जिला लोक संपर्क एवं परिवाद निवारण समिति की बैठकें आम नागरिकों की समस्याओं को सीधे सरकार और जिला प्रशासन के समक्ष रखने तथा उनके त्वरित समाधान का प्रभावी माध्यम बन रही हैं।

राव नरबीर सिंह की अध्यक्षता में बृहस्पतिवार को पलवल में आयोजित बैठक में आमजन की कुल 15 शिकायतें सुनवाई के लिए प्रस्तुत की गईं। इनमें से 11 शिकायतों का मौके पर ही निवारण कर दिया गया, जबकि शेष चार शिकायतों पर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि शिकायतों के

## मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में जिला कष्ट निवारण समिति की बैठक 12 को

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की अध्यक्षता में 12 सितंबर को जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति सिरसा की बैठक आयोजित की जाएगी। बैठक में एक लंबित और 14 नई शिकायतों सहित कुल 15 शिकायतें रखी जाएंगी। प्रशासन ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वे अपने-अपने विभागों से संबंधित शिकायतों का संपूर्ण रिकॉर्ड एवं आवश्यक दस्तावेज साथ लेकर बैठक में उपस्थित होना सुनिश्चित करें। अधिकारियों को शिकायतों से जुड़े सभी तथ्यों और कार्रवाई की जानकारी भी तैयार रखने के निर्देश दिए गए हैं।

## वाटरशेड विकास के लिए दो लाख एकड़ भूमि का लक्ष्य तय करें: मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी



**समीक्षा**

**जल संरक्षण की 16 गतिविधियों के तहत 531 कार्य पूरे, 77500 एकड़ भूमि को मिला रिचार्ज व सिंचाई का लाभ**

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि वाटरशेड डिवेलपमेंट कंपोनेंट के तहत प्रदेश में दो लाख एकड़ से अधिक भूमि को शामिल करने का लक्ष्य निर्धारित कर प्रस्ताव तैयार किए जाएं। उन्होंने अधिक से अधिक खंडों को इस योजना में शामिल करने के निर्देश दिए, ताकि जल संरक्षण और सिंचाई सुविधाओं का लाभ किसानों तक व्यापक स्तर पर पहुंचाया जा सके। मुख्यमंत्री सोमवार को वाटरशेड डिवेलपमेंट कंपोनेंट, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना-2.0 की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में अधिक से अधिक किसानों को गन्ने की फसल की बिजाई में टपका सिंचाई प्रणाली अपनाने के लिए जागरूक किया जाए। मोरनी और शिवालिक क्षेत्र में चेक डैम, जल संरक्षण तथा पेयजल गतिविधियों के लिए उपयुक्त स्थलों को चिह्नित करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि बरसाती पानी को एकत्र कर उसका उपयोग पेयजल योजनाओं के लिए किया जा सकता है। इससे वर्षा जल का संरक्षण होने के साथ-साथ भूजल स्तर में सुधार लाने में भी मदद मिलेगी। मुख्यमंत्री ने एक्सीलरेटिड इरिगेशन बेनिफिट प्रोग्राम, हर खेत को पानी, पर ड्रॉप मोर क्रॉप, वाटरशेड डिवेलपमेंट कंपोनेंट, सघन वाटरशेड डिवेलपमेंट मैनेजमेंट प्रोग्राम, भूमि एवं जल संरक्षण गतिविधियों तथा अटल भूजल योजना की विस्तार से समीक्षा की।

## काले कपड़ों पर बोले सीएम सैनी, कहा- जनता नहीं भूली काले कारनामे



**साधा निशाना**

**कांग्रेस व आप पर साधा निशाना, कहा- घोषणाओं की टॉफियां बांटने के बजाय सरकार ने बदली व्यवस्था**

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ।** हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि काले कपड़े पहनकर विधानसभा के पवित्र सदन में आने वाले कांग्रेस के नेता भले ही अपने शासनकाल के काले कारनामे भूल गए हों, लेकिन जनता उनके शोषण और अत्याचार को नहीं भूली है। उन्होंने कहा कि लोगों को आज भी याद है कि कांग्रेस की नीतियां जनहित की बजाय लोगों को प्रताड़ित करने वाली थीं। गरीबों को योजनाओं का लाभ लेने के लिए दफ्तरों के चक्कर लगाने पड़ते थे, बुजुर्ग पेंशन के लिए भटकते थे, लोगों को गैस सिलेंडर लेने के लिए कई-कई दिन लाइनों में लगना पड़ता था और युवाओं को नौकरियों के लिए भ्रष्ट व्यवस्था से जूझना पड़ता था।

मुख्यमंत्री ने यह बात बृहस्पतिवार को हरियाणा निवास में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान पत्रकारों के सवालों के जवाब में कही। उन्होंने हरियाणा और पंजाब की कांग्रेस तथा आम आदमी पार्टी को निशाने पर लेते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियों पर सवाल उठाने से पहले विपक्षी दलों को अपने गिरेबान में झांकना चाहिए। उन्होंने कहा कि हरियाणा में कांग्रेस ने राहुल गांधी के कहने पर काले कपड़े पहन लिए हैं तो राहुल गांधी को भी काले कपड़े पहन लेने चाहिए। कांग्रेस नेताओं, विशेषकर भूपेंद्र सिंह हुड्डा को जनता को बताना चाहिए कि उनके शासनकाल में गरीबों, युवाओं, महिलाओं, बुजुर्गों और आम आदमी के लिए क्या व्यवस्था थी।

**कांग्रेस ने घोषणाओं की टॉफियां बांटीं, हमने सीधे खाते में पहुंचाया लाभ**

मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस और विपक्षी दलों की सरकारों में वोट हासिल करने के लिए घोषणाएं की जाती थीं। उन्होंने आरोप लगाया कि इन दलों की राजनीति लोगों को घोषणाओं की टॉफियां बांटकर सत्ता हासिल करने तक सीमित रही। सत्ता में आने के बाद इन घोषणाओं को भूलकर चुनाव के समय फिर नई घोषणाओं के जरिए लोगों को बरगलाने का काम किया जाता था। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में इस व्यवस्था को बदलने का काम हुआ है। आज सरकार विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की राशि सीधे पात्र लाभार्थियों के बैंक खातों में पहुंचा रही है। डबल इंजन की सरकारें गरीबों को मजबूत करने, महिलाओं को सशक्त बनाने, बुजुर्गों को सम्मान के साथ जीवन जीने और युवाओं को आगे बढ़ने के अवसर उपलब्ध करवाने के लिए काम कर रही हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि चुनाव पूर्व किए गए वादे के अनुरूप दीनदयाल लाडो लक्ष्मी योजना के माध्यम से माताओं-बहनों के बैंक खातों में प्रतिमाह 2100 रुपये की आर्थिक सहायता भेजी जा रही है।

## हरियाणा में एनीमिया के खिलाफ 100-दिवसीय अभियान शुरू

**अभियान**

**17 सितंबर से शुरू होगा सघन अभियान, हर चिन्हित मामले की जांच, उपचार और परिणाम तक होगी ट्रैकिंग**

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़।** हरियाणा की स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ. सुमिता मिश्रा ने राज्य में एनीमिया के बोझ को अगले एक वर्ष के भीतर 10 अंक तक कम करने का महत्वाकांक्षी लक्ष्य निर्धारित किया है। यह कदम हरियाणा द्वारा एनीमिया मुक्त भारत अभियान के तहत विस्तारित 7७7७ ढांचे को लागू करने की तैयारियों के बीच उठाया गया है। डॉ. मिश्रा ने गुरुवार को चंडीगढ़ में राज्य स्तरीय एनीमिया मुक्त हरियाणा कार्यशाला को संबोधित करते हुए कहा कि 17 सितंबर से 100 दिनों का सघन अभियान शुरू किया जाएगा। अभियान के दौरान प्रत्येक लाभार्थी तक पहुंचने, आपूर्ति श्रृंखला के अंतिम छोर को मजबूत करने तथा एनीमिया से चिन्हित प्रत्येक मामले की जांच और उपचार सुनिश्चित करने पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। साथ ही, वांछित स्वास्थ्य परिणाम मिलने तक संबंधित व्यक्ति की ट्रैकिंग भी की जाएगी।

उन्होंने बताया कि 7७7७ दृष्टिकोण एनीमिया से निपटने की एक समग्र रणनीति है, जिसमें सात प्रमुख लक्षित समूहों पर ध्यान केंद्रित किया जाता है। इसके तहत , जांच एवं उपचार, तथा पोषण संबंधी परामर्श जैसी सात प्रमुख पहलों को लागू किया जाता है। इसके साथ ही सात प्रणालियों को मजबूत किया जाता है, ताकि संबंधित स्वास्थ्य सेवाएं लाभार्थियों तक नियमित रूप से पहुंचती रहें।

## 100 दिनों में संगठन से समाज तक पहुंचीं भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डॉ गुप्ता



**आत्मीय संवाद**

**टिफिन बैठक के माध्यम से कार्यकर्ताओं से आत्मीय संवाद का सिलसिला हुआ शुरू**

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ।** भारतीय जनता पार्टी हरियाणा की प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता के प्रदेशाध्यक्ष के रूप में 100 दिन पूरे हो गए हैं। 28 मई 2026 को प्रदेश अध्यक्ष की जिम्मेदारी मिलने और 3 जून को पंचकूला स्थित पंचकमल कार्यालय में पदभार ग्रहण करने के बाद इन 100 दिनों में उन्होंने संगठन को केवल बैठकों और कार्यालयों तक सीमित रखने के बजाय कार्यकताओं, सामाजिक संगठनों, युवाओं, महिलाओं और विभिन्न वर्गों के बीच पहुंच बनाने पर विशेष जोर दिया। प्रदेश की दूसरी महिला भाजपा प्रदेशाध्यक्ष के रूप में उनकी कार्यशैली में संगठनात्मक सक्रियता के साथ सामाजिक सरोकार, सेवा, धार्मिक-सांस्कृतिक जुड़ाव और राष्ट्रभाव प्रमुख रूप से दिखाई दिया। डॉ. अर्चना गुप्ता ने प्रदेशाध्यक्ष बनने के बाद सबसे पहले कार्यकर्ता संवाद को संगठन की प्राथमिकता बनाया। उनके आवास पर सुबह से शाम तक प्रदेश के अलग-अलग क्षेत्रों से आने वाले कार्यकताओं से सीधा संवाद हुआ। उन्होंने कार्यकर्ताओं की समस्याएं सुनीं, सुझाव लिए और संगठनात्मक विषयों पर खुलकर चर्चा की। जिलों के प्रवास को उन्होंने महज औपचारिकता न बनाकर कार्यकताओं के बीच पहुंचने और उनसे आत्मीय संबंध बनाने का माध्यम बनाया। इन 100 दिनों में प्रदेश के विभिन्न जिलों में लगातार प्रवास करते हुए उन्होंने करीब 25 हजार किलोमीटर की यात्रा की। सभी 27 संगठनात्मक जिलों में कार्यकताओं के स्वागत, बैठकों और संवाद कार्यक्रमों ने संगठन में नई ऊर्जा का संचार किया। भीषण गर्मी के बावजूद पैदल, साइकिल, मोटरसाइकिल और पारंपरिक साधनों से कार्यकर्ताओं का स्वागत प्रदेशभर में संगठन के प्रति उत्साह और जुड़ाव का प्रतीक बना। संगठन और सरकार के समन्वय को बेहतर बनाते हुए भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डॉ अर्चना गुप्ता ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के साथ जबरदस्त बांडिंग करते हुए कार्यकताओं के माध्यम से लगातार जनकल्याणकारी योजनाओं को पात्र तक पहुंचाने और उन्हें लाभार्थी बनाने पर बल दिया। संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने के लिए बूथ सक्रियता, मंडल बैठकों, शक्ति केंद्रों की सक्रियता और डिजिटल प्रशिक्षण पर भी विशेष ध्यान दिया गया।

# नशा तस्करी से जुड़े परिवार के मकान पर चला जेसीबी, महिलाओं ने किया विरोध

**टीम एक्शन इंडिया**
**नितिन सिंगला**

**जगाधरी ।** हमीदा क्षेत्र की आत्मापुरी कॉलोनी में गुरुवार को प्रशासन ने नशा तस्करी से जुड़े परिवार के मकान पर कार्रवाई करते हुए उसे जेसीबी से ध्वस्त कर दिया। नगर निगम की टीम ड्यूटी मजिस्ट्रेट और भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंची। कार्रवाई से पहले मकान में रह रही महिलाओं और बच्चों को बाहर निकाला गया तथा घर का सामान भी बाहर निकलवाया गया। पूरी प्रक्रिया की वीडियोग्राफी कराई गई और मौके पर गवाह भी बनाए गए।

प्रशासन के अनुसार आत्मापुरी कॉलोनी में नियमों के विपरीत बने मकानों को लेकर पहले नोटिस जारी किए गए थे। हमीदा क्षेत्र में ऐसे नौ मकान चिन्हित किए गए हैं। इनमें कुछ मामलों में संबंधित लोगों ने न्यायालय से स्टे ले रखा है, जबकि बिना न्यायालयी रोक वाले मामलों में नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में गुरुवार को दो मकानों पर कार्रवाई की गई।

**महिलाओं ने किया विरोध**

नगर निगम की टीम कार्रवाई के लिए पहुंची तो मकान में मौजूद महिलाओं ने विरोध किया। मुस्तरी नामक महिला अधिकारियों के सामने हाथ जोड़कर मकान नहीं तोड़ने की गुहार लगाती रही। पुलिस ने महिलाओं को समझाकर मकान से बाहर निकाला, जिसके बाद तोड़फोड़ की कार्रवाई शुरू हुई।



मुस्तरी ने अधिकारियों को बताया कि मकान उसके नाम पर है और उसने काफी मुश्किलों से इसे बनवाया है। उसका दावा था कि उसके बेटे नईम और मुस्तकीम को वह पहले ही बेदखल कर चुकी है और इससे संबंधित दस्तावेज उसके पास हैं।

परिवार की ओर से यह भी कहा गया कि मामला न्यायालय में विचाराधीन है।

**कोर्ट में याचिका का हवाला, नहीं दिखा सके स्टे**

कार्रवाई के दौरान परिवार की ओर से कोर्ट में याचिका विचाराधीन होने की बात कही गई। बाद में उनका अधिवक्ता भी मौके पर पहुंचा। अधिवक्ता ने बताया कि मामले की अगली सुनवाई 12 अक्टूबर को है। हालांकि मौके पर मकान तोड़ने से रोकने संबंधी कोई स्टे ऑर्डर प्रस्तुत नहीं किया जा सका। इसके बाद प्रशासन ने कार्रवाई जारी रखी।

**नईम और मुस्तकीम पर एनडीपीएस एक्ट के आठ मामले**

पुलिस के अनुसार मकान से जुड़े परिवार के कुछ सदस्य नशे के कारोबार से संबंधित मामलों में आरोपी हैं। मुस्तरी के बेटे नईम और मुस्तकीम के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत आठ मामले दर्ज हैं और दोनों कई बार जेल जा चुके हैं। पुलिस के अनुसार नशे के कारोबार में संलिप्तता को देखते हुए प्रशासनिक कार्रवाई की सिफारिश की गई थी।

हालांकि पुलिस ने स्पष्ट किया कि मकान गिराने की कार्रवाई पुलिस विभाग की ओर से नहीं, बल्कि संबंधित प्रशासनिक विभाग और नगर निगम द्वारा अवैध निर्माण को लेकर की गई है।

**जांच में अवैध मिला निर्माण**

नगर निगम अधिकारियों के अनुसार मकान से संबंधित दस्तावेजों की जांच में निर्माण नियमों के विपरीत पाया गया। इसके बाद मकान मालिक को नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया था। प्रशासन का दावा है कि निर्धारित प्रक्रिया के बावजूद संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर नियमानुसार कार्रवाई की गई।

## न्यूज फ्लैश

### लॉर्ड कृष्णा पब्लिक स्कूल में विधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अंबाला के तत्वावधान में आज लॉर्ड कृष्णा पब्लिक स्कूल, राम नगर, अंबाला कैंट में विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन सुश्री नेहा परवीन, पैरा लीगल वालंटियर डीएलएसए अंबाला द्वारा किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को बाल यौन अपराध संरक्षण अधिनियम, 2012 के विभिन्न प्रावधानों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। विशेष रूप से नाबालिगों की सहमति से संबंधित कानूनी स्थिति तथा अधिनियम के तहत यौन अपराधों के लिए निर्धारित दंडात्मक प्रावधानों के बारे में जागरूक किया गया।

इसके अतिरिक्त विद्यार्थियों को नालसा डाउन स्कीम, 2025 के संबंध में जानकारी प्रदान की गई। साथ ही दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम, 2016 (राइट्स ऑफ पर्सन्स वीथ डिसएबिलिटीज एक्ट, 2016),यौन शोषण से सुरक्षा एवं उपलब्ध कानूनी उपचार तथा महिलाओं और बच्चों को घरेलू हिंसा से संरक्षण प्रदान करने वाले कानूनी प्रावधानों के बारे में भी जागरूक किया गया। कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों को उनके कानूनी अधिकारों, व्यक्तिगत सुरक्षा, शोषण एवं हिंसा के विरुद्ध उपलब्ध संरक्षण तथा सहायता प्राप्त करने के विभिन्न माध्यमों के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी मिली। विद्यार्थियों ने कार्यक्रम में रुचिपूर्वक भाग लिया और अपने अधिकारों एवं कानूनी संरक्षण से संबंधित विषयों को समझा। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में कानूनी जागरूकता बढ़ाना तथा उन्हें किसी भी प्रकार के शोषण, हिंसा अथवा अन्याय की स्थिति में उपलब्ध विधिक सहायता एवं सहायता तंत्र के प्रति जागरूक करना था।

### नैशनल लोक अदालत में बैंक व अन्य 714 मामलों का निपटारा

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** जिला एवं सत्र न्यायधीश व अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अम्बाला वीरेंद्र मालिक के निदेर्शाअनुसार सीजेएम एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण गीतांजली गोयल के मार्गदर्शन में परमानेंट लोक अदालत में एक नैशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया, जिसमें केनरा बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा, आईडीएफसी, आईसीआईसीआई, बीएसएनएल, इलेक्ट्रिसिटी बिल्स और बैंक रिकवरी के 714 केस नैशनल लोक अदालत में रखे गए और 714 मुकदमो का निपटारा किया गया एंव 12,62,750/-की राशि का भुगतान किया गया। आज नेशनल लोक अदालत में कुल 714 केस दर्ज किए गए और 12,62,750/- की राशि का भुगतान किया गया। अधिक जानकारी देते हुए श्रीमती गीतांजली गोयल ने बताया कि नैशनल लोक अदालत की सभी तैयारियाँ पूरी हो चुकी हैं।

इसी कड़ी में अलग-अलग बैंच बनाये गए हैं। उन्होंने बताया कि नैशनल लोक अदालत का आयोजन 12 सितम्बर 2026 को अम्बाला एवं नारायणगढ़ की सभी अदालतो में होना सुनिश्चित किया गया है। उन्होंने जन साधारण से अपील की है कि यदि कोई भी व्यक्ति अपने केस को नेशनल लोक अदालत मे निपटारा करवाना चाहता है तो वह संम्बधित न्यायलय में अपने केस को लगवा सकता है। नेशनल लोक अदालत ने बैंक संबधी मुकदमें, अपराधिक मामला संबधी मुकदमें, इलेक्ट्रिक्टी वाहन दुर्घटना संबधी मुकदमे, परिवारिक विवाद संबंधी मुकदमे, चेक संबंधी मुकदमे, दीवानी केस संबधी मुकदमे और समरी संबधी मुकदमो का निपटारा किया जाएगा। अधिक जानकारी के लिए जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण अम्बाला के हेल्प लाइन नंबरः 0171-2532142 तथा नालसा हेल्प लाइन नंबर 15100 पर संपर्क किया जा सकता है ।

# विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग-2027 के लिए अंबाला में युवाओं को किया जागरूक



**टीम एक्शन इंडिया**
**आशीष श्रीवास्तव, अंबाला।**

**जागरूक किया**

**युवाओं से अधिक से अधिक संख्या में वीबीवाईएलडी-2027 में भाग लेने का आह्वान किया**

युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत मेरा युवा भारत द्वारा आयोजित विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग - 2027 के संबंध में पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस अंबाला में प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। प्रेस कॉन्फ्रेंस में उप निदेशक मेरा युवा भारत अंबाला सुश्री दीक्षा मिश्रा, एमिनेंट पर्सन अर्पित अग्रवाल तथा लेखा एवं कार्यक्रम सहायक अनुराग उपस्थित रहे। प्रेसवार्ता में सुश्री दीक्षा मिश्रा ने बताया कि विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग-2027 का उद्देश्य देश के युवाओं को विकसित भारत-2047 के निर्माण में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित करना तथा युवाओं को अपने विचार, नवाचार एवं समाधान प्रस्तुत करने के लिए राष्ट्रीय मंच उपलब्ध कराना है।

उन्होंने बताया कि 15 वर्ष से 29 वर्ष की आयु के युवा मेरा युवा भारत पोर्टल के माध्यम से वीबीवाईएलडी-2027 के विभिन्न चरणों में भाग ले सकते हैं। वर्तमान में विकसित भारत चैलेंज ट्रैक के अंतर्गत क्विज का आयोजन 30 सितंबर 2026 तक किया जा रहा है। क्विज में सफल प्रतिभागियों को आगे निबंध जिला एवं राज्य स्तरीय चरणों में प्रतिभाग करने का अवसर मिलेगा। साथ ही उन्होंने युवाओं से अधिक से अधिक संख्या में वीबीवाईएलडी-2027 में भाग लेने का आह्वान किया। एमिनेंट पर्सन अर्पित अग्रवाल ने बताया कि भारत की युवा शक्ति देश के विकास की सबसे बड़ी ताकत है और युवाओं के विचार एवं नवाचार विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे मेरा युवा भारत पोर्टल के माध्यम से पंजीकरण कर विकसित भारत के निर्माण से जुड़े विषयों पर अपने विचार एवं समाधान प्रस्तुत करें।

# पूर्व राज्यमंत्री असीम गोयल ने जनसुनवाई में लोगों की सुनी समस्याएं



**जनसुनवाई**

**अम्बाला शहर विधानसभा क्षेत्र से आए लोगों की समस्याओं को सुना और दिया आश्वासन**

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला: पूर्व** राज्यमंत्री असीम गोयल नन्यौला ने जन सुनवाई कार्यक्रम के तहत अम्बाला शहर विधानसभा क्षेत्र से आए लोगों की समस्याओं को सुना और सम्बन्धित प्रार्थियों को आश्वस्त किया कि उनकी सभी समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान सुनिश्चित होगा। कुछ समस्याओं के तहत उन्होंने सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों को फोन कर समस्याओं का तीव्रता से समाधान करने बारे निर्देश भी दिए।

पूर्व राज्यमंत्री असीम गोयल नन्यौला ने जन सुनवाई कार्यक्रम के तहत यहां पहुंचे लोगों की समस्याओं को विस्तारपूर्वक सुना। उन्होंने कहा कि आज जन सुनवाई कार्यक्रम के तहत लोगों ने विकास कार्यों से सम्बन्धित जो बातें रखी हैं उन सभी बातों के तहत विकास कार्यों को चरणबद्ध तरीके से करवाने का काम किया जाएगा।

जन सुनवाई कार्यक्रम के तहत एचकेआरएन के कर्मचारियों ने अपनी समस्या बारे, वार्ड नम्बर 1 से आए लोगों ने ट्यूबवैल से सम्बधिंत समस्या बारे, वार्ड नम्बर 14 से आए लोगों ने सडकों से सम्बधिंत कार्यो बारे, वार्ड नम्बर 4 से आए लोगों ने विभिन्न कार्यो बारे, गांव बलाना से आए लोगों ने नहरी पानी की आपूर्ति बारे, वार्ड नम्बर 20 से आए लोगों ने अपने वार्ड में किए जाने वाले विकास संबंधित विभिन्न कार्यो बारे तथा अन्य लोगों ने अपनी समस्याओं के निदान बारे लिखित प्रार्थना पत्र के माध्यम से पूर्व राज्यमंत्री को अवगत करवाया। पूर्व राज्यमंत्री ने सभी लोगों को कहा कि उनकी सभी समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जाएगा।

इस मौके पर पार्षद वरिन्द्र नाथ, पार्षद गुरविन्द्र सिंह, पार्षद शोभा पुनिया, पार्षद गुरप्रीत सिंह, मार्किट कमेटी चेयरमेन जसविन्द्र सिंह उगाड़ा, भाजपा पदाधिकारी दिनेश लदाना, संजीव गोयल टोनी, अभिषेक सहौता, मुकेश कुमार, निजी सचिव सौरभ गुप्ता अभय जैन, बीनू गर्ग, चन्द्र मोहन फौजी, सोनू सकराहो, सरदूल सिंह के साथ साथ व अन्य गणमान्य मौजूद रहे।

## मोटरसाइकिल चोरी के आरोपी को पुलिस ने दबोचा

**टीम एक्शन इंडिया**
**महेंद्रगढ़ ( दिनेश नौताना )**

पुलिस अधीक्षक श्री दीपक कुमार के निदेर्शानुसार चोरी एवं अन्य आपराधिक घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने तथा मामलों में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने के तहत थाना सदर महेंद्रगढ़ पुलिस ने मोटरसाइकिल चोरी के मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को महज 10 घंटे में गिरफ्तार कर चोरी की गई मोटरसाइकिल बरामद करने में सफलता हासिल की है।

# जिला अम्बाला में खाद की सुचारु उपलब्धता एवं कालाबाजारी रोकने के लिए प्रशासन सख्त

**आशीष श्रीवास्तव, अंबाला।**

उप कृषि निदेशक डॉ. वजीर सिंह ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए बताया कि जिला अम्बाला में किसानों को युरिया, डी.ए.पी. व अन्य उर्वरकों की समय पर एवं सुचारु उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा उर्वरकों की जमाखोरी, कालाबाजारी, अनाधिकृत बिक्री एवं दूसरे राज्यों में अवैध रुप से ले जाने पर रोक लगाने के लिए विशेष कद उठाए गए है।

जिला में रबी सीजन के दौरान उर्वरकों की मांग को देखते हुए उर्वरकों की कुल आपूर्ति का 60 प्रतिशत हिस्सा सहकारी समितियों के माध्यम से उपलब्ध करवाया जाएगा ताकि गांव स्तर तक किसानों को आसानी से खाद उपलब्ध हो सके।

उपायुक्त द्वारा इस संबंध में आदेश जारी करते हुए उपमण्डल स्तरीय टीमों का गठन किया है। प्रत्येक उपमण्डल में संबंधित उपमण्डल अधिकारी (ना0) नोडल अधिकारी रहेगा और उपमण्डल कृषि अधिकारी, विषय विशेषज्ञ व खण्ड कृषि अधिकारियों को निरीक्षण टीम में शामिल किया गया है। इसके अतिरिक्त पुलिस विभाग को पड़ोसी राज्यों की सीमाओं पर नाके स्थापित करने तथा पर्याप्त पुलिस बल तैनात करने के लिए कहा गया है ताकि उर्वरकों की दूसरे राज्यों में अवैध आवाजाही को रोका जा सके।

डा. वजीर सिंह ने बताया कि किसानों को खाद की उपलब्धता एवं संतुलित उपयोग के संबंध में विभाग द्वारा कैन्थों के माध्यम से जागरुक किया जा रहा है। जिला में खाद की कालाबाजारी, जमाखोरी, अनावश्यक टैंगिग करने वाले उर्वरक विक्रेताओं के विरुद्ध सख्त कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। अनुदानित उर्वरकों का औद्योगिक एवं गैर कृषि कार्यों में उपयोग रोकने के निर्देश जारी किए गए है। सभी खाद विक्रेताओं को खादों का विक्रय पी.ओ.एस. मशीन से करने बारे निर्देश जारी किए है। उन्होंने बताया कि यदि कोई खाद विक्रेता निरीक्षण के दौरान पी.ओ.एस. मशीन के बिना खादों का विक्रय करते हुए पाया गया तो उसके विरुद्ध सख्त कानुनी कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

# पोषण माह के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**टीम एक्शन इंडिया**
**रतिया, 10 सितंबर:(एडवोकेट गुरप्रीत सिंह मंडेर )**

महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा पोषण माह के तहत गांव अलालवास में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में ग्रामीण महिलाओं एवं बच्चों को संतुलित एवं पौष्टिक आहार के महत्व के बारे में जानकारी दी गई।



कार्यक्रम के दौरान सुपरवाजर ऊषा रानी ने महिलाओं एवं बच्चों को पोषण संबंधी जानकारी देते हुए बताया कि स्वस्थ जीवन के लिए भोजन में हरी सब्जियां, दालें, अनाज, दूध एवं मौसमी फलों को शामिल करना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि बच्चों, गर्भवती महिलाओं तथा किशोरियों के लिए पौष्टिक आहार का विशेष महत्व है।

कार्यक्रम में ह्यपोषण माह अभियानह्व के माध्यम से संतुलित आहार के बारे में जागरूक किया गया।

महिलाओं को स्थानीय एवं आसानी से उपलब्ध खाद्य पदार्थों से पौष्टिक भोजन तैयार करने के बारे में भी बताया गया।

इस अवसर पर महिलाओं और बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा संतुलित आहार का संदेश दिया। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र में पोषण के प्रति जागरूकता बढ़ाना और कुपोषण की रोकथाम के लिए लोगों को प्रेरित करना रहा।

इस अवसर पर माया देवी, इंदरा देवी, पम्मी देवी, गीता देवी आदि मौजूद रहे।

# लेह-लद्दाख से कन्याकुमारी तक राष्ट्रीय फिजियो मशाल यात्रा का अंबाला में स्वागत

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला: इंडिय**न एसोसिएशन ऑफ फिजियोथेरेपिस्ट द्वारा फिजियोथेरेपी के प्रति जन-जागरूकता एवं सडक सुरक्षा का संदेश जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से लेह-लद्दाख से कन्याकुमारी तक राष्ट्रीय फिजियो मशाल यात्रा का आयोजन किया जा रहा है।




इसी क्रम में आईएपी अंबाला शाखा द्वारा पंजाब शाखा से फिजियो मशाल प्राप्त कर अंबाला में भव्य स्वागत किया गया। कार्यक्रम में वार्ड नंबर 17 के पार्षद गुरप्रीत सिंह शाना की विशेष उपस्थिति रही। इस अवसर पर आईएपी अंबाला टीम से डॉ. अखिल सोनी, कन्वीनर डॉ. इंदर शर्मा, जनरल सेक्रेटरी डॉ. हिमांशु पुरी सहित अंबाला आईपीए के समस्त पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम में डॉ. अंकुर शर्मा, डॉ. वी.के. पांडेय, डॉ. दीपक कश्यप, डॉ. डेनिस, डॉ. परवीन, डॉ. आर्यन, डॉ. पुष्पा, डॉ. रंजू, डॉ. नम्रता, डॉ. हिमांशी, डॉ. रीमा एवं डॉ. सोनम सहित आईएपी अंबाला के अन्य सदस्य भी उपस्थित रहे।

आईएपी अंबाला टीम ने लोगों को सडक सुरक्षा नियमों के पालन के लिए जागरूक करते हुए हेलमेट एवं सीट बेल्ट के अनिवार्य प्रयोग, तेज गति और नशे में वाहन चलाने से बचने की अपील की। टीम ने बताया कि सडक दुर्घटनाओं के बाद रीढ़ की हड्डी की चोट, मस्तिष्क की चोट, लकवा एवं फ्रैक्चर जैसी गंभीर स्थितियों में फिजियोथेरेपी पुनर्वास की महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

इस अवसर पर यह भी बताया गया कि आईएपी ने आगामी 2026-2027 सितंबर को आयोजित होने वाली वर्ल्ड फिजीथेरपी इन्टरनेशनल क्रान्फ्रेंस के लिए 12,000 फिजियोथेरेपिस्टों के पंजीकरण के साथ एक महत्वपूर्ण विश्व रिकॉर्ड उपलब्धि हासिल की है।


# क्लासीफाइड

## टूर एण्ड ट्रैवल्स

कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया फ्री वीजा, रहना, खाना, 2 साल का वर्क परमिट। कमाएं 3 लाख महीना। कोई पैसा ना वीजा से पहले ना बाद में। चाहिए हेल्पर, कारपेंटर, मेसन, वैल्डर, प्लम्बर, ड्राइवर, ऑपरेटर, स्टोरकीपर, वेटर, सुपरवाईजर, मैनेजर, कुक इत्यादि। सरकारी रजिस्टर्ड कंपनी से ही अप्लाई करें। फोन : 73476708

वर्क वीजा कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, कंस्ट्रक्शन/स्टोर/आईटी कंपनियों में जरूरत : स्टोर कीपर, कम्प्यूटर आपरेटर, फूड पैकर, ड्राईवर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, सिक्योरिटी, गार्ड, वेटर, कुक, नो एडवांस, रहना, खाना, टिकट, बीमा फ्री। एजेंट्स वैलकम। रूद्राश 9815119633, 9855577523

कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया 3 साल का वीजा, फ्री रहना, खाना और टिकट कम्पनी देगी। सैलरी 2 से 3 लाख महीना। हैल्पर, कारपेन्टर, मैसन, प्लम्बर, ड्राईवर, कुक, वेटर, आपरेटर, सुपरवाईजर इत्यादि चाहिये। रजिस्टर्ड कम्पनी से ही अप्लाई करें। फोन : 7087033731

## खोया-पाया

मैं श्वेता पाठक, पुत्री श्री प्रशांत कुमार शर्मा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0122362 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

## बेदखली सूचना

**मैं** सुरेश पुत्र संजय सिंह बी1, तिलक नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र रमेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम महिमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## बेदखली सूचना

**मैं** महेश कुमार पुत्र शनि सिंह बी1, मंगोलपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र महेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम सीमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू सीमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है।

## बेदखली सूचना

**मैं** सतीश शाह पुत्र मनीष शाह सी2 , पटेल नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र संचित शाह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम मनोरमा शाह है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू मनोरमा शाह दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## बेदखली सूचना

**मैं रामानंद पुत्र हनुमान प्रसाद निवासी नांगल चौधरी, तहसील नांगल चौधरी जिला महेंद्रगढ़ हल्फ से ब्यान करता हूँ कि मेरा पुत्र संजय मेरे व मेरे परिवार के कहने सुनने से बाहर है। वह अपनी मनमानी करता है। मैं संजय को अपनी चल व अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं व संबंध विच्छेद करता हूं।आज के बाद अगर कोई भी संजय से लेन देन करता है तो वह स्वयं जिम्मेदार होगा।मेरी व मेरे परिवार के किसी सदस्य की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।**

## बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री उदय प्रदाप पुत्र स्व. श्री मजोल लाल व चंदा पत्नी श्री मजोल लाल, निवासी- नंगली जालिब, जनकपुरी, बी-1 ब्लॉक , नई दिल्ली-58 के पुत्र राधेश्याम व उसकी पत्नी रमावती को उनके व्यवहार ठीक नहीं होने के कारण दिनांक 16-01-2015 को बेदखल कर दिया था लेकिन अब उनके व्यवहार मेरे मुवक्किल के प्रति अच्छे हो गये हैं। अब उनसे अपने सभी प्रकार के संबंध अपना लिए हैं तथा अब उपरोक्त दोनों उनके समस्त चल व अचल सम्पत्ति में हकदार होंगे और भविष्य में अब दोनों मेरे मुवक्किल के साथ रहेगें। अब उन दोनों से मेरे मुवक्किल को कोई शिकायत नहीं है।

## बेदखली सूचना

मैं राधा सचदेवा, पुत्री श्री संजय सचदेवा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0224532 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

# 17 सितंबर से शुरू होगा 'सेवा मेरा योगदान' अभियान

## शहरवासी अभियान से जुडकर स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, स्वास्थ्य, सामाजिक सेवा व जनहित के कार्यों में दें योगदानः रेणु बाला गुप्ता

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** हरियाणा सरकार द्वारा नागरिकों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से 17 सितंबर से 17 अक्टूबर 2026 तक 'सेवा मेरा योगदानइ अभियान के तहत विभिन्न जनसेवा एवं सामाजिक गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। इस संबंध में बीती 5 सितंबर को मुख्यमंत्री हरियाणा की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में दिए गए निर्देशों की अनुपालना में नगर निगम द्वारा अभियान की तैयारियां शुरू कर दी गई हैं।

नगर निगम आयुक्त सलोनी शर्मा ने कहा कि 'सेवा मेरा योगदानइ अभियान का मुख्य उद्देश्य नागरिकों में सेवा भावना, सामाजिक जिम्मेदारी और जनभागीदारी को बढ़ावा देना है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि अभियान के दौरान अधिक से अधिक नागरिकों को जोड़ते हुए गतिविधियों का प्रभावी एवं व्यवस्थित आयोजन सुनिश्चित किया जाए।



**25 निर्धारित सेवा गतिविधियों में भाग ले सकेंगे नागरिक**

उन्होंने बताया कि अभियान के अंतर्गत नागरिकों की भागीदारी के लिए कुल 25 निर्धारित सेवा गतिविधियां रखी गई हैं। इनमें रक्तदान, वृद्धाश्रम का दौरा, पौधारोपण, स्वच्छता ही सेवा, स्वास्थ्य जांच शिविर, डिजिटल साक्षरता, साइबर सुरक्षा, योग, नशा मुक्त भारत तथा नदी तट की सफाई एवं सौंदर्यीकरण जैसी गतिविधियां प्रमुख रूप से शामिल हैं। नगर निगम द्वारा इन गतिविधियों को स्थानीय स्तर पर व्यापक जनभागीदारी के साथ आयोजित किया जाएगा।

निगमायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि

अभियान

'नागरिकों को जोड़ते हुए गतिविधियों का प्रभावी आयोजन सुनिश्चित करें अधिकारी : सलोनी शर्मा

गतिविधियों के लिए ऐसे स्थानों का चयन किया जाए जहां अधिक से अधिक नागरिकों की भागीदारी सुनिश्चित हो सके। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को जनप्रतिनिधियों, सामाजिक एवं स्वयंसेवी संस्थाओं, मार्केट एसोसिएशनों, आरडब्ल्यूए तथा अन्य संगठनों के साथ समन्वय स्थापित करने के भी निर्देश दिए।

**महापौर ने कहा–जनभागीदारी से बनेगा अभियान सफल**

महापौर रेणु बाला गुप्ता ने कहा कि 'सेवा मेरा योगदानइ अभियान केवल सरकारी स्तर पर आयोजित होने वाला कार्यक्रम नहीं, बल्कि हर नागरिक को समाज और शहर के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने का अवसर देने वाला अभियान है। उन्होंने शहरवासियों से अपील की कि वे अधिक से अधिक संख्या में इन गतिविधियों से जुड़ें और स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, स्वास्थ्य, सामाजिक सेवा तथा जनहित के कार्यों में अपना योगदान दें। उन्होंने कहा कि जब प्रशासन और नागरिक मिलकर कार्य करते हैं तो किसी भी अभियान का प्रभाव कई गुना बढ़ जाता है। करनाल के नागरिक सेवा भावना के साथ आगे आकर शहर को स्वच्छ, सुंदर और बेहतर बनाने में अपनी सक्रिय भूमिका निभाएं।

**गतिविधियों का सोशल मीडिया पर होगा प्रचार-प्रसार**

अभियान के दौरान आयोजित होने वाली गतिविधियों का फोटो एवं वीडियो दस्तावेजीकरण किया जाएगा तथा आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल पर इनका प्रचार-प्रसार किया जाएगा। इसका उद्देश्य नागरिकों को अभियान से जोड? के साथ-साथ अन्य लोगों को भी सेवा कार्यों के लिए प्रेरित करना है। निगमायुक्त ने कहा कि अभियान की प्रत्येक गतिविधि को व्यवस्थित तरीके से रिकॉर्ड किया जाए और उसकी रिपोर्ट निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार प्रस्तुत की जाए।

**प्रसिद्ध हस्तियों एवं पद्म पुरस्कार विजेताओं को किया जाएगा आमंत्रित**

अभियान को और अधिक प्रभावी एवं प्रेरणादायी बनाने के लिए विभिन्न क्षेत्रों में ख्याति प्राप्त माननीयों को कार्यक्रमों में आमंत्रित किया जाएगा। साथ ही पद्म पुरस्कार विजेताओं की अध्यक्षता में कार्यक्रम आयोजित करने अथवा उन्हें मुख्य अतिथि के रूप में शामिल करने का प्रयास किया जाएगा।

जिला स्तर पर प्रशासन द्वारा ऐसे कार्यक्रमों के सफल आयोजन में आवश्यक सहयोग एवं सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएंगी।

**प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में सौंदर्यीकरण कार्य एवं अधिक आकर्षक बनाने पर जोर**

अभियान के तहत पविधानसभा क्षेत्र में कम से कम दो स्थानों पर सौंदर्यीकरण एवं अधिक आकर्षक बनाने हेतू कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए हैं।

# फसल अवशेष जलाने से रोकने के लिए तेज किया जागरूकता अभियान

लक्ष्य

5 सितम्बर से अम्बाला में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 लागू कर दी जाएगी।



**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बालाः** कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के उप कृषि निदेशक, अम्बाला डॉ. वजीर सिंह के दिशा निर्देशों के अनुसार सी.आर.एम. स्कीम के तहत अम्बाला जिला में कर्मचारियों/अधिकारियों व नोडल आफिसर की डयूटी लगाई गई है। जिसमें ए.एफ.एल. की घटनाओं को शून्य लाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया। जिला अम्बाला के कृषि एवं किसान कल्याण विभाग में कार्यरत अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा जिले के सभी गावों में एग्रीस्टैक व फसल अवशेष प्रबर्धन कैपों के द्वारा किसानों को फसल प्रबंधन हेतू जागरुक किया जा रहा है।

किसानों को बताया जा रहा है कि वातावरण को प्रदूषित होने से बचाने के लिए व बच्चों / बुजुर्गों पर पड? वाले दुष्प्रभाव की रोकथाम हेतु धान की कटाई करने के बाद शेष बचे हुए अवशेषों को जलाने पर हरियाणा सरकार द्वारा पूर्णतय प्रतिबंध लगाया हुआ है। धान की कटाई करने के बाद शेष बचे हुए अवशेषों को न जलाएं व इसके स्थान पर स्ट्रा रिपर, रिपर बाईंडर, हैपी सीडर, स्ट्रा बेलर व रोटावेटर यंत्रों का प्रयोग कर शेष बचे हुए अवशेषों को खेत में ही दबा दें। इसके साथ-साथ डिकम्पोसर के बारे में भी बताया। इसके अतिरिक्त उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों व कॉलेजों में लगभग 100 कैम्प लगाकर बच्चों को फसल अवशेष प्रबंधन हेतू जागरूक किया जाएगा। जिसमें फसल अवशेष जलाने से होने वाले नुकसानों के बारे में बताया जाएगा। फसल अवशेष जलाने से मिट्टी की उर्वरकता शक्ति खत्म हो जाती है व मिट्टी में उपस्थित किसान मित्र कीट भी नष्ट हो जाते है। उनको बताया जाएगा कि अपने आसपास कोई भी धान के अवशेष न जलाएं व अपने माता-पिता व पड़ोसियों को भी धान के अवशेष न जलाने बारे जागरूक करने के लिए हरसंभव प्रयत्न हमें करना होगा।

15 सितम्बर से अम्बाला जिले में उपायुक्त सचिन गुप्ता द्वारा भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 लागू कर दी जाएगी।

# हर शुभ अवसर पर पौधा लगाकर पर्यावरण संरक्षण में दें योगदान : रामकुमार कश्यप

**टीम एक्शन इंडिया**
**इंद्री, 10 सितंबर (मैनपाल कश्यप)।** बढ़ते प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों के बीच पर्यावरण संरक्षण को लेकर इंद्री के विधायक एवं हरियाणा सरकार के गवर्नमेंट चीफ व्हिप रामकुमार कश्यप ने आमजन से अधिक से अधिक पौधे लगाने का आह्वान किया। उन्होंने वीरवार को हर्बल पार्क इंद्री तथा सिंचाई विभाग विश्राम गृह में त्रिवेणी (नीम, पीपल और बरगद) का पौधारोपण किया। इस अवसर पर विधायक रामकुमार कश्यप ने कहा कि आज पर्यावरण असंतुलन और प्रदूषण पूरी दुनिया के सामने बड़ी चुनौती बन चुके हैं। ऐसे में पौधारोपण पर्यावरण संरक्षण का सबसे प्रभावी माध्यम है। पेड़-पौधे वातावरण को शुद्ध करने के साथ मानव जीवन, जैव विविधता और पारिस्थितिक तंत्र



को संतुलित बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को अपने जन्मदिवस, विवाह समारोह तथा अन्य शुभ अवसरों पर पौधारोपण करने की परंपरा को बढ़ावा देना चाहिए। आज लगाया गया एक पौधा आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ हवा, हरियाली और बेहतर पर्यावरण का आधार बन सकता है। उन्होंने लोगों से केवल पौधे लगाने तक सीमित न रहने, बल्कि उनकी नियमित देखभाल करने की भी अपील की।

**प्रदूषण के कारण मानव स्वास्थ्य पर गंभीर असर**

विधायक ने कहा कि औद्योगिक इकाइयों से होने वाला उत्सर्जन, वाहनों से निकलने वाला धुआं और प्लास्टिक कचरा प्रदूषण बढ़ाने के प्रमुख कारणों में शामिल हैं। इसके चलते वायु, जल और ध्वनि प्रदूषण की समस्या गंभीर होती जा रही है, जिसका असर मानव स्वास्थ्य, जैव विविधता और पर्यावरण पर पड़ रहा है।

# बेटे को बचाने नहर में कूदा पिता, दोनों बहे

**टीम एक्शन इंडिया**
**कमल मिड्ढा**

**करनाल।** जिले में हाबड़ी ब्रांच स्थित बस्तली नहर में पैर फिसलने से बहे बेटे की जान बचाने के लिए पिता ने भी नहर में छलांग लगा दी। हालांकि पानी का बहाव तेज होने और तैरना न आने के कारण पिता-पुत्र दोनों ही गहरे पानी में बह गए, जिनका अभी तक कोई सुराग नहीं लगा।

जानकारी के मुताबिक निसिंग क्षेत्र के गांव बीर बड़ालवा निवासी सतनाम 38 वर्ष और उसका बेटा मानुष 20 वर्ष खेत में फसल पर स्प्रे करने के लिए गए थे। खेत के पास ट्यूबवेल न होने के कारण मानुष पानी भरने के लिए पास ही बह रही बस्तली नहर के पास गया। इसी दौरान उसका पैर अचानक फिसल गया और वह गहरे पानी में जा गिरा। मानुष को नहर में डूबता देख वहां मौजूद उसके साथी ने बचाने का प्रयास किया, लेकिन वह कामयाब नहीं हो सका।

# जिला अंबाला में आरबीएसके कार्यक्रम की समीक्षा हेतु आकस्मिक निरीक्षण

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बालाः** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत संचालित राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (आरबीएसके) की सेवाओं की गुणवत्ता एवं प्रभावशीलता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से उप निदेशक आरबीएसके डॉ. अमनदीप एवं डॉ. दीपित द्वारा जिला अंबाला में आकस्मिक निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों द्वारा आरबीएसके टीमों द्वारा बच्चों की स्क्रीनिंग, चिन्हित बच्चों के उपचार एवं फॉलो-अप की स्थिति की समीक्षा की गई। अधिकारियों ने निर्देश दिए कि जिले में 100 प्रतिशत बच्चों की स्क्रीनिंग तथा चिन्हित बच्चों का 100 प्रतिशत प्रबंधन एवं उपचार सुनिश्चित किया जाए, ताकि कोई भी बच्चा आवश्यक स्वास्थ्य सेवाओं से वंचित न रहे। विशेष रूप से गंभीर एनीमिया ग्रसित बच्चों की पहचान कर उनका समयबद्ध उपचार एवं उचित फॉलो-अप सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। संबंधित टीमों को निर्देशित किया गया कि ऐसे बच्चों को प्राथमिकता के आधार पर उच्च स्वास्थ्य संस्थानों से जोड़ते हुए उपचार की निरंतर निगरानी की जाए। अधिकारियों ने आरबीएसके टीमों को निर्देश दिए कि 0 वर्ष से 18 वर्ष के बच्चों में स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं की समय पर पहचान, रेफरल, उपचार एवं फॉलो-अप की प्रक्रिया को प्रभावी बनाया जाए तथा जिले में आरबीएसके कार्यक्रम के लक्ष्यों को पूर्ण रूप से प्राप्त करने के लिए समन्वय के साथ कार्य किया जाए।

## न्यूज फ्लैश

### पुरुषोत्तमपुरा बाग के 2000 वर्ग फीट एरिया में बनने वाली भव्य रंगोली में दिखेगा राष्ट्र सेवा के रंगः विश्राम कुमार मीणा



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर सिंह मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि सरकार द्वारा चलाए जा रहे सेवा संकल्प अभियान के तहत पुरुषोत्तमपुरा बाग में 2000 वर्ग फीट एरिया में भव्य रंगोली का आयोजन किया जाएगा। इस रंगोली में राष्ट्र सेवा के रंगों के लिए अनाज, फल, फूल, पत्तों सहित अन्य सामग्री का प्रयोग किया जाएगा। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी 17 सितंबर को सेवा संकल्प अभियान के तहत कुरुक्षेत्र में होने वाले कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे। विश्व प्रसिद्ध ब्रह्मसरोवर पर भव्य रंगोली, रक्तदान शिविर, आशीर्वाद का दीया और ड्रोन शो का आयोजन किया जाएगा।

उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा वीरवार को लघु सचिवालय के वीडियो कांफ्रेंस सभागार में आयोजित बैठक में अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दे रहे थे। इससे पहले मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से सेवा संकल्प अभियान को लेकर कुछ आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिला में 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताएं, उत्सव व कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। जिला प्रशासन ने इन कार्यक्रमों को लेकर सभी तैयारियों के लिए अलग-अलग विभागों को जिम्मेदारियां सौंपी हैं। उन्होंने कहा कि आशीर्वाद का दीया अभियान में केंद्र सरकार व प्रदेश सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों को इस अभियान से जोड़ा जाए और उनके घरों पर दीया जलाकर उनके अनुभवों को सामने लाया जाए। इसके साथ ही पिछले 12 वर्षों में जिले में विकास एवं जनकल्याणकारी कार्यों तथा इनसे लोगों के जीवन में आए बदलाव को जन-जन तक पहुंचाने के लिए सेमिनार आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि मेरे सपनों का भारत थीम पर स्कूलों, कॉलेजों में ड्राइंग व भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा।

### खेतों से बिजली की तार चोरी करने वाला आरोपी काबू

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** जिला पुलिस द्वारा खेतों में लगी बिजली की मोटरों से तार चोरी करने वाले आरोपियों के खिलाफ लगातार सख्त एवं प्रभावी कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में थाना असंध पुलिस ने खेतों से बिजली की तार चोरी के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। गिरफ्तार आरोपी के कब्जे से 13 किलो 600 ग्राम चोरीशुदा तांबे की तार तथा वारदात में प्रयुक्त एक मोटरसाइकिल बरामद की गई है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान अजीत सिंह उर्फ चेतन सिंह पुत्र मंगल सिंह निवासी गांव खेड़ी सर्फली, असंध, जिला करनाल के रूप में हुई है। मामले में कार्रवाई थाना असंध प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम द्वारा की गई। पुलिस टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर आरोपी अजीत सिंह को खेड़ी मंडवाल से काबू कर गिरफ्तार किया। आरोपी के कब्जे से चोरीशुदा 13 किलो 600 ग्राम तांबे की तार तथा वारदात में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद की गई।

मामले के अनुसंधान अधिकारी सहायक उप निरीक्षक महेंद्र सिंह ने बताया कि थाना असंध में खेतों से बिजली की तार चोरी होने के संबंध में मामला दर्ज किया गया था। शिकायत के अनुसार शिकायतकर्ता के खेत से बिजली की तार तथा आसपास के किसानों के खेतों से भी बिजली की मोटरों की तार, ग्रिप एवं अन्य सामान चोरी किया गया था।

# समाधान शिविर में प्राप्त शिकायतों का जल्द हो समाधानः नगराधीश

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बालाः** आमजन की समस्याओं का त्वरित एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से आयोजित समाधान शिविर में नगराधीश अभिषेक गर्ग ने नागरिकों की शिकायतें एवं समस्याएं सुनीं और समाधान करने को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान समाधान शिविर में गांव रूपा माजरा की कमलेश देवी, गांव गोला से शशी रानी, अम्बाला शहर से अंजु बाला ने लाडो लक्ष्मी योजना मे नाम जुड़वाने बारे, गांव बाड़ा से राममंत्र शर्मा, अम्बाला शहर के संतोष अपनी बुढ़ापा पेंशन लगवाने बारे, अम्बाला शहर के सुशील कुमार अपनी फैमिली आई में त्रृटि ठीक करवाने बारे, मोहड़ा से रज्जी देवी, भुडगपुर से जसबीर कौर अपनी विधवा पेंशन लगवाने बारे, प्रेम नगर से जसविन्द्र सिंह व सम्लेहड़ी से बलबीर सिंह अपना पीला राशन कार्ड बनवाने बारे, गांव तसडौला से रामकरण अपने बेटे की दिव्यांग पेंशन लगवाने बारे, गांव स्पेड़ा से रोहित कुमार पीपीपी में जन्म तिथि ठीक करवाने बारे, अम्बाला शहर के वार्ड नम्बर 16 तनुज ने सीवरेज सम्बधिंत समस्या बारे शिकायत रखी व अन्य शिकायतकताओं ने अपनी-अपनी समस्या को रखा, नगराधीश ने संबंधित अधिकारियों को समाधान करने आपसी समन्वय बनाकर समयबद्ध रूप से नियमानुसार समाधान करने के निर्देश दिए। नगराधीश अभिषेक गर्ग ने कहा कि समाधान शिविर का उद्देश्य आमजन को अपनी शिकायतों के लिए प्रभावी मंच उपलब्ध करवाना है। अधिकारी शिकायतों के निपटारे में किसी प्रकार की लापरवाही न बरतें और नागरिकों को राहत पहुंचाना प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित करें। उन्होंने बताया कि आमजन की समस्याओं का समाधान सुनिश्चित करने के लिए सोमवार व वीरवार को सुबह 10 बजें से दोपहर 12 बजें तक समाधान शिविर आयोजित किए जा रहें है।

# 17 सितम्बर से 17 अक्तूबर तक चलेगा सेवा संकल्प अभियान

अभियान

संकल्प अभियान के तहत 17 सितम्बर को रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा।

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बालाः** हरियाणा के मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने चण्डीगढ़ से आयोजित वीसी के माध्यम से सेवा संकल्प अभियान के तहत की जाने वाली तैयारियों एवं कार्यो की जानकारी लेते हुए इस अभियान के सफलतापूर्वक आयोजन को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

वीसी की अध्यक्षता करते हुए मुख्य सचिव ने बताया कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 25 वर्ष जन सेवा के रूप में होने पर 17 सितम्बर से 17 अक्तूबर तक सेवा संकल्प अभियान का आयोजन करते हुए



विभिन्न गतिविधियां एवं कार्यक्रम आयोजित किए जाएगें। इन कार्यक्रमों में जनभागीदारी सुनिश्चित करते हुए सभी गतिविधियों एवं कार्यक्रमों का सफलतापूर्वक आयोजन करना हैं। उन्होनें बताया कि संकल्प अभियान के तहत 17 सितम्बर को आशीर्वाद का दिया/ रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। इसी प्रकार कार्यक्रम की श्रंखला में 25 करोड़ युवा सपनों का भारत/ सेवा चित्र, नमो सेवा यात्रा/ सेवा समरण, आंगन का उत्सव/ कहानी बदलाव की, विकसित संकल्प यात्रा, सेवा ज्योति यात्रा, 25 साल 25 कहानी, सेवा मेरा योगदान, सेवा सेतू अभियान, सेवा रंग, हैकाथॉन एवं इनोवशन चैलेंज, जन सेवक महाकुम्भ इत्यादि शामिल हैं। उन्होंने यह भी कहा कि कार्यक्रमों के दृष्टिगत जिन भी विभागों की जिम्मेवारी तय की गई है वे सभी विभाग मॉडयूल श्रंखला के अनुसार कार्यक्रमों का सफलतापूर्वक आयोजन करवाने मे अपनी भूमिका निभाएं।

उपायुक्त सचिन गुप्ता ने मुख्य सचिव को आश्वस्त किया कि वीसी में जो भी दिशा-निर्देश मिले है उसकी अनुपालना के तहत सभी कार्यक्रमों का सफलतापूर्वक आयोजन करवाया जाएगा।

वीसी के उपरान्त उपायुक्त ने सम्बधिंत विभागों के अधिकारियों की बैठक लेते हुए उन्हें निर्देश दिए कि वीसी में जो भी दिशा-निर्देश मिले है उसकी अनुपालना के तहत सभी कार्यक्रमों का सफलतापूर्वक आयोजन करना हैं। उन्होंने सम्बधिंत एसडीएम को भी क हा कि 17 सितम्बर को आशीर्वाद का दिया कार्यक्रम के तहत बूथों पर जो गतिविधियां की जानी है उसके लिए सम्बधिंत की बैठक ले ताकि उन्हें भी कार्यक्रम की रूप रेखा बारे अवगत करवाकर कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन करवा सकें।

बैठक में सीईओ जिला परिषद गगनदीप, एसडीएम दर्शन कुमार, एसडीएम कनिका गोयल, एसडीएम सतिन्द्र सिवाच, एसडीएम शिवजीत भारती, डीडीपीओ दिनेश शर्मा, डीआईपीआरओ धर्मेन्द्र कुमार, जीएम रोडवेज अश्वनी डोगरा, जिला खेल अधिकारी राम स्वरूप, सिविल सर्जन डॉ रेनू बेरी, उप सिविल सर्जन डा. संजीव सिंगला के साथ-साथ सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# गुणवत्ता बनेगी विकसित हरियाणा की पहचानः डॉ. चौहान

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल।** सरकारी विकास कार्यों की गुणवत्ता केवल तकनीकी मानकों तक सीमित विषय नहीं है, बल्कि यह कार्य के प्रति जिम्मेदारी, सकारात्मक सोच और जनसेवा की भावना से भी जुड़ी है। प्रत्येक अधिकारी और कर्मचारी को अपने कार्य को पूरी निष्ठा एवं जिम्मेदारी के साथ करते हुए यह सुनिश्चित करना चाहिए कि सरकारी योजनाओं का लाभ आमजन तक बेहतर गुणवत्ता के साथ पहुंचे।

यह बात हरियाणा ग्रामीण विकास संस्थान, नीलोखेड़ी के निदेशक डॉ. वीरेंद्र सिंह चौहान ने कही। वे संस्थान में गुणवत्ता आश्वासन प्राधिकरण, हरियाणा के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित तीन




दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रतिभागियों को संबोधित कर रहे थे। डॉ.चौहान ने कहा कि जापान की पहचान उसकी तकनीक के साथ-साथ गुणवत्ता के लिए है और इसी प्रकार विकसित भारत एवं विकसित हरियाणा की पहचान भी गुणवत्तापूर्ण कार्यों से होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में सरकार द्वारा करवाए जाने वाले विकास कार्य सीधे लोगों के जीवन से जुड़े होते हैं, इसलिए इन कार्यों में गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जा सकता। तकनीकी अधिकारियों और अभियंताओं को अपनी जिम्मेदारी को केवल नौकरी का हिस्सा न मानकर जनसेवा के महत्वपूर्ण दायित्व के रूप में निभाना चाहिए। उन्होंने प्रशिक्षु अभियंताओं का आह्वान किया कि वे मुखमंडल पर मुस्कान रखते हुए, सकारात्मक सोच के साथ और पूरी ईमानदारी से कार्य करें। उन्होंने कहा कि कार्यस्थल पर सकारात्मक वातावरण से कार्यक्षमता बढ़ती है और इसका सीधा प्रभाव सरकारी कार्यों की गुणवत्ता पर पड़ता है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि वे अपने व्यवहार और कार्यशैली से आमजन के बीच सरकार के प्रति विश्वास को मजबूत करने का प्रयास करें।

डा. वीरेंद्र सिंह चौहान ने सरकारी कामकाज और दैनिक कार्यों में हिंदी के अधिकाधिक प्रयोग का भी आह्वान किया। उन्होंने कहा कि हिंदी हमारी सहज और सरल संपर्क भाषा है तथा सरकारी कामकाज को अधिक से अधिक हिंदी में करने से आमजन के साथ संवाद और कार्यों की समझ को और बेहतर बनाया जा सकता है।

उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण के माध्यम से अभियंताओं को गुणवत्ता आश्वासन, तकनीकी निरीक्षण, निर्माण कार्यों की निगरानी तथा निर्धारित मानकों के अनुपालन से जुड़ी नई जानकारियां प्राप्त होंगी। उन्होंने प्रशिक्षुओं से कहा कि प्रशिक्षण के दौरान प्राप्त ज्ञान को अपने-अपने कार्यक्षेत्र में लागू करना ही इस कार्यक्रम की वास्तविक सफलता होगी।

संस्थान के सहायक आचार्य एवं कार्यक्रम समन्वयक डॉ. सुशील मेहता ने प्रशिक्षण कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया कि तीन दिवसीय कार्यक्रम का उद्देश्य पंचायती राज विभाग से जुड़े तकनीकी अधिकारियों एवं कनिष्ठ अभियंताओं की क्षमता में वृद्धि करना तथा उन्हें गुणवत्ता आश्वासन से संबंधित नवीन तकनीकी एवं व्यावहारिक पहलुओं से परिचित करवाना है।

# चुलकाना शराब फैक्ट्री के जहरीले पानी से परेशान ग्रामीणों ने विधायक प्रतिनिधि को दिया ज्ञापन



**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा( संजय नरवाल )**

आज चुलकाना व आस पास के कई गाओं के सम्मानित व्यक्ति चुलकाना रोड पर लगी शराब की फैक्ट्री को लेकर इकट्ठा हुये। ग्रामीणों का आरोप है कि इस फैक्ट्री के कारण आस पास के गांवों का पानी जहरीला हो गया हे फैक्ट्री का कैमिकल जमीन में छोड़ा जाता है । जिसके कारण सभी आस पास के गांवों में कैंसर,टी बी,काला पीलिया आदि बहुत से रोगों का फैलने का खतरा है।जिससे बहुत नौजवानों की मौत भी हो चुकी है।इसी बात को लेकर इसको बन्द कराने के लिए विधायक मनमोहन भड़ाना जी के प्रतिनिधि विपिन कुमार को पंचायत के लेटर पेड़ पर लिखकर ज्ञापन दिया। विधायक प्रतिनिधि ने इस मामले पर संज्ञान लेने का आश्वासन दिया।

## संपादकीय

# जल बचाने की मुहिम में जनभागीदारी जरूरी

**भारत** में पानी की समस्या लगातार गंभीर होती जा रही है। कई इलाकों में भूजल स्तर नीचे जा रहा है, तालाब और कुएं सूख रहे हैं तथा खेती और पीने के पानी के लिए भूजल पर निर्भरता बढ़ रही है। ऐसे समय में पानी बचाने की जिम्मेदारी केवल सरकार की नहीं हो सकती। इसमें आम लोगों की भागीदारी भी जरूरी है। इसी सोच के साथ जल संचय जन भागीदारी अभियान शुरू किया गया है। 6 सितंबर 2024 को शुरू किए गए इस अभियान का मुख्य उद्देश्य बारिश के पानी को बचाना, भूजल स्तर बढ़ाना और स्थानीय स्तर पर पानी के स्रोतों को मजबूत करना है। इसके तहत कम खर्च में जल संरक्षण की संरचनाएं बनाने, पुराने और बंद पड़े नलकूपों को फिर से उपयोगी बनाने तथा स्थानीय जरूरत के अनुसार जल संरक्षण के उपाय करने पर जोर दिया जा रहा है। इस अभियान की खास बात यह है कि इसमें सरकार के साथ आम जनता, पंचायतें, सामाजिक संगठन और कंपनियां भी जुड़ सकती हैं। इसका आधार तीन सी हैं- समुदाय, कंपनियों का सामाजिक दायित्व और लागत। यानी समुदाय की भागीदारी, कंपनियों की सामाजिक जिम्मेदारी और कम खर्च में जल संरक्षण। इससे जल संरक्षण को केवल सरकारी योजना न बनाकर जन-अभियान बनाने की कोशिश की जा रही है। इस दिशा में बड़ी संख्या में जल संरक्षण संरचनाएं बनाई गई हैं। पहले चरण के तहत मई 2025 तक देश में 27 लाख से अधिक जल संरक्षण संरचनाएं बनाई गईं। इसके बाद जून 2025 में दूसरा चरण शुरू किया गया। मई 2026 तक डेढ़ करोड़ से अधिक भूजल पुनर्भरण संरचनाएं बनाई जा चुकी थीं। 3 सितंबर 2026 तक यह संख्या एक करोड़ 58 लाख से अधिक हो गई। यह आंकड़ा बताता है कि देश में जल संरक्षण को बड़े स्तर पर आगे बढ़ाया जा रहा है। केवल संरचनाएं बना देना काफी नहीं है। उनका सही स्थान पर बनना, नियमित रखरखाव और सही उपयोग भी जरूरी है। यदि बारिश का पानी इन संरचनाओं तक पहुंचे ही नहीं या कुछ वर्षों बाद वे मिट्टी और कचरे से भर जाएं तो उनका उद्देश्य पूरा नहीं होगा। इसलिए स्थानीय लोगों को इनके रखरखाव की जिम्मेदारी भी लेनी होगी। भारत में पानी बचाने की परंपरा पहले से रही है। गांवों में तालाब, कुएं, बावड़ियां, जोहड़ और छोटे बांध लोगों की जरूरत पूरी करते थे। हरियाणा और राजस्थान सहित देश के कई हिस्सों में आज भी पुराने जल स्रोत इसकी याद दिलाते हैं। आधुनिक विकास के दौरान हमने इन स्रोतों की उपेक्षा की और भूजल का जरूरत से ज्यादा इस्तेमाल शुरू कर दिया। अब समय है कि पुरानी समझ को आधुनिक विज्ञान के साथ जोड़ा जाए। इसी उद्देश्य से जल संचय जन भागीदारी को वर्षा जल संचयन अभियान से भी जोड़ा गया है। जून 2026 में इसे जल शक्ति अभियान–वर्षा जल संचयन के साथ मिलाकर नया रूप दिया गया। इसका सीधा संदेश है- बारिश की हर बूंद को व्यर्थ बहने से रोकना और उसे जमीन में पहुंचाना।

**नई दिल्ली कार्यालय**
एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, दिल्ली- 110033

**उत्तरी दिल्ली कार्यालय**
शक्ति कॉम्पलैक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली- 110042

**चंडीगढ़ कार्यालय**
फर्स्ट फ्लोर, देश सेवक बिल्डिंग, सेक्टर- 29डी, चंडीगढ़

**पंजाब कार्यालय**
7/2, थर्ड फ्लोर, मोनिका, टावर, ईआर-146, पक्का बाग, मिलाप चौक, जालंधर

**करनाल कार्यालय**
224, सेक्टर 32पी, करनाल- 132001

**सोनीपत कार्यालय**
ऑफिस no. 11, ग्राउंड फ्लोर पवन मेगा मॉल सुभाष चौक सोनीपत

**शिमला कार्यालय**
किशोर भवन, जोधा निवास, डेजी बैंक एस्टेट, लोअर जाखू, शिमला- 171001

**ऊना कार्यालय**
कृष्णा टावर, सब्जी मंडी के सामने, ऊना-174303

**देहरादून कार्यालय**
7/1, बल्लूपुर रोड़, कृष्णा नगर चौक, देहरादून

# साझा नागरिकता राष्ट्र निर्माण में भारतीय मुस्लिम की भूमिका



अल्ताफ मीर

> ❝ये मूल्य रोजमर्रा के व्यवहार के माध्यम से सार्थक हो जाते हैं। दूसरों की गरिमा का सम्मान करना, कानून का पालन करना, पूर्वाग्रह को अस्वीकार करना और लोकतांत्रिक जीवन में रचनात्मक रूप से भाग लेना सभी नागरिकों द्वारा साझा की जाने वाली जिम्मेदारियां हैं। भारतीय मुसलमान, हर दूसरे समुदाय की तरह, नागरिक गतिविधियों में भाग लेकर, संवाद को प्रोत्साहित करके और युवाओं के बीच ज़िम्मेदार नागरिकता को बढ़ावा देकर लोकतांत्रिक संस्कृति को मजबूत कर सकते हैं। डिजिटल युग ने नागरिकता में एक और आयाम जोड़ा है❞

**भारत** दुनिया के सबसे विविध देशों में से एक है, जिसमें विभिन्न धर्मों, भाषाओं, संस्कृतियों और परंपराओं के लोग हैं। यह विविधता सदियों से विकसित हुई है, जिसमें समुदायों ने देश के सामाजिक, आर्थिक, बौद्धिक और सांस्कृतिक जीवन में योगदान दिया है। भारतीय मुसलमान इस इतिहास का अभिन्न अंग हैं। उनका योगदान वास्तुकला, साहित्य, व्यापार, शिक्षा, लोक प्रशासन और स्वतंत्रता संग्राम में देखा जा सकता है। जैसे-जैसे भारत एक विकसित राष्ट्र बनने की दिशा में आगे बढ़ता है, सवाल केवल यह नहीं है कि भारतीय मुसलमान देश के भविष्य में कैसे फिट होते हैं, बल्कि वे एक मजबूत, समावेशी और समृद्ध भारत में और कैसे योगदान दे सकते हैं। साझा नागरिकता का विचार इस ज़िम्मेदारी को देखने का एक महत्वपूर्ण तरीका प्रदान करता है। इसका मतलब है कि धर्म, भाषा, जाति या क्षेत्र की परवाह किए बिना प्रत्येक नागरिक के पास समान अधिकार और जिम्मेदारियां हैं। नागरिकता केवल अधिकारों का आनंद लेने के बारे में नहीं है। यह समाज में भाग लेने, दूसरों की सेवा करने और देश की प्रगति में योगदान करने के बारे में भी है। भारतीय मुसलमानों के लिए, इसका मतलब शिक्षा, आर्थिक विकास, सामाजिक सेवा, सार्वजनिक जीवन और सामुदायिक कल्याण में सक्रिय भूमिका निभाना है। शिक्षा सबसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में से एक है जिसमें समुदाय योगदान कर सकता है। आज के भारत में, बेहतर रोजगार, आर्थिक अवसर और नेतृत्व के लिए शिक्षा आवश्यक है। गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, वैज्ञानिक सोच, पेशेवर पाठ्यक्रम और तकनीकी कौशल पर अधिक जोर देने से युवाओं को बेहतर भविष्य बनाने में मदद मिल सकती है। मुस्लिम समुदाय के शिक्षक, शोधकर्ता, विद्वान और पेशेवर भी भारत के बौद्धिक और आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण योगदान दे सकते हैं। इसलिए, शिक्षा का समर्थन करने से न केवल व्यक्तियों और परिवारों को बल्कि पूरे समाज को लाभ होता है।

आर्थिक भागीदारी समान रूप से महत्वपूर्ण है। मुस्लिम उद्यमी, कारीगर, व्यापारी, पेशेवर और श्रमिक देश भर में स्थानीय अर्थव्यवस्थाओं में योगदान करते हैं। उद्यमिता, नई तकनीक, नवाचार और आधुनिक कौशल के लिए अधिक समर्थन अधिक रोजगार और आर्थिक अवसर पैदा कर सकता है। युवाओं को व्यापक अर्थव्यवस्था में योगदान देते हुए अपने समुदायों की सेवा करने वाले व्यवसायों और उद्यमों को स्थापित करने के लिए प्रोत्साहित किया जा सकता है। आर्थिक ताकत भी लोगों को सार्वजनिक और सामाजिक जीवन में अधिक आत्मविश्वास से भाग लेने में सक्षम बनाती है। सामाजिक सेवा योगदान का एक और महत्वपूर्ण क्षेत्र है। इस्लामी शिक्षाओं में दान और जरूरतमंद लोगों की मदद करने का एक मजबूत स्थान है, और कई व्यक्ति और संगठन पहले से ही शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा और कल्याण में काम करते हैं। इस तरह के प्रयासों का अधिक प्रभाव हो सकता है जब वे सामुदायिक सीमाओं से परे लोगों तक पहुंचते हैं। छात्रवृत्ति, स्वास्थ्य देखभाल कार्यक्रम, कौशल प्रशिक्षण और वंचित परिवारों के लिए सहायता समाज के विभिन्न वर्गों के बीच विश्वास और सहयोग बनाने में मदद कर सकती है। समाज की सेवा तब अधिक सार्थक हो जाती है जब वह धार्मिक या सामाजिक मतभेदों के बजाय करुणा द्वारा निर्देशित होती है।

एक समावेशी भारत के लिए अपने विविध समुदायों के बीच अधिक बातचीत की आवश्यकता है। बहुलवाद केवल साथ-साथ रहने वाले विभिन्न समुदायों के बारे में नहीं है। इसका मतलब एक दूसरे के साथ संवाद करना, एक साथ काम करना और एक दूसरे से सीखना भी है। भारतीय मुसलमान लंबे समय से भारत के साझा सांस्कृतिक और सामाजिक जीवन का हिस्सा रहे हैं। इस परंपरा को पड़ोस, स्कूलों, कार्यस्थलों और नागरिक संस्थानों में बातचीत और नियमित बातचीत के माध्यम से मजबूत किया जा सकता है। सामाजिक सद्भाव तब बढ़ता है जब लोग एक दूसरे को अलग-अलग समूहों के बजाय साथी नागरिकों के रूप में देखते हैं।

संविधान स्वतंत्रता, समानता, न्याय और भाईचारे के प्रति अपनी प्रतिबद्धता के माध्यम से इस साझा नागरिकता के लिए एक सामान्य आधार प्रदान करता है।

ये मूल्य रोजमर्रा के व्यवहार के माध्यम से सार्थक हो जाते हैं। दूसरों की गरिमा का सम्मान करना, कानून का पालन करना, पूर्वाग्रह को अस्वीकार करना और लोकतांत्रिक जीवन में रचनात्मक रूप से भाग लेना सभी नागरिकों द्वारा साझा की जाने वाली जिम्मेदारियां हैं। भारतीय मुसलमान, हर दूसरे समुदाय की तरह, नागरिक गतिविधियों में भाग लेकर, संवाद को प्रोत्साहित करके और युवाओं के बीच ज़िम्मेदार नागरिकता को बढ़ावा देकर लोकतांत्रिक संस्कृति को मजबूत कर सकते हैं। डिजिटल युग ने नागरिकता में एक और आयाम जोड़ा है। सोशल मीडिया और डिजिटल प्लेटफॉर्म ने लोगों के लिए संवाद करना और जानकारी का आदान-प्रदान करना आसान बना दिया है। साथ ही, झूठी जानकारी, रूढ़ियाँ और विभाजनकारी सामग्री तेजी से ऑनलाइन फैल सकती है। इसलिए सोशल मीडिया का ज़िम्मेदार उपयोग महत्वपूर्ण है। नागरिकों को इसे साझा करने से पहले जानकारी को सत्यापित करना चाहिए, अपमानजनक या भड़काऊ सामग्री से बचना चाहिए और सम्मानजनक चर्चा में शामिल होना चाहिए।

साझा नागरिकता का विचार अंततः एक सरल सिद्धांत पर निर्भर करता है: किसी भी समुदाय की प्रगति समग्र रूप से देश की प्रगति से निकटता से जुड़ी होती है। भारतीय मुसलमानों के पास एक समृद्ध विरासत है और भारत में योगदान का एक लंबा रिकॉर्ड है। शिक्षा, उद्यमिता, महिलाओं की भागीदारी, सामाजिक सेवा, सामुदायिक संबंधों और संवैधानिक मूल्यों पर अधिक ध्यान देकर, वे देश के भविष्य में और भी मजबूत योगदान दे सकते हैं।

यह भागीदारी समान नागरिकता की एक स्वाभाविक अभिव्यक्ति है। समावेशी भारत का निर्माण अकेले सरकारों द्वारा नहीं किया जा सकता है। इसके लिए उन नागरिकों की आवश्यकता होती है जो समझते हैं कि उनकी अपनी प्रगति देश की प्रगति से जुड़ी है। लक्ष्य एक ऐसा समाज होना चाहिए जिसमें विविधता का सम्मान किया जाए और प्रत्येक नागरिक के पास गरिमा, अवसर और भारत के साझा भविष्य में योगदान करने का उचित मौका हो।



# कनाडा के रुख से भड़का ईरान

(वीपी राहुल-हिफी फीचर)

**ईरान** और पश्चिमी देशों के बीच तनाव एक बार फिर रणनीतिक रूप से बेहद महत्वपूर्ण हॉर्मुज जलडमरूमध्य को लेकर बढ़ता दिखाई दे रहा है। ईरान ने कनाडा पर अमेरिका के दबाव के आगे झुकने और वॉशिंगटन को खुश करने की कोशिश करने का आरोप लगाया है। तेहरान की यह नाराजगी कनाडा की उस नीति के बाद सामने आई है, जिसमें ओटावा ने हॉर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने वाले जहाजों को लेकर ईरान पर दबाव बनाए रखने और उसकी क्षेत्रीय गतिविधियों की आलोचना की है।

कनाडा सरकार ने हाल ही में ईरान की गतिविधियों को अस्थिरता बढ़ाने वाला बताते हुए उसकी आलोचना की। कनाडा का कहना है कि हॉर्मुज से गुजरने वाले जहाजों को ईरान की ओर से दी जा रही धमकियां वैश्विक शांति और सुरक्षा को नुकसान पहुंचा रही हैं। कनाडा ने यह भी कहा है कि वह अपने सहयोगी देशों, विशेष रूप से जी7 के साथ मिलकर ईरान पर दबाव बनाए रखना जारी रखेगा। ईरान ने कनाडा के इस रुख को स्वतंत्र विदेश नीति के बजाय अमेरिका के दबाव के आगे आत्मसमर्पण के रूप में देखा है। तेहरान का आरोप है कि कनाडा ने क्षेत्रीय परिस्थितियों को विकृत तरीके से पेश किया है और अमेरिका की रणनीति को मजबूत करने की कोशिश की है। ईरानी पक्ष के अनुसार, हॉर्मुज को लेकर किसी भी चर्चा में क्षेत्र की वास्तविक सुरक्षा परिस्थितियों और ईरान की संप्रभुता को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता।

इस पूरे विवाद को समझने के लिए हॉर्मुज जलडमरूमध्य के महत्व को समझना जरूरी है। फारस की खाड़ी और ओमान की खाड़ी के बीच स्थित यह संकरा समुद्री मार्ग दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण ऊर्जा मार्गों में से एक है। खाड़ी क्षेत्र से निकलने वाले तेल और गैस के बड़े हिस्से की अंतरराष्ट्रीय आवाजाही इसी रास्ते से होती है। इसलिए यहां सैन्य तनाव या जहाजों की आवाजाही में किसी भी तरह की बाधा का असर केवल ईरान और अमेरिका तक सीमित नहीं रहता, बल्कि इसका सीधा प्रभाव वैश्विक ऊर्जा बाजार पर पड़ सकता है। इसी वजह से पिछले कुछ समय से हॉर्मुज को लेकर अमेरिका और ईरान के बीच टकराव ने अंतरराष्ट्रीय बाजारों की चिंता बढ़ाई है। हालिया घटनाक्रम में दोनों देशों के बीच सैन्य तनाव फिर बढ़ा है और जहाजों की आवाजाही भी प्रभावित हुई है। ईरान ने अमेरिका को चेतावनी दी है कि यदि उसके ठिकानों या हितों पर हमला जारी रहता है तो खाड़ी क्षेत्र में मौजूद अमेरिकी ऊर्जा परिसंपत्तियां भी जोखिम में आ सकती हैं।

ईरान का रुख लगातार यही रहा है कि हॉर्मुज जलडमरूमध्य को लेकर उसकी सुरक्षा चिंताओं को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। तेहरान ने संकेत दिया है कि यदि अमेरिका उसके खिलाफ सैन्य और आर्थिक दबाव जारी रखता है, तो वह जलडमरूमध्य में अपनी रणनीतिक स्थिति का इस्तेमाल जवाबी दबाव के लिए कर सकता है।

## विचार

# योगी की चुनाव तैयारी

(अशोक त्रिपाठी-हिफी फीचर)

**पांच** राज्यों के साथ 2027 में उत्तर प्रदेश में होने वाले चुनाव सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण माने जा रहे हैं। इसका एक कारण है 2024 के लोकसभा चुनाव में पार्टी का फीका प्रदर्शन और दूसरा कारण राम मंदिर चढ़ावा जैसे मामले हैं। इसलिए योगी आदित्यनाथ प्रदेश में हैट्रिक लगाने के लिए चुनाव की बहुमुखी तैयारी कर रहे हैं। विभिन्न नगरों के विकास की योजनाएं बन रही हैं और सभी वर्गों को साधने का प्रयास भी हो रहा है। इसी क्रम में योगी सरकार ने आंगनबाड़ी कार्यकताओं का मानदेय बढ़ाया और कैशलेस इलाज देने की सुविधा का ऐलान भी किया है। योगी सरकार ने बुजुर्गों के लिए एक नई और विशेष रेंटल हाउसिंग नीति लाने का संकेत भी दिया है। गत दिनों यूपी के चुनाव प्रभारी विनोद तावड़े ने बूथ को मजबूत करने और सभी जातियों को साधे रहने का मंत्र दिया था। यह भी कहा जा रहा है कि भाजपा ने एक आंतरिक सर्वे कराया है जिसके आधार पर 2027 में कई विधायकों के टिकट भी काटे जा सकते हैं। इस प्रकार भाजपा यूपी में हैट्रिक लगाने के लिए पूरी ताकत झोंक रही है और योगी आदित्यनाथ की सरकार भी सभी वर्गों तक पहुंच बनाने के लिए प्रयास कर रही है।

उत्तर प्रदेश सरकार बुजुर्गों के लिए एक नई और विशेष रेंटल हाउसिंग नीति लाने की तैयारी कर रही है। इस नीति का उद्देश्य शहरी क्षेत्रों में रहने वाले वरिष्ठ नागरिकों को सुरक्षित, सम्मानजनक और किफायती आवास उपलब्ध कराना है। आवास एवं शहरी नियोजन विभाग ने इसके लिए नौ सदस्यीय समिति का गठन किया है, जो नीति का प्रारूप तैयार कर सरकार को अपनी सिफारिशें देगी। प्रस्तावित योजना के तहत जरूरतमंद बुजुर्गों को कम किराये पर मकान उपलब्ध कराने की व्यवस्था होगी। सरकार का मानना है कि वृद्धावस्था में किसी भी वरिष्ठ नागरिक को आवास के लिए भटकना न पड़े और उसे सुरक्षित रहने का विकल्प मिल सके।

इस प्रकार भाजपा यूपी में हैट्रिक लगाने को पूरी ताकत झोंक रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पिछले एक-डेढ़ महीने में ही राज्य के ज्यादातर जिलों का दौरा कर विकास परियोजनाओं की झड़ी लगा दी है। वर्ष 2022 की जीत की बात करें तो 1985 के बाद यूपी में यह पहला मौका था जब किसी मुख्यमंत्री और सत्तारूढ़ पार्टी ने लगातार दूसरी बार पूरे बहुमत के साथ सत्ता में वापसी की थी। वहीं सपा-कांग्रेस गठबंधन 2024 के लोकसभा चुनाव के नतीजों से उत्साहित है। अखिलेश यादव जहां पीडीए के सामाजिक समीकरणों पर ध्यान केंद्रित किए हैं, वहीं कांग्रेस दलित-मुस्लिम वोटों को एकजुट करके अपना जनाधार बढ़ाने में जुटी है। सन् 2022 विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को 255, अपना दल (सोनेलाल) को 12, निषाद पार्टी को 6 और एनडीए को 273 सीटें मिली थीं। प्रदेश में कुल सीटें 403 हैं और बहुमत 202 पर मिलता है।

उत्तर प्रदेश में मोदी-योगी लहर को कायम रखते हुए भाजपा को अकेले 41.29 प्रतिशत वोट मिले थे। भाजपा का पिछले चुनाव में अपना दल सोनेलाल, निषाद पार्टी जैसे दलों के साथ गठबंधन रहा है। अब एनडीए के खेमे में पश्चिमी उत्तर प्रदेश से राष्ट्रीय लोकदल शामिल है। एनडीए का सपा-कांग्रेस गठबंधन से मुख्य मुकाबला होना तय है। मायावती की बहुजन समाज पार्टी, आजाद समाज पार्टी, एआईएमआईएम जैसे दल भी ताल ठोकने को तैयार हैं। उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में अब छह महीने से भी कम वक्त बचा है। इस चुनाव में 10 साल से सत्तारूढ़ योगी आदित्यनाथ की अगुवाई वाली भाजपा सरकार के सामने हैट्रिक लगाने की चुनौती है। भाजपा ने स्थानीय विधायकों के कामकाज और लोकप्रियता का सर्वे कराते हुए जनता का मूड भांपने की कोशिश की है। माना जाता है कि 2024 के लोकसभा चुनाव से लगे झटके से सबक लेकर भाजपा ने 403 विधानसभा सीटों पर एक गोपनीय और बहुस्तरीय आंतरिक सर्वे कराया है।

इस सर्वे रिपोर्ट ने सत्ता के गलियारों में हड़कंप मचा दिया है। इस सर्वे रिपोर्ट के मुताबिक, यूपी में करीब 125 से 128 मौजूदा विधायकों के खिलाफ उनके ही क्षेत्रों में जबर्दस्त एंटी इनकंबेंसी है। सीधे तौर पर कहें तो भाजपा में 128 सीटों पर मौजूदा विधायकों का टिकट काटा या बदला जा सकता है।

**एक्शन इंडिया दैनिक**

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

आरएनआई: HARHIN / 2016 / 68417

एक्शन इंडिया मल्टीमीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रवि भारद्वाज द्वारा 224, सेक्टर – 32 पी, यूई, ज़िला करनाल, हरियाणा से प्रकाशित एवं मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली–110042 से मुद्रित।
संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी
समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)
स्थानीय संपादक : राजकुमार शर्मा ( 9671890000)
'एक्शन इंडिया' में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है।
ई–मेल : actionindiaharyana@gmail.com

**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच–पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।

## आलेख

# दिल्ली में छात्रावास हादसा

(वीपी राहुल-हिफी फीचर)

देश की राजधानी दिल्ली के सत्य निकेतन इलाके में छात्रावास की इमारत ढहने से सात लोगों की मौत ने अवैध निर्माण, संपत्ति के लालच और भवन सुरक्षा व्यवस्था को लेकर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। इस हादसे के बाद दिल्ली पुलिस ने निर्माण कार्य की निगरानी कर रहे श्रमिक ठेकेदार सानोज को उत्तर प्रदेश के कासगंज से हिरासत में लिया और उसे दिल्ली लाया गया। पुलिस की जांच अब इस बात पर केंद्रित है कि आखिर वह कौन-कौन सी परिस्थितियां थीं, जिनके कारण एक निमार्णाधीन इमारत अचानक ढह गई और सात लोगों की जान चली गई।

मामले में दर्ज प्राथमिकी के अनुसार, भवन मालिक हरिराम गुप्ता और उनके भाई पर आरोप है कि उन्होंने अधिक किराया हासिल करने के उद्देश्य से पुराने भवन के ऊपर चार अतिरिक्त मंजिलों का निर्माण कराया। प्राथमिकी में यह भी आरोप लगाया गया है कि उन्हें इस बात की जानकारी थी कि पुरानी इमारत की नींव अतिरिक्त भार उठाने की स्थिति में नहीं थी। अगर जांच में यह आरोप सही साबित होता है तो यह केवल निर्माण संबंधी गलती नहीं होगी, बल्कि आर्थिक लाभ के लिए लोगों की सुरक्षा को नजरअंदाज करने का गंभीर मामला माना जाएगा। इस हादसे का सबसे चिंताजनक पहलू यही है कि किसी भी बहुमंजिला इमारत में निर्माण या विस्तार से पहले उसकी संरचनात्मक क्षमता का आकलन किया जाना बेहद जरूरी होता है। पुरानी इमारत के ऊपर अतिरिक्त मंजिलें जोड़ने से उसका भार कई गुना बढ़ सकता है। ऐसे में नींव, बीम, कॉलम और भार वहन करने वाली दीवारों की तकनीकी जांच के बिना निर्माण करना गंभीर जोखिम पैदा कर सकता है। सत्य निकेतन की घटना ने यह सवाल खड़ा किया है कि क्या इस तरह के निर्माण की निगरानी करने वाली व्यवस्था प्रभावी ढंग से काम कर रही थी।पुलिस पूछताछ में महेश गुप्ता ने बताया कि उनके माता-पिता हरिराम और उर्मिला की ओर से वह आवास का प्रबंधन कर रहे थे। उसके अनुसार, अगस्त 2025 में इस इमारत को हॉस्टल डेज नाम के पीजी संचालक को पट्टे पर दिया गया था।

# 6जी की दौड़ में भारत की बड़ी छलांग

(वीपी राहुल-हिफी फीचर)

दुनिया अभी पूरी तरह 5जी की संभावनाओं का इस्तेमाल भी नहीं कर पाई है, लेकिन तकनीकी महाशक्तियों के बीच अगली पीढ़ी के 6जी नेटवर्क की तैयारी तेज हो चुकी है। इसी बदलती वैश्विक तकनीकी प्रतिस्पर्धा के बीच भारत ने एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए अमेरिका और 24 अन्य देशों के साथ उस अंतरराष्ट्रीय पहल में शामिल होने का फैसला किया है, जिसका उद्देश्य अगली पीढ़ी के दूरसंचार नेटवर्क के विकास और दिशा को प्रभावित करना है। यह पहल केवल तेज इंटरनेट की दौड़ नहीं है, बल्कि आने वाले वर्षों की डिजिटल अर्थव्यवस्था, तकनीकी सुरक्षा, औद्योगिक प्रतिस्पर्धा और रणनीतिक शक्ति से जुड़ा बड़ा मुद्दा है।इस घटनाक्रम की जानकारी अमेरिकी वाणिज्य विभाग की ओर से दी गई। यह घोषणा उस समय हुई जब वाणिज्य एवं उद्योग राज्य मंत्री जितिन प्रसाद ने जी20 नवाचार मंत्रिस्तरीय बैठक के दौरान अमेरिकी वाणिज्य सचिव हॉवर्ड लुटनिक से मुलाकात की। दोनों के बीच 6जी तकनीक के भविष्य पर चर्चा हुई। इसके बाद अमेरिकी वाणिज्य विभाग ने कहा कि भारत अब अमेरिका और 24 अन्य देशों के साथ मिलकर यह सुनिश्चित करने के प्रयास का हिस्सा है कि अगली पीढ़ी के नेटवर्क साझा सुरक्षा हितों को ध्यान में रखते हुए विकसित हों, देशों की प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता मजबूत करें और 6जी में नवाचार को बढ़ावा दें।

भारत के लिए इस पहल का महत्व इसलिए भी अधिक है क्योंकि दूरसंचार अब केवल संचार का माध्यम नहीं रह गया है। मोबाइल नेटवर्क से लेकर कृत्रिम बुद्धिमत्ता, स्वायत्त वाहन, रोबोटिक्स, रक्षा प्रणालियों, स्मार्ट शहरों, औद्योगिक स्वचालन और इंटरनेट ऑफ थिंग्स तक, आने वाली अर्थव्यवस्था का बड़ा हिस्सा अत्याधुनिक संचार ढांचे पर निर्भर करेगा। ऐसे में जिस देश के पास नेटवर्क की तकनीक, मानक और आपूर्ति श्रृंखला पर अधिक प्रभाव होगा, उसके पास भविष्य की डिजिटल अर्थव्यवस्था में भी अधिक रणनीतिक ताकत होगी।

5जी ने मोबाइल इंटरनेट की गति और क्षमता को एक नई दिशा दी लेकिन 6जी का लक्ष्य केवल उससे अधिक तेज इंटरनेट उपलब्ध कराना नहीं माना जा रहा है।

## न्यूज फ्लैश

### सुगनी देवी स्कूल में सैनिटरी पैड वेंडिंग मशीन स्थापित




**लाडवा 10, सितंबर (विजय कौशिक) :** भारत विकास परिषद लाडवा द्वारा सुगनी देवी स्कूल में छात्राओं के स्वास्थ्य एवं स्वच्छता को ध्यान में रखते हुए सैनिटरी पैड वेंडिंग मशीन स्थापित की गई। इस सेवा प्रकल्प का उद्देश्य छात्राओं को आवश्यकता के समय सैनिटरी पैड की सहज उपलब्धता सुनिश्चित करना तथा मासिक धर्म स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। भारत विकास परिषद लाडवा के अध्यक्ष राजीव आर्य ने कहा कि बेटियों का स्वास्थ्य और सम्मान समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। मासिक धर्म स्वच्छता को लेकर जागरूकता और आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध करवाना बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि परिषद शिक्षा के साथ-साथ विद्यार्थियों के स्वास्थ्य एवं संस्कार से जुड़े सेवा प्रकल्पों को भी प्राथमिकता दे रही है। सुगनी देवी स्कूल में सैनिटरी पैड वेंडिंग मशीन की स्थापना इसी दिशा में एक सार्थक कदम है। परिषद की महिला गतिविधि संयोजिका प्रियंका गोयल ने कहा कि किशोरियों के स्वास्थ्य और व्यक्तिगत स्वच्छता से जुड़े विषयों पर खुलकर जागरूकता पैदा करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि यह मशीन छात्राओं को जरूरत के समय सुविधा प्रदान करेगी और उन्हें मासिक धर्म के दौरान होने वाली असुविधा से राहत मिलेगी। इस सेवा प्रकल्प को निधि गोयल द्वारा प्रायोजित किया गया। परिषद पदाधिकारियों ने उनके सहयोग के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि समाजहित में किए गए ऐसे प्रयास महिला स्वास्थ्य एवं सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं। विद्यालय की प्रधानाचार्या पूजा छाबड़ा ने भारत विकास परिषद लाडवा का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि छात्राओं के स्वास्थ्य एवं सुविधा के लिए स्थापित की गई यह मशीन विद्यालय के लिए अत्यंत उपयोगी पहल है। इससे छात्राओं को आवश्यकता के समय सैनिटरी पैड आसानी से उपलब्ध हो सकेंगे। इस अवसर पर परिषद की ओर से ह्लस्वस्थ बेटी, स्वच्छ बेटी और सशक्त बेटीह्व का संदेश दिया गया। परिषद ने भविष्य में भी छात्राओं के स्वास्थ्य, शिक्षा, स्वच्छता एवं सर्वांगीण विकास से जुड़े सेवा कार्य निरंतर जारी रखने का संकल्प व्यक्त किया।

### अंकुश गोयल पर भाजपा ने फिर जताया भरोसा, दोबारा बनाया जिला कोषाध्यक्ष



**लाडवा 10, सितम्बर (विजय कौशिक) :** भारतीय जनता पार्टी ने संगठन में अहम जिम्मेदारी सौंपते हुए अंकुश गोयल को दोबारा जिला कोषाध्यक्ष नियुक्त किया है। पार्टी के इस निर्णय से कार्यकताओं में खुशी का माहौल है।अंकुश गोयल ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सैनी जी के साथ साथ बाल कल्याण परिषद की उपाध्यक्षा एवं मुख्यमंत्री की धर्मपत्नी श्रीमती सुमन सैनी का मार्गदर्शन मिलता रहता है जिसके कारण मुझे दोबारा से जिला कार्यालय के कोषाध्यक्ष की ज़िम्मेदारी मिली है।
अंकुश गोयल को लगातार दूसरी बार जिला कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी मिलने को संगठन के प्रति उनकी सक्रियता और कार्यशैली पर पार्टी के भरोसे के रूप में देखा जा रहा है। संगठन की ओर से उन्हें महत्वपूर्ण दायित्व सौंपे जाने पर समर्थकों और भाजपा कार्यकताओं ने बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। वरिष्ठ भाजपा नेता अंकुश गोयल ने नई जिम्मेदारी के लिए माननीय मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी उनकी धर्मपत्नी श्रीमती सुमन सैनी, मुख्यमंत्री कार्यालय प्रभारी कैलाश सैनी व जिला अध्यक्ष रमेश सैनी का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि मैं अपने दायित्व को पिछले कार्यकाल से भी अधिक कुशलता से करने का प्रयास करूँगा। कार्यकताओं ने उम्मीद जताई कि अंकुश गोयल के नेतृत्व और अनुभव से पार्टी संगठन को मजबूती मिलेगी तथा आगामी समय में संगठनात्मक गतिविधियों को और प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाया जाएगा। अंकुश गोयल ने पार्टी नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वह संगठन द्वारा दी गई जिम्मेदारी को पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ निभाने का प्रयास करेंगे।

# वीबी जी राम जी को लेकर हुई बैठक

## समन्वय स्थापित कर कार्यों का आवंटन सुनिश्चित करें अधिकारी : डा. आनंद शर्मा

**निर्देश**

वीबी-जी-राम जी योजना के तहत कराए जाने वाले कार्यों का आवंटन सुनिश्चित करें।



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।**
उपायुक्त डॉ. आनंद कुमार शर्मा ने आज संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि आपस में समन्वय स्थापित कर विकसित भारत-रोजगार और आजीविका मिशन की गारंटी (वीबी-जी-राम जी) योजना के तहत कराए जाने वाले विकास कार्यों का आवंटन सुनिश्चित करें। उन्होंने बताया कि योजना के तहत जिला में 318 विकास कार्य कराए जाने हैं।
उन्होंने बताया कि मनरेगा के स्थान पर अस्तित्व में आई वीबी-जी-राम जी योजना में अकुशल मजदूरों को हर साल 100 की बजाए 125 दिनों के रोजगार की गारंटी का प्रावधान है। योजना का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में विकासए रोजगार सृजन और परिवारों की आजीविका में सुधार करना है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे दस दिन के अंदर बीडीपीओ से समन्वय स्थापित कर कराए जाने वाले 318 विकास कार्यों का आवंटन सुनिश्चित कर लें।
उपायुक्त ने कहा कि कराए जाने वाले मुख्य कार्य जल सुरक्षा, सह ग्रामीण बुनियादी ढांचा, ग्रामीण आजीविका और आपदा प्रबंधन से जुड़े हैं। योजना के तहत स्कूलों की चारदीवारी, कक्षा-कक्ष की मरम्मत, भूजल पुनर्भरण संरचनाओं का निर्माण, नर्सरी बनवाने जैसे कार्य कराए जा सकते हैं। उन्होंने कहा कि अनुमान (एस्टीमेट) इस प्रकार से तैयार किया जाए, जिसमें श्रम और निर्माण सामग्री का अनुपात 60:40 का हो।
बैठक में एडीसी डा. राहुल रईया, बीडीपीओ गुरमलक, सोमवीर खटकड़, शिखा, उमेद सिंह, साहब सिंह, प्रशांत कुमार, डीएफओ राजबाला, एक्सईएन संजय शर्मा, अजय, मनोज कुमार, उप जिला शिक्षा अधिकारी राजेंद्र, सीडीपीओ संतोष, एसडीओ दीपक गर्ग, डा. आरबी खर्ब, डीएचओ कमल सैनी, एडीओ नेहा, जिला वन अधिकारी नवल कुमार आदि मौजूद रहे।

## समाधान शिविरों का उद्देश्य आमजन की समस्याओं का समाधान सुनिश्चित करना : सीटीएम

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** सीटीएम सुरेश कुमार ने कहा कि समाधान शिविरों का मुख्य उद्देश्य आमजन की समस्याओं का त्वरित, पारदर्शी और प्रभावी समाधान सुनिश्चित करना है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का यह निर्णय आम जनता की समस्याओं के निराकरण का कारगर मंच साबित हुआ है। समाधान शिविरों के प्रति आम जनता का विश्वास बढ़ा है और उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान हो रहा है।
सीटीएम सुरेश कुमार वीरवार को जिला मुख्यालय पर आयोजित शिविर में लोगों की समस्याएं सुन रहे थे।
उन्होंने संबंधित अधिकारियों को समस्याओं के समाधान के लिए आवश्यक निर्देश दिए। जिला मुख्यालय सहित सभी उपमंडलों में आयोजित समाधान शिविरों में 9 शिकायतें प्राप्त हुई। इनमें करनाल मुख्यालय पर 7, नीलोखेड़ी व इंद्री उपमंडल में एक-एक शिकायत प्राप्त हुई। वहीं घरौंडा व असंध उपमंडल में कोई शिकायत प्राप्त नहीं हुई। उन्होंने लोगों से अपील की वे निजी व सामूहिक समस्याओं के समाधान के लिए हर सोमवार व वीरवार को आयोजित किए जाने वाले समाधान शिविरों में रखें।
**ये आई समस्याएं**
करनाल मुख्यालय पर आयोजित समाधान शिविर में अभिषेक बीपीएल कार्ड से संबंधित, ऋषिपाल खेत की जमीन पर मकान से संबंधित, ईश्वरचंद सडक पर अवैध अतिक्रमण से संबंधित समस्या, सुनील बिंदल बिजली विभाग से संबंधित शिकायत, राधेश्याम व राजकुमार पंचायत विभाग से संबंधित, रंजीत कृषि कार्ड से संबंधित समस्या लेकर पहुंचे।

## 38.82 ग्राम अल्प्राजोलम गोलियों सहित आरोपी गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**कमल मिड्डा**
**करनाल।**
सीआईए-3 की टीम ने 38.82 ग्राम अल्प्राजोलम नशीली गोलियों सहित एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से 38.82 ग्राम अल्प्राजोलम नशीली गोलियां बरामद की गई हैं। यह कार्रवाई सीआईए-3 प्रभारी निरीक्षक अजेय सागवान के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम द्वारा की गई। मामले में अनुसंधान अधिकारी उप निरीक्षक हरदीप अपनी पुलिस टीम के साथ गश्त पर मौजूद थे।

## पूर्व राज्यमंत्री असीम गोयल ने लोगों की सुनी समस्याएं

**निर्देश**

अधिकारियों को फोन कर समस्याओं का तीव्रता से समाधान करने बारे निर्देश भी दिए।



**आशीष श्रीवास्तव, अंबाला।**
पूर्व राज्यमंत्री असीम गोयल नन्यौला ने वीरवार को जन सुनवाई कार्यक्रम के तहत अम्बाला शहर विधानसभा क्षेत्र से आए लोगों की समस्याओं को सुना और सम्बन्धित प्रार्थियों को आश्वस्त किया कि उनकी सभी समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान सुनिश्चित होगा। कुछ समस्याओं के तहत उन्होंने सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों को फोन कर समस्याओं का तीव्रता से समाधान करने बारे निर्देश भी दिए।
पूर्व राज्यमंत्री असीम गोयल नन्यौला ने जन सुनवाई कार्यक्रम के तहत यहां पहुंचे लोगों की समस्याओं को विस्तारपूर्वक सुना। उन्होंने कहा कि आज जन सुनवाई कार्यक्रम के तहत लोगों ने विकास कार्यों से सम्बन्धित जो बातें रखी हैं उन सभी बातों के तहत विकास कार्यों को चरणबद्ध तरीके से करवाने का काम किया जाएगा।
जन सुनवाई कार्यक्रम के तहत एचकेआरएन के कर्मचारियों ने अपनी समस्या बारे, वार्ड नम्बर 1 से आए लोगों ने टयूबवैल से सम्बधिंत समस्या बारे, वार्ड नम्बर 14 से आए लोगों ने सडकों से सम्बधिंत कार्यो बारे, वार्ड नम्बर 4 से आए लोगों ने विभिन्न कार्यो बारे, गांव बलाना से आए लोगों ने नहरी पानी की आपूर्ति बारे, वार्ड नम्बर 20 से आए लोगों ने अपने वार्ड में किए जाने वाले विकास सम्बधिंत विभिन्न कार्यो बारे तथा अन्य लोगों ने अपनी समस्याओं के निदान बारे लिखित प्रार्थना पत्र के माध्यम से पूर्व राज्यमंत्री को अवगत करवाया। पूर्व राज्यमंत्री ने सभी लोगों को कहा कि उनकी सभी समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जाएगा।
बॉक्सः- इस मौके पर पूर्व राज्यमंत्री असीम गोयल ने कहा कि प्रत्येक वीरवार को अम्बाला शहर विधानसभा क्षेत्र से कोई भी व्यक्ति आकर जन सुनवाई कार्यक्रम में अपनी समस्या रख सकता है। जन सुनवाई कार्यक्रम के तहत उनका पूरा प्रयास रहता है कि लोगों की समस्याओं को समझकर उनका तीव्रता से समाधान किया जा सके।

## लेह-लद्दाख से कन्याकुमारी तक राष्ट्रीय फिजियो मशाल यात्रा का अंबाला में स्वागत

**आशीष श्रीवास्तव, अंबाला।**
**इंडियन** एसोसिएशन ऑफ फिजियोथेरेपिस्ट द्वारा फिजियोथेरेपी के प्रति जन-जागरूकता एवं सडक सुरक्षा का संदेश जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से लेह-लद्दाख से कन्याकुमारी तक राष्ट्रीय फिजियो मशाल यात्रा का आयोजन किया जा रहा है।
इसी क्रम में आईएपी अंबाला शाखा द्वारा पंजाब शाखा से फिजियो मशाल प्राप्त कर अंबाला में भव्य स्वागत किया गया। कार्यक्रम में वार्ड नंबर 17 के पार्षद गुरप्रीत सिंह शाना की विशेष उपस्थिति रही।
इस अवसर पर आईएपी अंबाला टीम से डॉ. अखिल सोनी, कन्वीनर डॉ. इंदर शर्मा, जनरल सेक्रेटरी डॉ. हिमांशु पुरी सहित अंबाला आईपीए के समस्त पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम में डॉ. अंकुर शर्मा, डॉ. वी.के. पांडेय, डॉ. दीपक कश्यप, डॉ. डेनिस, डॉ. परवीन, डॉ. आर्यन, डॉ. पुष्पा, डॉ. रंजू, डॉ. नम्रता, डॉ. हिमांशी, डॉ. रीमा एवं डॉ. सोनम सहित आईएपी अंबाला के अन्य सदस्य भी उपस्थित रहे। आईएपी अंबाला टीम ने लोगों को सडक सुरक्षा नियमों के पालन के लिए जागरूक करते हुए हेलमेट एवं सीट बेल्ट के अनिवार्य प्रयोग, तेज गति और नशे में वाहन चलाने से बचने की अपील की।

## सेवा संकल्प अभियान के तहत 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक आयोजित होंगे



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** डीसी डॉ.आनंद कुमार शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सार्वजनिक जीवन तथा जनसेवा के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में हरियाणा सरकार की ओर से प्रदेश में 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक जनसेवा संकल्प अभियान चलाया जाएगा।
अभियान का उद्देश्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं, विकास कार्यों एवं उपलब्धियों को आमजन तक पहुंचाना तथा नागरिकों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करना है। इस अभियान के अंतर्गत 17 सितंबर से विभिन्न चरणों में 14 अलग-अलग मॉड्यूल-कार्यक्रम विभिन्न संबंधित विभागों के समन्वय से आयोजित किए जाने हैं।
डा.आनंद कुमार शर्मा वीरवार को लघु सचिवालय के सभागार में सेवा संकल्प अभियान की तैयारियों को लेकर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दे रहे थे। इससे पहले हरियाणा के मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने वीसी के माध्यम से सभी जिला उपायुक्तों को सेवा संकल्प अभियान को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए और विभिन्न विभागों को जिम्मेदारियां सौंपीं।
उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार के निदेर्शानुसार जिला में सेवा संकल्प अभियान को प्रभावी एवं सफल बनाने के लिए सभी विभागों के अधिकारी मॉड्यूल के अनुसार अपने-अपने विभाग से संबंधित गतिविधियों व कार्यक्रमों की व्यापक स्तर पर तैयारियां करें और ज्यादा से ज्यादा लोगों की भागीदारी सुनिश्चित की जाए।
डीसी ने बताया कि अभियान का उद्देश्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं, विकास कार्यों और उपलब्धियों को जनता तक पहुंचाना है। उन्होंने बताया कि अभियान के दौरान आयोजित की जाने वाली मॉड्यूल-गतिविधियों में आशीर्वाद का दीया, रक्तदान, मेरे सपनों का भारत-चित्र सेवा, नमो सेवा-अनकही कहानियां, आंगन मिलन सेवा, सेवा की कहानी, सेवा ज्योति क्लश यात्रा, वडनगर से वाराणसी, सेवा मेरा योगदान, सेवा हेतु अभियान, सेवा में रंग-राष्ट्र के संग, सेवा फर्स्ट इनोवेशन चैलेंज, सुशासन सेवा संवाद शामिल हैं।

## राष्ट्रीय लोक अदालत में लंबित मुकदमों का आपसी रजामंदी से किया जाता है निपटारा : सीजेएम



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** सीजेएम एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव मीनाक्षी यादव ने वीरवार को जिला एडीआर में इस वर्ष की तीसरी राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर प्रेस वार्ता की। इस दौरान सीजेएम ने बताया कि यह राष्ट्रीय लोक अदालत 12 सितंबर को जिला न्यायालय सहित सभी उपमंडल स्तरों पर आयोजित की जाएगी। राष्ट्रीय लोक अदालत में लंबित मुकदमों का आपसी रजामंदी से निपटारा किया जाता है।
सीजेएम ने बताया कि 12 सितंबर को लगने वाली लोक अदालत के लिए 9 बैंच निर्धारित किए गए हैं। इनमें अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायधीश करनाल शैलजा गुप्ता, अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश करनाल डा. सविता कुमारी, अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश करनाल नितीन किनरा, अतिरिक्त मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी करनाल सुधीर कुमार, सिविल जज जूनियर डिवीजन करनाल रूहेला शर्मा व सिविल जज जूनियर डिवीजन करनाल उदित अग्रवाल के साथ सब डिवीजन में सिविल जज जूनियर डिवीजन असंध अमृतबीर कौर, सिविल जज जूनियर डिवीजन इन्द्री कुणाल मितल व सिविल जज जूनियर डिवीजन घरौंडा गौरांग शर्मा का बैंच शामिल है। उन्होंने लोगों से आग्रह किया कि वे राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से अदालतों में लंबित मुकदमों का निपटारा करवाएं। लोक अदालतों से समय व धन की बचत होती है।

## ंगुटखा, तंबाकू उत्पादों के निर्माण, भंडारण, वितरण व बिक्री पर एक वर्ष का प्रतिबंध

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत (संजीव कौशिक)**
उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि जन स्वास्थ्य सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए हरियाणा सरकार द्वारा प्रदेश में गुटखा, पान मसाला तथा तंबाकू एवं निकोटीन युक्त उत्पादों के निर्माण, भंडारण, वितरण और बिक्री पर एक वर्ष की अवधि के लिए प्रतिबंध लगाया गया है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिला में इस प्रतिबंध की प्रभावी ढंग से पालना सुनिश्चित की जाए तथा प्रतिबंधित उत्पादों की बिक्री एवं वितरण पर कड़ी निगरानी रखी जाए।

## शहरों के विकास में साझा अनुभव और बेहतर समन्वय महत्वपूर्णः महापौर



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** महापौर रेणु बाला गुप्ता ने कहा कि बदलते समय के साथ शहरों की जरूरतें भी तेजी से बदल रही हैं। ऐसे में नगरीय विकास को अधिक प्रभावी और जनोन्मुखी बनाने के लिए महापौरों एवं स्थानीय निकायों के बीच निरंतर संवाद, आपसी समन्वय और अनुभवों का आदान-प्रदान बेहद महत्वपूर्ण है। एक.दूसरे के अनुभवों से सीखकर शहरों की विकास योजनाओं को और बेहतर तरीके से धरातल पर उतारा जा सकता है।
महापौर रेणु बाला गुप्ता ने ये विचार अपने पंचकूला प्रवास के दौरान हरियाणा अनुसूचित जाति आयोग की अध्यक्ष बंतो कटारिया सहित हरियाणा के महापौरों के साथ हुई आत्मीय भेंट के दौरान सांझा किए। इस अवसर पर विभिन्न नगरीय निकायों से जुड़े विषयों के साथ-साथ सामाजिक सरोकारों, जनसेवा और जनहित के मुद्दों पर भी विस्तार से विचार-विमर्श हुआ।
महापौर ने कहा कि नगर निकाय आम नागरिकों के सबसे नजदीक रहकर काम करने वाली संस्थाएं हैं। सडक, सफाई, पेयजल, स्ट्रीट लाइट, पार्क, सार्वजनिक स्थानों के रखरखाव सहित अनेक ऐसी मूलभूत सुविधाएं हैं, जिनका सीधा संबंध आमजन के दैनिक जीवन से है। इसलिए स्थानीय निकायों की कार्यप्रणाली में संवेदनशीलता, पारदर्शिता और जवाबदेही के साथ विकास को प्राथमिकता देना जरूरी है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के अलग-अलग शहरों में विकास को लेकर किए जा रहे प्रयासों और सामने आ रही चुनौतियों में काफी समानताएं हैं। ऐसे में महापौरों के बीच नियमित संवाद से न केवल समस्याओं के व्यावहारिक समाधान तलाशे जा सकते हैं, बल्कि सफल प्रयोगों को दूसरे शहरों में भी अपनाया जा सकता है। इससे सीमित संसाधनों में बेहतर परिणाम हासिल करने की दिशा में भी मदद मिलेगी।
इस दौरान नगरीय विकास से जुड़े विभिन्न विषयों, शहरों में नागरिक सुविधाओं को बेहतर बनाने, जनसमस्याओं के त्वरित समाधान तथा भविष्य में किए जाने वाले कार्यों को लेकर सकारात्मक मंथन हुआ।

## प्रभावी जनसेवा के साथ संगठन की मजबूती भी आवश्यक : रेणु बाला



**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** महापौर रेणु बाला गुप्ता ने पंचकुला स्थित भाजपा प्रदेश कार्यालय पंचकमल में भाजपा संगठन मंत्री फणींद्रनाथ शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित महापौरों की महत्वपूर्ण बैठक में सक्रिय सहभागिता की। इस दौरान उन्होंने जनसेवा और शहरी विकास से जुड़े विभिन्न विषयों पर अपने विचार एवं सुझाव रखे। बैठक में प्रदेश के विभिन्न नगर निकायों के महापौरों की भूमिका, संगठन की मजबूती, जनता से निरंतर संवाद तथा आगामी कार्ययोजना को लेकर विस्तार से चर्चा की गई।
महापौर रेणु बाला गुप्ता ने कहा कि नगर निकाय सीधे तौर पर आमजन से जुड़े होते हैं और शहरवासियों की रोजमर्रा की आवश्यकताओं एवं समस्याओं का समाधान उनकी प्राथमिक जिम्मेदारी है। ऐसे में जनप्रतिनिधियों को जनता के बीच रहकर उनकी समस्याओं को समझने और उनका समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करने की दिशा में निरंतर प्रयास करना चाहिए। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों के साथ-साथ स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, नागरिक सुविधाओं और जनकल्याण से जुड़े विषयों पर भी विशेष ध्यान दिया जाना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि संगठन की मजबूती का सबसे महत्वपूर्ण आधार कार्यकताओं और जनप्रतिनिधियों के बीच बेहतर समन्वय तथा जनता के साथ निरंतर संपर्क है। सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं और विकास कार्यों का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे, इसके लिए जमीनी स्तर पर प्रभावी प्रयास किए जाने चाहिए। उन्होंने बैठक में आगामी कार्ययोजना को लेकर भी अपने सुझाव साझा किए और कहा कि सामूहिक प्रयासों से शहरों के विकास को और अधिक गति दी जा सकती है।
बैठक की अध्यक्षता करते हुए भाजपा संगठन मंत्री फणींद्रनाथ शर्मा ने कहा कि महापौर नगरों में संगठन और जनसेवा दोनों की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी निभाते हैं। उन्होंने कहा कि जनप्रतिनिधियों को संगठनात्मक गतिविधियों के साथ-साथ जनता की अपेक्षाओं और स्थानीय समस्याओं के प्रति संवेदनशील रहते हुए कार्य करना चाहिए। उन्होंने कार्यकताओं एवं जनप्रतिनिधियों के बीच बेहतर तालमेल, सक्रिय जनसंपर्क और संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत बनाने पर विशेष जोर दिया।
फणींद्रनाथ शर्मा ने कहा कि भाजपा की कार्यशैली का मूल आधार संगठन और सेवा है। महापौरों एवं अन्य जनप्रतिनिधियों को सरकार की योजनाओं और नीतियों को जनता तक पहुंचाने के साथ उनके सुझावों एवं समस्याओं को संगठन के स्तर तक पहुंचाने में भी सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। बैठक में आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों, जनसंपर्क गतिविधियों तथा विभिन्न जनहितकारी कार्यों को लेकर भी विचार.विमर्श किया गया।

## श्री घंटाकर्ण भक्त वत्सल देवता हैं और सबको निहाल करते हैं : महासाध्वी प्रमिला

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**
**करनाल।** महाप्रभावी श्री घंटाकर्ण महावीर देवता के विशेष कृपा दिवस कृष्ण चौदस पर भक्ति संगम का आयोजन घंटाकर्ण महावीर तीर्थस्थान इंद्री रोड़ पर भक्तिभावनापूर्वक किया गया। सर्वप्रथम घंटाकर्ण बीजमंत्र के सामूहिक जाप से लोगमंगल तथा सभी के कल्याण की कामना की गई ।
साध्वी जागृति, पुष्पा गोयल, अनिता जैन,जयपाल सिंह, प्रवीण जैन-सरिता जैन ने सुमधुर भक्ति गीत प्रस्तुत किए। दादा अपने दर से अब तो न टालो गिरा जा रहा हूँ अब तो उठा लो, जीवन की रुलाती घडि़ों में मिलता है तुम्हारा प्यार मुझे कुछ चाह न बाकी रहती है दादा आके दरबार तेरे, मुझे कौन पूछता था तेरी बंदगी से पहले मैं खुद को ढूँढता था तेरी बंदगी से पहले, मांगा है मैंने बाबा से वरदान एक ही, तेरी कृपा बनी रहे जब तक है जिंदगी, जिस पर बाबा का हाथ हो, वह पार हो गया, आया शरण जो तेरी उद्धार हो गया, आसमां से चांद तारे दिखें न दिखें मुझे तेरी झलक जरूर चाहिए, तुम्हीं मेरी नैया किनारा तुम्हीं होय मेरी जिंदगी का सहारा तुम्ही हो, प्रभु वचनों को रखना संभाल के, इन वचनों में गहरा राज है, जहां ले चलोगे वहीं मैं चलूंगा, ना कोई उलाहना ना कोई मर्जी, कर लो करा लो जो प्रभु तेरी मर्जी, कहना भी होगा तो तुम्हीं से कहूंगा आदि भजनों की पंक्तियों ने भक्तिमई वातावरण बनाया।
महासाध्वी श्री प्रमिला जी महाराज ने महाप्रभावी श्री घंटाकर्ण देवता के संदर्भ में बतलाया कि भक्ति परमात्मा तथा दिव्य शक्तियों की कृपा रूपी ऊर्जा पाने का सर्वोत्तम तथा सबसे उपयोगी माध्यम है। भक्ति निष्काम होने पर ज्यादा फलदायिनी होती है।

## न्यूज़ फ्लैश

### आयुष विवि की छात्रा डॉ. ज्योति ने यूजीसी-नेट किया क्वालीफाई



टीम एक्शन इंडिया
दलबीर सिंह मलिक
**कुरुक्षेत्र:** श्री कृष्ण आयुष विश्वविद्यालय के आयुर्वेद संहिता एवं सिद्धांत विभाग की पीजी फाइनल ईयर की छात्रा डॉ. ज्योति ने यूजीसी-नेट जून 2026 परीक्षा में शानदार सफलता हासिल की है। डॉ. ज्योति ने विभाग की डॉ. लसिथा के मार्गदर्शन में आयुर्वेद बायोलॉजी विषय में यूजीसी-नेट परीक्षा असिस्टेंट प्रोफेसर एवं पीएचडी श्रेणी में क्वालीफाई किया है। आयुष विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. वैद्य करतार सिंह धीमान, कुलसचिव डॉ. कृष्णकांत गुप्ता तथा संस्थान के प्राचार्य प्रो. आशीष मेहता ने डॉ. ज्योति की इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी। कुलपति प्रो. वैद्य करतार सिंह धीमान ने कहा कि डॉ. ज्योति की यह सफलता उनकी मेहनत और पढ़ाई के प्रति लगन का परिणाम है। उन्होंने कहा कि आयुर्वेद को आधुनिक शोध के साथ आगे बढ़ाने के लिए ऐसे प्रयास महत्वपूर्ण हैं। डॉ. ज्योति की उपलब्धि से विश्वविद्यालय के अन्य विद्यार्थियों और शोधार्थियों को भी आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलेगी। विश्वविद्यालय परिवार ने डॉ. ज्योति को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य और आगे भी इसी तरह सफलता हासिल करने की कामना की।

### जिमखाना क्लब विवादः अंतरिम रोक की याचिका निरस्त



**सोनीपत** राजनारायण ने कोर्ट के आर्डर कॉपी को दिखाते हुए कहा कि सोनीपत के सेक्टर-6 स्थित जिमखाना क्लब विवाद में सिविल जज (कनिष्ठ विभाग) की अदालत ने याचिकाकर्ता विजेंदर कुमार की अंतरिम रोक (स्टे) लगाने वाली याचिका खारिज कर दी है। सुनवाई के दौरान अदालत ने 17 अप्रैल 2025 की प्रस्तावना, सीमित दायित्व साझेदारी (एलएलपी) समझौते और भारतीय साझेदारी अधिनियम की धारा 24 के प्रावधानों का परीक्षण किया। उन्होंने कहा कि अदालत ने प्रथम दृष्टया पाया कि संबंधित पक्ष को क्लब परियोजना और उसकी व्यवस्थाओं की पूरी जानकारी थी, लेकिन लंबे समय तक कोई आपत्ति दर्ज नहीं कराई गई। हालांकि, अदालत ने अपने आदेश में स्पष्ट किया कि अंतरिम रोक की याचिका पर लिया गया यह फैसला केवल अस्थायी राहत तक सीमित है और यह पक्षकारों के अंतिम कानूनी अधिकारों या दावों का निर्धारण नहीं करता है।

# 15 सितंबर से शुरू हो धान की सरकारी खरीद : सुखविंदर भूखड़ी

15 सितंबर से शुरू हो धान की सरकारी खरीद : सुखविंदर भूखंड

**बैठक**

**किसान विश्राम गृह, बाबैन अनाजमंडी में किसानों की बैठक का आयोजन किया गया**



टीम एक्शन इंडिया
**बाबैन, (संदीप दहिया):** भारतीय किसान यूनियन (चढ़ूनी) की ओर से किसान विश्राम गृह, बाबैन अनाजमंडी में किसानों की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में भाकियू के प्रदेश कोषाध्यक्ष सुखविंदर भूखड़ी ने मुख्य रूप से शिरकत की, जबकि अध्यक्षता ब्लॉक अध्यक्ष रमेश कुमार मंगोली जाटान ने की। बैठक में किसानों की विभिन्न समस्याओं एवं प्रमुख मांगों को लेकर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश कोषाध्यक्ष सुखविंदर भूखड़ी ने कहा कि किसानों की प्रमुख मांगों में गन्ने के भाव में बढ़ोतरी कर इसे 600 रुपये प्रति क्विंटल किया जाना तथा धान की सरकारी खरीद 15 सितंबर से शुरू करना शामिल है। उन्होंने कहा कि किसानों को उनकी फसलों का उचित मूल्य मिलना चाहिए, ताकि बढ़ती लागत के बीच उन्हें आर्थिक राहत मिल सके। ब्लॉक अध्यक्ष रमेश कुमार मंगोली जाटान ने कहा कि भाजपा सरकार के सत्ता में आने के बाद गन्ने के मूल्य में अपेक्षाकृत बहुत कम बढ़ोतरी हुई है, जबकि चीनी के दाम 60 रुपये प्रति किलो से अधिक पहुंच चुके हैं। इसके बावजूद किसानों को गन्ने का उचित मूल्य नहीं मिल रहा है। उन्होंने सरकार से मांग की कि किसानों के हितों को ध्यान में रखते हुए गन्ने का भाव बढ़ाकर 600 रुपये प्रति क्विंटल किया जाए। उन्होंने कहा कि धान की खरीद भी 15 सितंबर से शुरू की जानी चाहिए, ताकि मंडियों में पहुंचने वाली धान की फसल की समय पर खरीद हो सके और किसानों को अपनी फसल बेचने के लिए परेशान न होना पड़े। रमेश कुमार ने चेतावनी दी कि यदि 15 सितंबर से धान की खरीद शुरू नहीं हुई तो भारतीय किसान यूनियन (चढ़ूनी) 16 सितंबर को शाहाबाद में किसानों की महापंचायत आयोजित करने पर मजबूर होगी। बैठक में पूर्व ब्लॉक प्रधान सतबीर सिंह घिसरपड़ी, गुरदयाल सिंह सूरजगढ़, पवन सूरजगढ़, हरपाल मंगोली, हाकम सिंह मंगोली, आर्यम मंगोली, विनोद कुमार, राजेंद्र सिंह मंगोली, मायाराम, सोमनाथ घिसरपड़ी, नरेश कुमार, जय कुमार हमीदपुर सहित अन्य किसान एवं संगठन के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## डेढ़ साल से जमीन की फाइल अटका कर सनद के लिए मांगे 25 हजार

**काबू**

**सनद तकसीम का यह मामला करीब डेढ़ साल से लंबित था, इस दौरान कई गिरदावर बदल चुके थे**

टीम एक्शन इंडिया
**सोनीपत (संजीव कौशिक)** एंटी करप्शन ब्यूरो की सोनीपत टीम ने मंगलवार को हलका गिरदावर को रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है। आरोपित राजेश मलिक राई उपतहसील के एक व्यक्ति से सनद तकसीम कराने की एवज में 25 हजार रुपये ले रहा था। एसीबी की टीम ने आरोपित को रंगे हाथ पकड़ा है। सनद तकसीम का यह मामला करीब डेढ़ साल से लंबित था, इस दौरान कई गिरदावर बदल चुके थे, लेकिन जमीन पर कब्जा दिलाने की कार्रवाई नहीं की जा रही थी। एसीबी ने आरोपित के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम को शिकायत मिली थी कि गांव पबसरा की जमीन के एक मामले में सनद तकसीम की कार्रवाई को जानबूझकर लटकाया जा रहा है। गन्नौर तहसील से बदलकर आए हलका गिरदावर राजेश मलिक के पास सोनीपत और राई का अतिरिक्त कार्यभार था। पबसरा के ग्रामीण ने जमीन की तकसीम के बाद सनद तकसीम के लिए राजेश मलिक से संपर्क किया तो उसने इसकी एवज में 25 हजार रुपये मांगे। रुपये लेने के लिए शाम पांच बजे उसे पुरानी तहसील में बुलाया गया। मंगलवार को जैसे ही पीड़ित ने आरोपित को रुपये दिए, एसीबी की टीम ने तुरंत उसे गिरफ्तार कर लिया। उसके खिलाफ केस दर्ज किया गया है।

**भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस : डॉ. चावला**

राज्य सतर्कता एवं भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के निदेशक डा. एएस चावला ने कहा कि भ्रष्टाचार के मामलों में ब्यूरो की जीरो टालरेंस की नीति है। भ्रष्टाचार में संलिप्त कोई भी अधिकारी या कर्मचारी कानून से ऊपर नहीं है और उसके खिलाफ नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने आमजन से अपील की कि यदि कोई सरकारी अधिकारी अथवा कर्मचारी सरकारी कार्य करने की एवज में रिश्वत की मांग करता है, तो इसकी सूचना तुरंत हरियाणा एंटी करप्शन ब्यूरो के टोल-फ्री नंबर 1800-180-2022 अथवा 1064 पर दें।

## गुरुग्रामः अरबेनिक कंपनी में नौकरी करने वाले युवक ने लगाई फांसी

**गुरुग्राम।** जिले के खंड फर्रुखनगर थाना क्षेत्र के वार्ड नंबर-2 में एक 21 साल के युवक ने फांसी लगाकर जान दे दी। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी है। मृतक की पहचान मुलायम पुत्र रघुनाथ (21) के रूप में हुई है। वह उत्तर प्रदेश के दलेलनगर, कंचनपुर जिला लखीमपुर खीरी का रहने वाला था। मुलायम पिछले कुछ समय से फर्रुखनगर में रह रहा था। वह वार्ड नंबर-2 में काला महादेव मंदिर के पास सुरेश के मकान में किराए पर रहता था। मुलायम फर्रुखनगर की अरबेनिक कंपनी में नौकरी करता था। बताया जा रहा है कि घटना के समय मुलायम का साथी कंपनी में ड्यूटी गया हुआ था। जब वह ड्यूटी से वापस लौटा, तो उसे मुलायम के फांसी लगाने की जानकारी मिली। इसके बाद साथी ने पुलिस के साथ-साथ मुलायम के परिवार को भी सूचना दी। जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में ले लिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए गुरुग्राम भेज दिया है।

## डॉयल-112 ने हादसे में घायल युवक की बचाई जान, एसपी ने किया सम्मानित



टीम एक्शन इंडिया
मनीष कुमार
**अम्बाला:** अंबाला में मानवीय संवेदना और मुस्तैदी का एक सराहनीय मामला सामने आया है। बीती 1 सितंबर 2026 की देर रात डॉयल-112 की टीम ने फरिश्ता बनकर एक घायल बाइक सवार की जान बचाई। त्वरित कार्रवाई और सूझबूझ का परिचय देने वाली इस टीम को पुलिस अधीक्षक अंबाला द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया है। घटना 1 सितंबर 2026 की रात्रि करीब 3:30 बजे की है। अंबाला-हिसार रोड पर दुर्गा नगर पेट्रोल पंप के पास एक बाइक सवार सड़क किनारे बेसुध हालत में पड़ा हुआ था। उस दौरान रात्रि गश्त पर तैनात डॉयल-112 की वाहन संख्या 103 मौके पर फरिश्ता बनकर पहुंची। इस ईआरवी पर उपनिरीक्षक रणधीर सिंह (इंचार्ज), चालक एसपीओ सुरेश कुमार और सहायक एसपीओ रणबीर सिंह ड्यूटी पर तैनात थे। किसी राहगीर द्वारा सूचना मिलते ही टीम बिना एक पल गंवाए तुरंत गाड़ी लेकर मौके पर पहुँची। सराहनीय कार्य और उत्कृष्ट कर्तव्यपरायणता के चलते अंबाला के पुलिस अधीक्षक श्री अजीत सिंह शेखावत ने अपने कार्यालय में बुलाकर डॉयल-112 की ईआरवी-103 पर तैनात तीनों कर्मचारियों–उपनिरीक्षक रणधीर सिंह, एसपीओ सुरेश कुमार और एसपीओ रणबीर सिंह को प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया और उनके इस नेक कार्य की सराहना की। अंबाला पुलिस अपनी कर्तव्यनिष्ठा और जनसेवा के लिए निरंतर प्रतिबद्ध है। इससे पहले बीते 11 फरवरी 2026 को थाना पड़ाव क्षेत्र में तैनात डायल 112 के कर्मचारियों–उपनिरीक्षक सुखदेव, बलविंदर तथा पवन ने भी ईमानदारी और मानवता की मिसाल पेश की थी। रात्रि के समय ड्यूटी के दौरान एक वाहन चालक की मदद करने के साथ-साथ उन्हें 22,000 रुपये से भरा पर्स लावारिस हालत में मिला था, जिसे उन्होंने पूरी ईमानदारी के साथ मालखाना में जमा करवाया था। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक अंबाला अजीत सिंह शेखावत ने सभी पुलिस कर्मचारियों को संदेश दिया कि वे अपनी ड्यूटी पूरी ईमानदारी, निष्ठा और जनता के साथ बेहतरीन व्यवहार के साथ निभाएं। उन्होंने कहा कि ₹आमजन की सेवा, सुरक्षा और सहयोग करना हमारी सबसे बड़ी जिम्मेदारी है।

## मेयर राजीव जैन ने 10 परिवारों को मालिकाना हक के प्रमाण पत्र वितरित किये



**प्रमाण पत्र**

**नागरिकों को प्लाट के मालिकाना हक के प्रमाण पत्र बांटने की प्रक्रिया लम्बे अंतराल के बाद फिर से शुरू हो गई**

टीम एक्शन इंडिया
**सोनीपत (संजीव कौशिक)** हरियाणा सरकार द्वारा शुरू की गई स्वामित्व योजना के तहत लाल डोरा क्षेत्र में रह रहे नागरिकों को प्लाट के मालिकाना हक के प्रमाण पत्र बांटने की प्रक्रिया लम्बे अंतराल के बाद फिर से शुरू हो गई है। नगर निगम मेयर राजीव जैन ने 10 परिवारों को प्रमाण पत्र वितरित किये। वीरवार को अतिरिक्त निगम आयुक्त विजय यादव की मौजूदगी में आवेदकों को प्रमाण पत्र वितरित किये गए। प्रमाण पत्र पाने के बाद नागरिकों में खुशी की लहर दौड़ गई और उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का आभार व्यक्त किया। लाल डोरे की रजिस्ट्री ना होने के कारण प्रॉपर्टी की खरीद फरोख्त करने, बैंकों से ऋण लेने, प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मकानों की मरम्मत के लिए पैसा लेने में परेशानी होती थी। इस अवसर पर मेयर जैन ने कहा कि योजना लागू होने के बाद गत वर्ष जुलाई एवं दिसंबर माह में लगभग 650 परिवारों को प्रमाण पत्र वितरित किये गए थे और बाद में नगर निगम चुनाव, वोटर लिस्ट के शुद्धिकरण के चलते प्रमाण पत्र बनाने एवं वितरण करने का काम लटक गया था। उन्होंने पिछले सप्ताह ही अधिकारियों को बुलाकर निर्देश दिए थे कि लाल डोरे के स्वामित्व वाले प्रमाण पत्रों को बनाने के काम में तेजी लाई जाये।

## एस.एस. पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल में इन-हाउस प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन



टीम एक्शन इंडिया
**अंतिम प्रजापति साढ़ौरा**
एस.एस. पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल, साढ़ौरा में शिक्षकों के व्यावसायिक विकास एवं शिक्षण कौशल को प्रभावी बनाने के उद्देश्य से इन-हाउस प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण का विषय (शिक्षण पद्धति के रूप में कहानी-कथन) रहा। कार्यक्रम में रिसोर्स पर्सन डॉ. दीपिंदर वालिया ने शिक्षकों को कहानी-कथन की विभिन्न तकनीकों एवं कक्षा शिक्षण में इसके प्रभावी प्रयोग के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कहानी-कथन विद्यार्थियों की कल्पनाशक्ति, रचनात्मकता, सुनने की क्षमता, भाषा कौशल तथा विषय को समझने की रुचि को बढ़ाने का एक प्रभावी माध्यम है। प्रशिक्षण के दौरान शिक्षकों ने विभिन्न गतिविधियों एवं व्यावहारिक अभ्यासों में उत्साहपूर्वक भाग लिया। डॉ. दीपिंदर वालिया ने शिक्षकों को यह भी समझाया कि किस प्रकार पाठ्यक्रम के विभिन्न विषयों को रोचक कहानियों और गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों तक सरल एवं प्रभावशाली ढंग से पहुँचाया जा सकता है।

## कमरे से 639 ग्राम चरस मिलने के मामले में जेल में बंद महंत गिरफ्तार

**कैथल।** बाबा लदाना स्थित डेरा बाबा राजपुरी के महंत रहे दुजपुरी की मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं। हत्या के मामले में जिला जेल में बंद दुजपुरी को डेरा परिसर स्थित उसके कमरे से 639 ग्राम चरस (सुल्फा) बरामद होने के मामले में संगतपुरा चौकी पुलिस ने प्रोडक्शन वारंट पर लिया है। अदालत में पेश करने के बाद पुलिस को आरोपी का पांच दिन का रिमांड मिला है। पुलिस के अनुसार सात सितंबर को न्यायालय के आदेश पर डेरा बाबा राजपुरी में तलाशी अभियान चलाया गया था। इस दौरान दुजपुरी के विश्राम कक्ष में बनी अलमारी से पॉलीथिन में रखा 639 ग्राम नशीला पदार्थ बरामद हुआ था।

## अवैध कट खोलने वाले होटल व पेट्रोल पम्प मालिकों पर होगी एफआईआरः राठी



**सख्ती**

**सड़क सुरक्षा के साथ किसी भी प्रकार का समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा**

टीम एक्शन इंडिया
दलबीर सिंह मलिक
**कुरुक्षेत्र :** एसडीएम शाहाबाद शंभू राठी ने कहा कि नेशनल हाईवे 44 पर बार-बार अवैध कट खोलने वाले होटल व पेट्रोल पम्प मालिकों पर एफआईआर होगी। सड़क सुरक्षा के साथ किसी भी प्रकार का समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। हाईवे के नियमों का उल्लंघन करने वालों पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। एसडीएम शंभू राठी ने कमेटी में शामिल अन्य सदस्यों के साथ उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा के आदेशानुसार सड़क सुरक्षा को लेकर फील्ड निरीक्षण किया गया है। बैठक में संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ नेशनल हाईवे-44 पर चिन्हित किए गए ब्लैक स्पॉटों का विस्तृत निरीक्षण किया गया। इस मौके पर इंस्पेक्टर जोगिंद्र ढुल, पुलिस इंस्पेक्टर शेर सिंह सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने पाया कि नेशनल हाईवे पर कई जगहों पर अवैध कट बने हुए हैं, जो सड़क हादसों का मुख्य कारण बन रहे हैं। इन अवैध कटों से गलत दिशा से वाहन हाईवे पर आ जाते हैं, जिससे गंभीर दुर्घटनाएं होने का खतरा बना रहता है। इस पर संज्ञान लेते हुए उप मंडल अधिकारी ने मौके पर ही नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया (एनएचएआई) के अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि हाईवे पर बने सभी ब्लैक स्पॉट और अवैध कटों को तुरंत प्रभाव से बंद किया जाए। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा के साथ किसी भी प्रकार का समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। यदि कोई भी होटल, रेस्टोरेंट, ढाबा या पेट्रोल पम्प मालिक द्वारा अपने निजी लाभ के लिए बार-बार अवैध कट खोला जा रहा है, तो उसके खिलाफ नियमानुसार मुकदमा दर्ज किया जाए। हाईवे के नियमों का उल्लंघन करने वालों पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# खेल जगत का विश्व का सबसे बड़ा अखाड़ा बनेगी नमो क्रिकेट लीग-2026



**तैयारी**

**आयोजित होने जा रही प्रतियोगिता खेल जगत में एक नया इतिहास रचने की दिशा में बड़ा कदम**

टीम एक्शन इंडिया
**पंचकूला।** देश की युवा शक्ति को नशे जैसी सामाजिक बुराई से दूर कर खेलों की ओर आकर्षित करने तथा युवाओं में स्वस्थ जीवनशैली, अनुशासन और राष्ट्र निर्माण की भावना को मजबूत करने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री के राजनीतिक सचिव तरुण भंडारी की विशेष प्रेरणा एवं भंडारी चैरिटेबल ट्रस्ट के तत्वावधान में नमो क्रिकेट लीग-2026 का भव्य आयोजन किया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर आयोजित होने जा रही यह प्रतियोगिता खेल जगत में एक नया इतिहास रचने की दिशा में बड़ा कदम है। आयोजकों के अनुसार, यह आयोजन खेल जगत का विश्व का सबसे बड़ा अखाड़ा बनने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। नमो क्रिकेट लीग-2026 का भव्य शुभारंभ 17 सितंबर 2026, गुरुवार को शाम 4 बजे, नई दिल्ली स्थित इंदिरा गांधी नेशनल स्टेडियम के के.डी. जाधव हॉल में होगा।

**केवल क्रिकेट प्रतियोगिता नहीं, बल्कि सामाजिक आंदोलन**

मुख्यमंत्री के राजनीतिक सचिव तरुण भंडारी ने कहा कि नमो क्रिकेट लीग केवल एक क्रिकेट टूर्नामेंट नहीं है, बल्कि युवाओं को सही दिशा देने और नशे के खिलाफ समाज में व्यापक जागरूकता पैदा करने का एक बड़ा सामाजिक अभियान है। उन्होंने कहा कि इस पूरे अभियान का मूल मंत्र है– बल्ला घुमाओ, नशा छुड़ाओ खेल से बनेगा नया भारत–नशा मुक्त भारत तरुण भंडारी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सपना एक सशक्त, स्वस्थ, समृद्ध और नशा मुक्त भारत का है। इसी सोच को धरातल पर उतारने के उद्देश्य से सुदेश भंडारी चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा यह अनूठी पहल की गई है। उन्होंने कहा कि युवाओं के अंदर अपार ऊर्जा और प्रतिभा है। जरूरत इस बात की है कि उनकी ऊर्जा को सकारात्मक दिशा दी जाए। खेल युवाओं को अनुशासन, टीम भावना, नेतृत्व और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की सीख देता है।

**-3,200 से अधिक टीमें और 50 हजार से ज्यादा युवा खिलाड़ी**

नमो क्रिकेट लीग-2026 में 3,200 से अधिक टीमें हिस्सा लेंगी और इनसे जुड़े 50,000 से ज्यादा युवा खिलाड़ी अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। 3,200 टीमों के कप्तान और उप-कप्तान भी पहुंचेंगे इस ऐतिहासिक आयोजन की सबसे बड़ी विशेषताओं में से एक यह होगी कि प्रतियोगिता में भाग लेने वाली 3,200 से अधिक टीमों के कप्तान और उप-कप्तान भी भव्य शुभारंभ समारोह में विशेष रूप से शामिल होंगे। हजारों कप्तानों और उप-कप्तानों की एक साथ मौजूदगी इस आयोजन को खेल जगत के एक ऐतिहासिक महासंगम का रूप देगी। अलग-अलग क्षेत्रों से आने वाले ये खिलाड़ी और टीम प्रतिनिधि खेल भावना, एकता और भाईचारे का संदेश भी देंगे। तरुण भंडारी की टीम में पूरा जोश और उत्साह सुदेश भंडारी चैरिटेबल ट्रस्ट के प्रवक्ता श्री मुकेश सिंगला ने बताया कि नमो क्रिकेट लीग को लेकर विभिन्न राज्यों में युवाओं और खिलाड़ियों के बीच जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि तरुण भंडारी की पूरी टीम पूर्ण जोश और उत्साह के साथ आयोजन की तैयारियों में जुटी हुई है। विभिन्न राज्यों में खेल को लेकर युवाओं में पूरा जोश है और बड़ी संख्या में टीमें इस अभियान से जुड़ रही हैं। सुदेश भंडारी चैरिटेबल ट्रस्ट के प्रवक्ता श्री मुकेश सिंगला ने कहा कि यह आयोजन खिलाड़ियों को केवल प्रतिस्पर्धा का मंच नहीं देगा, बल्कि उन्हें एक बड़े सामाजिक उद्देश्य से भी जोड़ेगा। युवाओं तक नशे के खिलाफ सकारात्मक संदेश पहुंचाना इस अभियान की सबसे बड़ी प्राथमिकताओं में शामिल है। एक करोड़ रुपये से अधिक की पुरस्कार राशि खिलाड़ियों के उत्साहवर्धन और खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के लिए प्रतियोगिता में एक करोड़ रुपये से अधिक की विशाल पुरस्कार राशि रखी गई है।आयोजकों का मानना है कि इतने बड़े मंच पर अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर युवा खिलाड़ियों के भविष्य के लिए भी महत्वपूर्ण साबित होगा।

**-भव्य समारोह में संत समाज, राजनेता और देश की कई बड़ी हस्तियां होंगी शामिल**

17 सितंबर को होने वाला भव्य शुभारंभ समारोह अपने आप में ऐतिहासिक और यादगार होगा। समारोह में संत समाज के प्रमुख संत-महात्मा, विभिन्न राजनीतिक दलों के वरिष्ठ राजनेता, जनप्रतिनिधि, समाजसेवी, खेल जगत से जुड़ी हस्तियां तथा देश की अनेक बड़ी और प्रतिष्ठित हस्तियां शामिल होकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करेंगी।

# रोटरी क्लब ऑफ गन्नौर रॉयल का पदग्रहण समारोह 'उत्थान' धूमधाम से संपन्न, नितिन जैन बने अध्यक्ष

**समारोह**

- उत्थान का आयोजन जीटी रोड स्थित एक होटल में गरिमामय वातावरण में किया गया




**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर।** रोटरी क्लब ऑफ गन्नौर रॉयल की ओर से वर्ष 2026-27 के लिए भव्य पदग्रहण समारोह ह्यउत्थानह्न का आयोजन जीटी रोड स्थित एक होटल में हर्षोल्लास एवं गरिमामय वातावरण में किया गया। समारोह में रोटरी जिला 3012 के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रोटेरियन अमित गुप्ता एवं डॉ. स्वाति गुप्ता ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। वहीं जोन-10 के असिस्टेंट गवर्नर रोटेरियन रविंदर भारद्वाज एवं पूजा भारद्वाज विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। समारोह के दौरान रोटेरियन नितिन जैन एवं निकिता जैन ने वर्ष 2026-27 के लिए अध्यक्ष पद की शपथ लेकर कार्यभार संभाला। वहीं गौरव जैन ने सचिव तथा अंकित गोयल ने कोषाध्यक्ष के रूप में पदभार ग्रहण किया। नई कार्यकारिणी के पदाधिकारियों को क्लब के सदस्यों ने शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में क्लब के चार्टर प्रेसिडेंट रोटेरियन अजय त्यागी तथा क्लब ट्रेनर रोटेरियन अनिल जैन ने मार्गदर्शक की भूमिका निभाई। मंच संचालन का दायित्व पास्ट प्रेसिडेंट रोटेरियन जतिन जैन एवं आंचल जैन ने संभाला। नेहा मित्तल एवं अंजली जिंदल ने सह-संचालन में सहयोग किया। समारोह में पास्ट प्रेसिडेंट प्रवीन मित्तल तथा पास्ट सेक्रेटरी नितिन बंसल की भी विशेष उपस्थिति रही। समारोह में रोटरी क्लब ऑफ गन्नौर रॉयल के सभी सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और नई कार्यकारिणी को शुभकामनाएं देते हुए क्लब की आगामी गतिविधियों में पूरा सहयोग देने का संकल्प लिया।

# राज्य स्तरीय अंडर-17 गर्ल्स वालीबाल के लिए रतिराम स्कूल की छह छात्राओं का चयन

**उपलब्धि**

- रतिराम मेमोरियल सीनियर सेकेंडरी स्कूल, खुबड़ू की छात्राओं ने उपलब्धि हासिल की



**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर ।** रतिराम मेमोरियल सीनियर सेकेंडरी स्कूल, खुबड़ू की छात्राओं ने वालीबाल के क्षेत्र में शानदार उपलब्धि हासिल की है। राज्य स्तरीय अंडर-17 गर्ल्स वालीबाल प्रतियोगिता के लिए विद्यालय की छह छात्राओं का चयन हुआ है। चयनित खिलाड़ी 11 से 13 सितंबर तक जींद में आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगी। विद्यालय से चयनित खिलाड़ियों में अन्नू, तमन्ना, आन्या, प्राची, वासंका और पायल शामिल हैं। इसके अलावा विद्यालय की एक अन्य छात्रा मानसी का चयन अंडर-19 गर्ल्स वालीबाल प्रतियोगिता के लिए हुआ है। विद्यालय के प्रबंधक रविंद्र धनखड़ ने बताया कि छात्राएं नियमित रूप से खेलों में भाग लेती हैं और विद्यालय में शाम के समय प्रतिदिन करीब दो घंटे वालीबाल का अभ्यास करती हैं। नियमित अभ्यास और मेहनत के चलते खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा को निखारा है और अब उन्हें राज्य स्तर पर अपनी खेल प्रतिभा दिखाने का अवसर मिला है। विद्यालय के प्रबंधक रविंद्र धनखड़ ने चयनित सभी खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## न्यूज फ्लैश

### हरियाणा स्कूल स्टेट गर्ल्स फुटबॉल टूर्नामेंट में सोनीपत टीम ने हासिल किया तीसरा स्थान



**राई ।** 59वें हरियाणा स्कूल स्टेट गर्ल्स फुटबॉल टूनामेंट में सोनीपत जिले की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए तीसरा स्थान हासिल किया। पानीपत जिले में 5 से 7 सितंबर तक आयोजित अंडर-14, अंडर-17 और अंडर-19 गर्ल्स फुटबॉल प्रतियोगिता में विभिन्न जिलों की टीमों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में सोनीपत जिले की खिलाड़ियों ने बेहतरीन खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया। पीएम श्री राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, मुरथल की अंडर-14 टीम से छात्रा पूर्वशी और किरण का सोनीपत जिले की टीम में चयन हुआ। दोनों छात्राओं ने प्रतियोगिता में अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया। छात्राओं के चयन और जिले की टीम के तीसरे स्थान पर रहने से विद्यालय परिवार में खुशी का माहौल है। छात्राओं को फुटबॉल कोच दीपक आंतिल तथा डीपीई संगीता के मार्गदर्शन में नियमित प्रशिक्षण दिया जाता है। विद्यालय के प्राचार्य सुनील त्यागी ने छात्राओं की उपलब्धि पर बधाई दी। उन्होंने कहा कि विद्यालय विद्यार्थियों के शैक्षणिक विकास के साथ-साथ खेल एवं अन्य गतिविधियों में भी उनके सर्वांगीण विकास के लिए लगातार प्रयासरत है।

### लर्निंग ड्राइविंग लाइसेंस ट्रेनिंग के लिए पहुंचे लोगों को यातायात नियमों व साइबर सुरक्षा की दी जानकारी

**टीम एक्शन इंडिया**
**कमल मिड्ढा**
**करनाल।** जिला पुलिस द्वारा आमजन को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने तथा सडक दुर्घटनाओं में कमी लाने के उद्देश्य से लगातार सडक सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसके साथ ही आमजन को बढ़ते साइबर अपराधों से बचाव के प्रति जागरूक करने के लिए भी विभिन्न स्थानों पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

इसी कड़ी में ट्रैफिक पार्क, सेक्टर-7, करनाल में लर्निंग ड्राइविंग लाइसेंस ट्रेनिंग एवं मोटर वाहन चालान का भुगतान करने से पूर्व लर्निंग क्लास के लिए पहुंचे व्यक्तियों को सडक सुरक्षा एवं साइबर सुरक्षा के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी देकर जागरूक किया गया। यह जागरूकता कार्यक्रम थाना हाईवे करनाल के कोऑर्डिनेटर सहायक उप निरीक्षक अजय कुमार द्वारा आयोजित किया गया।

इस दौरान सहायक उप निरीक्षक अजय कुमार ने उपस्थित लोगों को यातायात नियमों की जानकारी देते हुए बताया कि सडक पर वाहन चलाते समय यातायात नियमों का पालन करना प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। उन्होंने वाहन चलाते समय निर्धारित गति सीमा का पालन करने, दोपहिया वाहन पर चालक एवं सवारी द्वारा हेलमेट पहनने, चारपहिया वाहन में सीट बेल्ट का प्रयोग करने, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का इस्तेमाल न करने तथा नशे की हालत में वाहन न चलाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि छोटी-सी लापरवाही भी सडक दुर्घटना का कारण बन सकती है, इसलिए वाहन चालक स्वयं यातायात नियमों का पालन करने के साथ-साथ अपने परिवार एवं अन्य लोगों को भी यातायात नियमों के प्रति जागरूक करें। उन्होंने विशेष रूप से युवाओं को तेज गति एवं खतरनाक तरीके से वाहन चलाने से बचने की अपील की। कार्यक्रम के दौरान लोगों को साइबर सुरक्षा के संबंध में भी जागरूक किया गया। उपस्थित व्यक्तियों को बताया गया कि साइबर ठगी से बचने के लिए किसी अनजान व्यक्ति के साथ अपना ओटीपी, एटीएम-डेबिट कार्ड संबंधी जानकारी, बैंक खाते की जानकारी, पासवर्ड या अन्य व्यक्तिगत जानकारी साझा न करें।

# किसान प्रशिक्षण शिविर में प्राकृतिक खेती अपनाने के लिए किया प्रेरित

**शिविर**

- ठरू में प्राकृतिक खेती विषय पर एक दिवसीय किसान प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया



**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर ।** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार के कृषि विज्ञान केंद्र (केवीके) गांव ठरू में प्राकृतिक खेती विषय पर एक दिवसीय किसान प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया। कार्यक्रम के संयोजक वरिष्ठ जिला विस्तार विशेषज्ञ डॉ. परमिंदर मलिक रहे। शिविर का उद्देश्य किसानों को रासायनिक खादों और कीटनाशकों पर निर्भरता कम कर पर्यावरण-अनुकूल प्राकृतिक खेती अपनाने के लिए प्रेरित करना रहा। डॉ. परमिंदर सिंह ने किसानों को प्राकृतिक खेती के लाभों की जानकारी देते हुए कहा कि इसके माध्यम से खेती की लागत कम करने के साथ मिट्टी की उपजाऊ शक्ति और भूजल की गुणवत्ता में सुधार किया जा सकता है। प्रशिक्षण के दौरान किसानों को देसी गाय के गोबर व गोमूत्र से जीवामृत, बीजामृत, घनजीवामृत और प्राकृतिक कीटनाशक तैयार करने की व्यावहारिक विधि समझाई गई। इसके अलावा किसानों को प्राकृतिक उत्पादों की ग्रेडिंग, प्रोसेसिंग, ब्रांडिंग, प्रमाणन और सीधे बिक्री के संबंध में भी जानकारी दी गई।

विशेषज्ञों ने रासायनिक अवशेषों से मुक्त खाद्यान्न उत्पादन को मानव स्वास्थ्य और पर्यावरण संतुलन के लिए महत्वपूर्ण बताया। शिविर में जिला महामंत्री नीरज ठरू, प्रगतिशील किसान अजय भटाना, राजमल, राज सिंह समेत करीब 50 किसानों ने भाग लिया।

# अवैध हथियारों के मामले में एंटी नारकोटिक्स सेल की बड़ी कार्रवाई, दो आरोपी गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडियां**
**कमल मिड्ढा**
**करनाल।** एंटी नारकोटिक्स सेल करनाल इंचार्ज उप निरीक्षक राजन सिंह के नेतृत्व में की टीम ने थाना मधुबन में दर्ज मामले में आर्म्स एक्ट की धाराओं के तहत कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान उगमा राम डारा पुत्र चेनाराम निवासी गांव ललाणा कलां, थाना गच्छीपुरा, जिला डीडवाना-कुचामन, राजस्थान तथा अनिल कुमार पुत्र राजेश्वर निवासी गांव चाऊ पलिया, थाना जैंतीपुर, जिला शाहजहांपुर, उत्तर प्रदेश के रूप में हुई है। पुलिस टीम ने आरोपियों के कब्जे से एक देसी पिस्तौल .315 बोर, एक जिंदा कारतूस .315 बोर तथा एक देसी पिस्तौल .12 बोर बरामद किया है। इसके साथ ही वारदात में प्रयुक्त सफेद रंग की हुंडई आई-20 कार को भी कब्जे में लिया गया है। टीम द्वारा दोनों आरोपियों को नियम अनुसार आज गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों को अदालत में पेश कर पुलिस हिरासत रिमांड लिया जाएगा, ताकि अवैध हथियारों की खरीद-फरोख्त के नेटवर्क तथा इस मामले से जुड़े अन्य व्यक्तियों के संबंध में गहन पूछताछ की जा सके। मामले में आगामी जांच जारी है।

# घरौंडा और नीलोखेड़ी युवा संसद प्रतियोगिता 2026-27 का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया**
**कमल मिड्ढा**
**करनाल।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान शाहपुर द्वारा जिले के दो खण्डों घरौंडा और नीलोखेड़ी युवा संसद प्रतियोगिता 2026-27 का आयोजन करवाया गया। संस्थान से सहायक प्रोफेसर बृजेश वत्स ने बताया कि इस प्रतियोगिता में लगभग 550 छात्र-छात्राओं ने भाग लेते हुए समसामयिक मुद्दों को उठाया और उन पर चर्चा की जैसे परीक्षाओं में पेपर लीक का मुद्दा, वन नेशन वन इलेक्शन, यूनिफॉर्म सिविल कोड, पेट्रोल में एथेनॉल मिलान का मुद्दा, महिला आरक्षण बिल, एसआईआर का मुद्दा, जनसँख्या रोकथाम, भारत की विदेश नीति, एफसीआरऐ आदि और और उन पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने अभिनय के माध्यम से लोकसभा की कार्रवाई को प्रस्तुत किया और एक आदर्श संसद की प्रस्तुति दी। बृजेश वत्स ने परिणाम घोषित करते हुए बताया खंड घरौंडा में पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कोहंड प्रथम, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय देवीपुर द्वितीय और राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय देवीपुर तृतीय स्थान पर रहा।

वहीं राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बरसत चौथे और राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गूढ़ा पांचवें स्थान पर अपनी जगह बना पाया।

# किसान यूनियन ने समस्याओं के समाधान की मांग उठाई



**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर ।** जाट धर्मशाला में गुरुवार को अम्बावता ग्रुप की मासिक बैठक हलका प्रधान बलजीत मलिक की अध्यक्षता में हुई। जिला प्रधान जयभगवान मलिक सहित बड़ी संख्या में किसानों ने भाग लिया।

बैठक में पूर्व ब्लाक उपाध्यक्ष राज सिंह मलिक निवासी डबरपुर के आकस्मिक निधन पर शोक व्यक्त किया गया। उनकी तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर एक मिनट का मौन रखा गया। बैठक में निर्णय लिया गया कि दो अक्टूबर को किसान यूनियन के पदाधिकारी व कार्यकर्ता राजघाट, दिल्ली में लाल बहादुर शास्त्री की जयंती कार्यक्रम में शामिल होंगे। किसानों ने बादशाही रोड और अगवानपुर फाटक के नीचे जलभराव की समस्या का समाधान कराने की मांग की। जीरी का सीजन शुरू होने के मद्देनजर रेलवे स्टेशन से जीटी रोड तक खराब और संकरे रास्ते की मरम्मत कराने की मांग भी उठाई गई। किसानों ने सोनीपत शुगर मिल की मरम्मत जल्द पूरी कराने और संबंधित गन्ना मार्गों की मरम्मत के साथ गन्ने का भाव 600 रुपये प्रति क्विंटल करने की मांग की।

# ट्रांसफार्मर से तांबे की क्वाइल चोरी, केस दर्ज

**गन्नौर।** एचएसआईआईडीसी बड़ी के फेज-2 स्थित प्लॉट नंबर 489 से चोर ट्रांसफार्मर उखाड़कर उसके अंदर से तांबे की क्वाइल चोरी कर ले गए। मामले में पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में चौकीदार सुरेश निवासी माल्यापुर, मेरठ ने बताया कि वह खाली पड़े प्लॉट पर चौकीदार की ड्यूटी करता है। 8 अगस्त की सुबह ड्यूटी पर पहुंचने पर उसने कंपनी परिसर में लगा ट्रांसफार्मर उखड़ा हुआ पाया। उसके अंदर से तांबे की क्वाइल चोरी की गई थी और ट्रांसफार्मर का तेल भी बिखरा पड़ा था। उसने कंपनी मालिक और सिक्योरिटी इंचार्ज को सूचना दी।

# इन्द्री विधायक रामकुमार कश्यप का लाड़वा पहुंचने पर भव्य स्वागत

**मुलाकात**

- उन्होंने संजीव कुमार नंबरदार बड़ाचपुर के कार्यालय पर समाज के लोगों से मुलाकात की।



**टीम एक्शन इंडिया**
**लाड़वा 10 सितम्बर (विजय कौशिक) :** इन्द्री विधानसभा क्षेत्र के विधायक एवं विधानसभा में चीफ व्हिप रामकुमार कश्यप लाड़वा पहुंचे। इस दौरान उन्होंने संजीव कुमार नंबरदार बड़ाचपुर के कार्यालय पर समाज के लोगों से मुलाकात की। यहां पहुंचने पर उपस्थित लोगों ने विधायक रामकुमार कश्यप का फूल-मालाओं के साथ भव्य स्वागत किया। संजीव कश्यप ने समाज के लोगों के साथ बुक्के देकर विधायक रामकुमार कश्यप का अपने कार्यालय पर स्वागत किया। इस अवसर पर विधायक रामकुमार कश्यप ने समाज के लोगों से बातचीत की और विभिन्न सामाजिक विषयों पर चर्चा की। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाज के लोग मौजूद रहे। इस मौके पर शहरी प्रधान त्रिलोक चंद कश्यप, लखपत राय, श्याम लाल, रेखा कश्यप, गुरचरण कश्यप, विजय कश्यप, सोमनाथ कश्यप, जयप्रकाश कश्यप, जसविंदर कश्यप, परवीन कश्यप, राहुल कश्यप, विक्की बड़ाचपुर, कृष्ण बदरपुर, विक्रम कश्यप, साहब कश्यप सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। समाज के लोगों ने विधायक रामकुमार कश्यप का स्वागत करते हुए उनके समक्ष क्षेत्र से जुड़े विभिन्न मुद्दों को भी रखा। विधायक ने लोगों को विश्वास दिलाते हुए कहा कि आपके लिए बड़े ही सौभाग्य की बात है कि हरियाणा प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी आपके विधायक हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी लाडवा विधानसभा के साथ-साथ पूरे राज्य का ध्यान रखते हुए पूरे प्रदेश में विकास कार्यों में कोई कमी नहीं आने देते। जनहित से जुड़े विषयों को प्राथमिकता के साथ आगे बढ़कर पूरा करते हैं। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी सभी वर्गों को साथ में लेकर चलते हैं।

# राम मंदिर चंदा चोरी मामले में कार्रवाई हो रही है : मंत्री अनिल विज

**टीम एक्शन इंडिया**
**आशीष श्रीवास्तव, अंबाला।** हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री श्री अनिल विज ने राम मंदिर चंदा चोरी मामले में कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह की अध्यक्षता में उज्जैन से अयोध्या तक स्वाभिमान यात्रा निकालने पर कड़ी प्रतिक्रिया दी और कहा कि राजनीतिक पार्टियों जिनके पास कोई मुद्दे नहीं है, मुद्दा विहीन है, जिनपर लोगों को विश्वास नहीं है, जिनको जनता नकार चुकी है, वह बार-बार नॉन इश्यूज को इश्यू बनाने की कोशिश करती है। राम मंदिर चंदा चोरी की पूरी कार्रवाई भी हो रही है, नई कमेटी भी बना दी गई है लेकिन इनको तो अपने आपको हिंदू विरोधी सिद्ध करने का सर्टिफिकेट लेना है कि ये हिंदू विरोधी है, इसलिए यह इस प्रकार की बातें करते हैं। मंत्री अनिल विज ने कटाक्ष करते हुए कहा कि और भी तो इतनी जगह पर चोरी होती हैं, वहां क्यों नहीं यात्रा निकाली, क्या वहां चोरों को अनुमति है, सिर्फ इसलिए की यह हिंदुओं की आस्था से जुड़ी बात है हिंदुओं की आस्था पर चोट मारनी है इसीलिए यह लोग इस प्रकार की कार्रवाईयां करते हैं। श्री विज आज पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे।

# यमुना कटाव रोकने पबनेरा में बनी 4 करोड़ की ठोकर, कादियान ने किया उद्घाटन

**मांग**

- विधायक बोले- जरूरत पड़ी तो यमुना पर ठोकर बनवाएंगे, ग्रामीणों ने रखी ई-लाइब्रेरी की मांग




**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर।** यमुना के तेज बहाव से खेतों का कटाव झेल रहे पबनेरा के किसानों को अब राहत की उम्मीद है। करीब 4 करोड़ रुपए की लागत से यमुना पर बनी ठोकर नंबर-10 का निर्माण पूरा हो गया है। गुरुवार को विधायक देवेंद्र कादियान ने नारियल तोड़कर इसका उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि भविष्य में कटाव रोकने के लिए और ठोकर की जरूरत हुई तो उसका निर्माण भी कराया जाएगा।गत वर्ष यमुना का बहाव तेज होने से पबनेरा क्षेत्र में कृषि भूमि कटाव की चपेट में आई थी। किसानों को हुए नुकसान के बाद ग्रामीण लगातार कटाव रोकने के लिए ठोस इंतजाम की मांग कर रहे थे। उद्घाटन के बाद गांव की चौपाल में कार्यक्रम हुआ। ग्रामीणों ने विधायक का फूलमालाओं से स्वागत कर ठोकर निर्माण के लिए आभार जताया। इस दौरान ग्रामीणों ने गांव में ई-लाइब्रेरी शुरू कराने की मांग रखी। उनका कहना था कि इससे विद्यार्थियों और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं को पढ़ाई की बेहतर सुविधा मिलेगी। विधायक ने आवश्यक प्रक्रिया आगे बढ़ाने का आश्वासन दिया। कादियान ने चौपाल में ग्रामीणों की अन्य समस्याएं भी सुनीं। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से फोन पर बात कर समस्याओं के समाधान के निर्देश दिए। इस अवसर पर सरपंच प्रतिनिधि प्रवीण, पूर्व सरपंच हंसराज, सुरजन पंच, यादराम, कृष्ण, प्रदीप, कलीराम, शिवकुमार, ईश्वर, संदीप, विकास, आजाद, नितिन, देवेन्द्र, अजय, रोहित, मुकेश, अर्जुन आदि मौजूद रहे।

# स्कूल गेट के सामने जर्जर सीवर का ढक्कन दे रहा हादसे को न्योता



**टीम एक्शन इंडिया**
**गन्नौर।** राजकीय मॉडल संस्कृति स्कूल के मुख्य गेट के सामने जर्जर हालत में पड़ा सीवर का ढक्कन विद्यार्थियों और राहगीरों के लिए परेशानी का कारण बना हुआ है। क्षतिग्रस्त ढक्कन के कारण यहां हर समय हादसे का खतरा बना रहता है। स्कूल के गेट के सामने होने के कारण सुबह और छुट्टी के समय विद्यार्थियों व अभिभावकों की काफी भीड़ रहती है। ऐसे में किसी विद्यार्थी के सीवर के क्षतिग्रस्त हिस्से में पैर फंसने या गिरने से हादसा होने की आशंका बनी हुई है।

छात्रों ने बताया कि सीवर का ढक्कन लंबे समय से खराब हालत में है। इसके चलते वाहन चालकों को भी यहां से गुजरते समय सावधानी बरतनी पड़ती है। लोगों का कहना है कि संबंधित विभाग मैन रोड होने के बाद भी नया ढक्कन नहीं लगा रहा है। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि स्कूल के मुख्य गेट के सामने जर्जर सीवर के ढक्कन को जल्द बदलवाया जाए ताकि विद्यार्थियों और आमजन को परेशानी न हो तथा किसी संभावित हादसे को समय रहते रोका जा सके।

## न्यूज फ्लैश

### स्वच्छ भारत अभियान के नाम पर भाजपा सरकार जनता के साथ धोखा कर रही : बिट्टू नैन

**नरवाना, 10 सितंबर राहुल**
नरवाना नगर परिषद में पिछले 36 दिनों से धरने पर बैठे फायर ब्रिगेड एवं सफाई कर्मचारियों को जननायक जनता पार्टी ने समर्थन दिया। जजपा प्रदेश प्रवक्ता बिट्टू नैन के नेतृत्व में पार्टी प्रतिनिधिमंडल ने धरना स्थल पर पहुंचकर कर्मचारियों से मुलाकात की और उनकी समस्याएं सुनीं।
बिट्टू नैन ने भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि स्वच्छ भारत अभियान के नाम पर जनता के साथ धोखा किया जा रहा है। जो कर्मचारी शहर को स्वच्छ रखने का काम करते हैं, वही 36 दिनों से धरने पर बैठने को मजबूर हैं। सरकार को कर्मचारियों की मांगों पर गंभीरता से विचार करते हुए कच्चे कर्मचारियों को पक्का करना चाहिए।
उन्होंने कहा कि कर्मचारियों के आंदोलन को समर्थन देने के लिए जजपा कार्यकर्ता प्रदेशभर में जिला मुख्यालयों पर डीसी के माध्यम से राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपेंगे। यदि सरकार ने कर्मचारियों की मांगों पर ध्यान नहीं दिया तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।
बिट्टू नैन ने कहा कि फायर ब्रिगेड और सफाई कर्मचारी शहर की सुरक्षा एवं स्वच्छता की रीढ़ हैं। जजपा हर स्तर पर कर्मचारियों के साथ खड़ी है और उनकी मांगों को सरकार तक मजबूती से पहुंचाएगी।
इस मौके पर युवा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य संदीप शर्मा, जननायक सेवा दल वालंटियर पवन नैन, युवा प्रचार सचिव प्रवीण चोपड़ा सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### जनता और प्रशासन के बीच मजबूत संवाद का माध्यम बना समाधान शिविर, प्राप्त हुई 20 शिकायतें

**टीम एक्शन इंडिया**
**सोनीपत (संजीव कौशिक)** लघु सचिवालय के प्रथम तल पर गुरुवार को पीजीआई खानपुर के अतिरिक्त निदेशक सुरेंद्र दून के नेतृत्व में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का मुख्य उद्देश्य आमजन को एक ही स्थान पर विभिन्न विभागों से संबंधित समस्याओं के समाधान की सुविधा उपलब्ध करवाना तथा शिकायतों के निपटारे की प्रक्रिया को और अधिक सरल एवं प्रभावी बनाना रहा।
समाधान शिविर में कुल 20 शिकायतें प्राप्त हुई। शिविर के दौरान सुरेंद्र दून ने एक-एक शिकायत को गंभीरता से सुना और संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रशासन की प्राथमिकता जनता की समस्याओं का समयबद्ध और पारदर्शी समाधान सुनिश्चित करना है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रत्येक शिकायत की नियमित मॉनिटरिंग की जाए तथा निर्धारित समय सीमा के भीतर उसका समाधान सुनिश्चित किया जाए।
समाधान शिविर में प्राप्त शिकायतों में मुख्य रूप से गांव फरमाना में खेतों का रास्ता पक्का करवाने, ट्यूबल ऑपरेटर के खिलाफ शिकायत, गांव हुल्लाहेडी से पंचायती जमीन को अवैध कब्जों से मुक्त करवाने, गांव बसौदी से टूटे हुए नाले की मरम्मत करवाने, गांव छतेहरा बहादुरपुर हॉकी मैदान में महिला खिलाड़ियों के लिए गर्ल्स टॉयलेट का निर्माण करवाने तथा उपलब्ध शौचालय को चालू करवाने, गांव बुटाना खेतलान की पंचायती जमीन को अवैध कब्जो से मुक्त करवाने, गांव प्रहलादपुर से शिकायतकर्ता ने बिजली बिल माफ करवाने की शिकायत दर्ज कराई।

### पानीपत के उद्योगों की समस्याओं पर प्रशासन का फोकस, अवैध अतिक्रमण हटाये जाएगे आज से

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, 10 सितंबर(बिजेंद्र सिंह)।** औद्योगिक इकाइयों से जुड़ी समस्याओं के समाधान को लेकर जिला प्रशासन ने सख्ती और गंभीरता दिखाई है। हरियाणा चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री और पानीपत एक्सपोर्टर्स एसोसिएशन के बैनर तले जिमखाना क्लब में आयोजित बैठक में उपायुक्त डॉ. हरीश कुमार वशिष्ठ, नगर निगम आयुक्त डॉ. पंकज यादव सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने उद्योगपतियों की समस्याएं सुनीं। बैठक में सडक, बिजली, सीवरेज, सफाई, जल निकासी, अग्निशमन, प्रदूषण, एमएसएमई, जीएसटी रिफंड, एचएसवीपी और एचएसआईआईडीसी से संबंधित मुद्दे उठाए गए। उपायुक्त डॉ. हरीश कुमार वशिष्ठ ने कहा कि औद्योगिक संगठनों के साथ बैठकों में उद्योग जगत की समस्याओं के साथ-साथ सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में कुछ गैप सामने आए हैं।

# बच्चे विकसित राष्ट्र की नींव: विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण



**कॉन्क्लेव कार्यक्रम**
हरविंद्र कल्याण जिला प्रशासन की ओर से आयोजित प्रिंसिपल कॉन्क्लेव कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे।

**टीम एक्शन इंडिया**
**कमल मिड्ढा**
**करनाल।** हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने कहा है कि गरीबी बड़ी हो सकती है पर बच्चों के सपने छोटे नहीं होते। सामूहिक जिम्मेदारी है कि हर बच्चे को उचित मार्गदर्शन मिले, संसाधनों की कमी उसकी क्षमता में बाधक न बने। हर बच्चा संस्कारित और अच्छा नागरिक बने। प्रधानमंत्री मोदी का सपना भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने का है। आज के बच्चे विकसित राष्ट्र की नींव हैं। वे किसी भी जाति अथवा परिवार से हों, वे स्वावलंबी बनेंगे तो देश आगे बढ़ेगा।
हरविंद्र कल्याण कल्पना चावला राजकीय मेडिकल कालेज के सभागार में जिला प्रशासन की ओर से आयोजित प्रिंसिपल कॉन्क्लेव कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे। मां सरस्वती के चरणों में नमन करते हुए उन्होंने कहा कि देश की प्रगति को जब बच्चों के भविष्य से जोडकर देखते हैं, उसमें शिक्षकों की अहम भूमिका है। खुद की समस्याओं के बावजूद दूसरों की समस्याओं को दूर करना और बच्चों के बेहतर भविष्य के बारे में सोचना कोई साधारण बात नहीं है। उन्होंने स्वास्थ्य क्षेत्र के साथ-साथ मलिन बस्तियों के बच्चों के लिए काम करने और करियर काउंसलिंग जैसे कार्यक्रम की शुरूआत के लिए जिला उपायुक्त की मुक्त कंठ से सराहना की।
उन्होंने कहा कि परमपिता परमात्मा की सबसे खूबसूरत रचना इंसान है। बच्चे से बड़ा होकर अच्छा इंसान कैसे बने और जीवन में किन ऊंचाइयों को छुए, इसकी जिम्मेदारी शिक्षकों की है। बच्चों का सही मार्गदर्शन करना बहुत बड़ा काम है।
हरविंद्र कल्याण ने कहा कि बाबा साहेब अंबेडकर ने कहा है-ज्ञान ही शक्ति है। डा. एपीजे अब्दुल कलाम वैज्ञानिक होते हुए राष्ट्रपति के पद पर पहुंचे। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी गरीब परिवारों से हैं, लेकिन मेहनत के बल पर शीर्ष पदों पर पहुंचे हैं। प्रधानमंत्री के कुशल नेतृत्व का दुनिया में डंका बज रहा है।
विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि बच्चों में असीमित क्षमता होती है। जनप्रतिनिधि के नाते कई बार जनसुनवाई कार्यक्रमों में उनसे ऐसे बच्चे भी मिलते हैं, जिनके अभिभावकों की माली हालत कमजोर होने के कारण वे आगे की पढ़ाई जारी नहीं रख पाते।
कई बच्चे दूसरा स्कूल अधिक दूर होने की बात कहते हैं। उन्होंने कहा कि गरीबी बड़ी हो सकती है, पर बच्चों के सपने छोटे नहीं होते। सामूहिक जिम्मेदारी है कि हर बच्चे को उचित मार्गदर्शन मिले, संसाधनों की कमी उसकी क्षमता में बाधक न बने। हर बच्चा संस्कारित और अच्छा नागरिक बने।
उन्होंने कहा कि सांसद, विधायकों के साथ-साथ पंच-सरपंचों, पार्षदों को भी और सक्रिय होने की जरूरत है। विधायकों से आग्रह किया कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए शिक्षकों व प्रशासन का और ज्यादा सहयोग करें। लक्ष्य है.हर बच्चा संस्कारों के साथ जीवन में आगे बढ़े, जिम्मेदार नागरिक बने। शिक्षक भी बच्चों में ऐसे भाव पैदा करें जिससे कि वे रूचि अनुसार अच्छे शिक्षक, श्रेष्ठ नागरिक, अच्छे नेता, प्रगतिशील किसान, वैज्ञानिक आदि बनें।
इंद्री के विधायक एवं मुख्य चीफ व्हीप रामकुमार कश्यप ने कहा कि सभी बच्चों में बराबर की प्रतिभा होती है। यदि कोई बच्चा फेल होता है, जो जाहिर है उसने समय का सदुपयोग नहीं किया होगा। उन्होंने प्राचार्यों से कहा कि वे स्वच्छता, पर्यावरण और बच्चों के स्वास्थ्य की ओर भी ध्यान दें। बच्चों को गुणवत्तापरक शिक्षा दें। लक्ष्य प्राइवेट स्कूलों से बेहतर शिक्षा देने का होना चाहिए। बच्चों को मोबाइल के कम इस्तेमाल के लिए प्रोत्साहित करें। उन्हें अधिकारों के साथ-साथ कर्तव्य के प्रति भी जागरूक करें। वायु गुणवत्ता सूचकांक में सुधार लिए स्कूल परिसर अथवा आसपास के खाली स्थानों पर अधिकाधिक पौधे लगाएं।

## पाइप लाइन बिछाने के बाद सड़क पर डाली मिट्टी बनी परेशानी, धंसी सड़क में फंसा ट्रक



**टीम एक्शन इंडिया**
**नरवाना, 10 सितंबर राहुल**
नरवाना शहर के रेलवे रोड स्थित पुराना कारखाना वाली गली के सामने पाइप लाइन बिछाने का काम जारी है। पाइप लाइन डालने के बाद सड़क पर मिट्टी डाल दी गई, लेकिन मिट्टी ठीक से नहीं बैठने के कारण राहगीरों और वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।
मिट्टी डालने से सड़क का संबंधित हिस्सा समतल नहीं रहा है। बाहर से आने वाले वाहन चालकों को भी सड़क की स्थिति का अंदाजा नहीं हो पाता, जिसके चलते वाहन मिट्टी में धंस रहे हैं। शुक्रवार को एक ट्रक का पहिया भी सड़क में धंस गया, जिससे आवागमन प्रभावित हुआ।
स्थानीय लोगों ने बताया कि पाइप लाइन का काम पूरा होने के बाद सड़क को सही तरीके से बहाल किया जाना चाहिए। लोगों ने संबंधित विभाग से मिट्टी को अच्छी तरह दबाकर सड़क को समतल करवाने की मांग की है, ताकि वाहन चालकों और राहगीरों को परेशानी से राहत मिल सके।

## सिरसा: पांच नशा तस्कर गिरफ्तार

**सिरसा**
पुलिस ने नशा तस्करों पर शिकंजा कसते हुए जिला क्षेत्र से पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर लाखों रुपये की हेरोइन बरामद की है।
पुलिस के अनुसार गिरफ्तार तस्करों की पहचान सिरसा निवासी कपिल कुमार, गुरलाल सिंह, गुरविंद्र सिंह, गोबिंद सिंह व राजकुमार के रूप में हुई है।
पुलिस प्रवक्ता ने गुरुवार को बताया कि एंटी नारकोटिक्स सेल टीम सिरसा शहर के मेला ग्राउंड क्षेत्र में गश्त कर रही थी। इसी दौरान एक युवक पैदल आता दिखाई दिया जो कि पुलिस को देखकर भागने का प्रयास करने लगा। पुलिस ने शक के आधार पर युवक को काबू कर तलाशी ली तो उसके कब्जे से आठ ग्राम हेरोइन बरामद हुई। पकड़े गए युवक की पहचान कपिल कुमार के रूप में हुई है।

## घायलों की मदद के लिए आगे आए कृषि मंत्री, पायलट गाड़ी बनी एम्बुलेंस

**सड़क हादसा**
बृहस्पतिवार देर शाम दो मोटरसाइकिल सवार युवक सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गए।



**टीम एक्शन इंडिया**
**रादौर, 10 सितंबर (कुलदीप सैनी)** : क्षेत्र के गांव धौड़ंग के पास एसके मार्ग पर बृहस्पतिवार देर शाम दो मोटरसाइकिल सवार युवक सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। एम्बुलेंस के समय पर नहीं पहुंचने के कारण घायल सड़क पर ही उपचार के इंतजार में पड़े रहे। इसी दौरान वहां से गुजर रहे हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने अपना काफिला रुकवाकर घायलों की मदद की। मिली जानकारी के अनुसार कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा पांसरा में आयोजित कार्यक्रम से वापस रादौर लौट रहे थे। धौड़ंग के पास सड़क पर लोगों की भीड़ देखकर उन्होंने तुरंत काफिला रुकवाया। मौके पर पहुंचने पर उन्होंने दोनों युवकों को गंभीर हालत में सड़क पर पड़ा देखा। एम्बुलेंस के पहुंचने में देरी को देखते हुए मंत्री ने अपनी पायलट गाड़ी से दोनों घायलों को तत्काल सिविल अस्पताल यमुनानगर भेजने के निर्देश दिए। मंत्री के इस त्वरित निर्णय से दोनों घायलों को समय रहते उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया जा सका। मौके पर मौजूद ग्रामीणों और प्रत्यक्षदर्शियों ने कृषि मंत्री की तत्परता और संवेदनशीलता की सराहना की।

## नई बस्ती में शिक्षा की अलख जगाने को बनी लाइब्रेरी, सिंगला ने दिया सहयोग का भरोसा



**कार्यक्रम**
डॉ. बीआर आंबेडकर एजुकेशनल एंड सोशल वर्किंग कमेटी की ओर से कार्यक्रम आयोजित किया गया।

**टीम एक्शन इंडिया**
**नरवाना, 10 सितंबर राहुल**
नई बस्ती इस्माईलपुर रोड, वार्ड नंबर 15 में डॉ. बीआर आंबेडकर एजुकेशनल एंड सोशल वर्किंग कमेटी की ओर से कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य, जयराम अस्पताल के प्रधान पार्षद एवं पूर्व नगर परिषद प्रधान नरवाना कैलाश सिंगला को बाबा साहेब का स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया।
कार्यक्रम में समिति पदाधिकारियों ने बताया कि संस्था का मुख्य उद्देश्य बच्चों और युवाओं में शिक्षा एवं स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। इसी उद्देश्य से नई बस्ती वार्ड नंबर 15 में लाइब्रेरी की स्थापना की गई है, ताकि बच्चों और युवाओं को पढ़ाई के लिए बेहतर वातावरण एवं सुविधाएं उपलब्ध हो सकें। समिति के सचिव दर्शन मास्टर ने कहा कि शिक्षा और जागरूकता के अभाव में युवा अपने लक्ष्य से भटक रहे हैं। उन्होंने युवाओं को नशे से दूर रखने तथा शिक्षा के प्रति प्रेरित करने की आवश्यकता पर जोर दिया।
इस अवसर पर कैलाश सिंगला ने समिति के प्रयासों की सराहना करते हुए सहयोग का भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा कि बच्चों और युवाओं को शिक्षा के बेहतर अवसर उपलब्ध करवाना समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है।
लाइब्रेरी जैसी पहल विद्यार्थियों को पढ़ाई के लिए सकारात्मक वातावरण उपलब्ध करवाने में मददगार साबित होगी।
संस्था के प्रधान सुखजीत ने कैलाश सिंगला का आभार व्यक्त किया। सतपाल उर्फ पप्पू ठेकेदार ने उनका स्वागत करते हुए समिति के साथ जुड़कर सहयोग करने का आग्रह किया।
कार्यक्रम में उपप्रधान कुलवंत, सदस्य नाजर, बलवान, मंगत, सुरेश, जसवीर, विक्रम, सतीश, बबली, गुरसेवक, सतवीर सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## माइनरों के टेल तक पूरा पानी पहुंचाने और धान खरीद शुरू करने की मांग

**टीम एक्शन इंडिया**
**नरवाना, 10 सितंबर राहुल**
नरवाना क्षेत्र के गांव खरल, हमीरगढ़, लोन, जुलहेड़ा और अमरगढ़ के किसान विभिन्न समस्याओं को लेकर एकजुट हुए। किसानों ने कृषि विभाग पहुंचकर खरल माइनर व लोन माइनर के टेल तक पर्याप्त पानी नहीं पहुंचने की समस्या उठाई। इसके बाद किसान मार्केट कमेटी कार्यालय पहुंचे और धान खरीद से संबंधित मांगों को लेकर सचिव के माध्यम से ज्ञापन सौंपा।
कृषि विभाग पहुंचे किसानों ने कहा कि खरल माइनर सहित क्षेत्र के अन्य माइनरों के टेल तक पूरा पानी नहीं पहुंच रहा है। पानी की कमी के कारण फसलों की सिंचाई प्रभावित हो रही है। किसानों ने विभाग से माइनरों के टेल तक पर्याप्त पानी पहुंचाने की व्यवस्था करने की मांग की।
किसानों की ओर से होशियार सिंह ने कहा कि माइनरों के टेल तक पूरा पानी पहुंचाने की व्यवस्था जल्द की जाए, ताकि किसानों को सिंचाई के लिए परेशानी न हो। उन्होंने चेतावनी दी कि समस्या का समाधान नहीं हुआ तो किसान आंदोलन करने को मजबूर होंगे। इसके बाद किसानों ने मार्केट कमेटी कार्यालय पहुंचकर सचिव के माध्यम से ज्ञापन सौंपा। किसानों ने मांग की कि क्षेत्र में धान की खरीद 15 सितंबर से शुरू की जाए। इसके अलावा धान में नमी की सीमा में 20 प्रतिशत तक की छूट देने तथा खरीद प्रक्रिया में डिजिटल कांटों का प्रयोग सुनिश्चित करने की मांग की गई। बद्दोवाल टोल कमेटी की ओर से सुनील बद्दोवाल ने कहा कि किसानों की समस्याओं का जल्द समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन की रणनीति पर विचार किया जाएगा।

## वेदांता स्कूल में जेनिथ फाउंडेशन टेस्ट से प्रतिभा का आकलन

**टेस्ट**
सफलता का आधार निरंतर मेहनत, अनुशासन और सकारात्मक सोच है : प्रधानाचार्या



**टीम एक्शन इंडिया**
**नरवाना, 10 सितंबर राहुल**
विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य एवं राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए मजबूत आधार तैयार करने के उद्देश्य से वेदांता इंटरनेशनल स्कूल, कलौदा खुर्द में ह्यजेनिथ फाउंडेशनह्र के अंतर्गत फाउंडेशन टेस्ट का आयोजन किया गया। इस पहल का उद्देश्य विद्यार्थियों में प्रतियोगी परीक्षाओं के प्रति समझ, आत्मविश्वास, अनुशासन, तार्किक क्षमता, विश्लेषणात्मक सोच, समस्या-समाधान एवं समय प्रबंधन जैसे कौशल विकसित करना है।
जेनिथ फाउंडेशन के माध्यम से विद्यार्थियों को भविष्य में नीट, जेईई और एनडीए जैसी प्रतिष्ठित राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए तैयार किया जा रहा है। टेस्ट में विद्यार्थियों की विषय संबंधी समझ के साथ-साथ उनकी तार्किक एवं विश्लेषणात्मक क्षमता का भी आकलन किया गया।
विद्यालय की प्रधानाचार्या वीना डारा गावे ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सफलता का आधार निरंतर मेहनत, अनुशासन और सकारात्मक सोच है। उन्होंने विद्यार्थियों से परीक्षा को केवल अंकों की दृष्टि से न देखकर अपनी तैयारी को परखने और बेहतर बनाने के अवसर के रूप में लेने का आह्वान किया।
विद्यालय के निदेशक प्रदीप नैन ने विद्यार्थियों को अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी एक निरंतर प्रक्रिया है, जिसमें नियमित अभ्यास और आत्मविश्वास की महत्वपूर्ण भूमिका होती है।

## सीएम विंडो पर शिकायत देकर मुख्यमंत्री से की पानीपत में स्वाइन फ्लू मामले की उच्च स्तरीय जांच की मांग

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, 10 सितंबर(बिजेंद्र सिंह)।** नॉर्थ इंडिया एंटी करप्शन एंड क्राइम प्रिवेंशन ऑर्गेनाइजेशन के जिला अध्यक्ष शिवम गुप्ता ने मुख्यमंत्री हरियाणा के नाम सीएम विंडो के माध्यम से शिकायत भेजकर पानीपत में स्वाइन फ्लू के बढ़ते मामलों को लेकर उच्च स्तरीय जांच की मांग की गई है। वहीं शिवम गुप्ता ने सीएम विंडो पर दी गई शिकायत में आरोप लगाया है कि एक खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा कथित रूप से खाद्य सामग्री की जांच एवं सैंपलिंग में अनियमितताएं बरती गईं, जिससे मिलावटी खाद्य सामग्री के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई नहीं हो सकी। उन्होंने इन आरोपों की निष्पक्ष जांच खाद्य एवं औषधि विभाग के मुख्यालय, पंचकूला से कराने की मांग की है।

## पांच साल की मेहनत से तैयार किया होम सर्विस ऐप, युवाओं को मिलेगा रोजगार

**सर्विस ऐप**
मामलिका के गरीब परिवार के युवक ने तैयार किया वीबीएम होम सर्विस ऐप

**नूह मेवात (लियाकत अली ): पिनगवां** खंड के गांव मामलिका के एक गरीब परिवार से निकलकर युवक मोहम्मद सुवालिद ने करीब पांच साल की मेहनत के बाद वीबीएम (Very Best Marketing) Home Service ऐप तैयार किया है। इस ऐप का उद्देश्य लोगों को घर बैठे इलेक्ट्रिकल, मैकेनिकल और अन्य तकनीकी सेवाएं उपलब्ध कराने के साथ - साथ स्थानीय मिस्त्रियों और युवाओं को रोजगार का बेहतर माध्यम देना है। ऐप की शुरूआत सोहना और बादशाहपुर क्षेत्र से की गई है। ऐप के संस्थापक मोहम्मद सुवालिद ने बताया कि वह खुद पहले कार पेंटर का काम करते थे। लॉकडाउन के दौरान काम बंद होने और रोजगार की परेशानी के बीच उनके मन में ऑनलाइन होम सर्विस प्लेटफॉर्म शुरू करने का विचार आया। इसके बाद उन्होंने लगातार मेहनत कर ऐप तैयार किया। उनका कहना है कि ऐप को इस तरह बनाया गया है कि कामगारों को काम मिलने के साथ उनकी मेहनत का उचित मेहनताना भी मिल सके।वीबीएम होम सर्विस के माध्यम से लोग घर बैठे तकनीकी समस्या के समाधान के लिए मिस्त्री या तकनीशियन बुला सकेंगे। वहीं इलेक्ट्रिशियन, प्लंबर, कारपेंटर, मैकेनिक सहित विभिन्न तकनीकी कार्यों से जुड़े युवा ऐप पर निशुल्क रजिस्ट्रेशन कर काम से जुड़ सकते हैं।

## सेवा दिवस के रूप मे मनाया जाएगा प्रधानमंत्री मोदी जी का जन्मदिवस



**अभियान**
सेवा के विजन से पीएम ने राष्ट्र और समाज के विकास को दी नई दिशा : राजेश सपरा

**टीम एक्शन इंडिया**
**यमुनानगर, (संदीप वशिष्ठ)**
भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश सपरा ने भाजपा जिला कार्यालय यमुना कमल में जानकारी देते हुए बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में आयोजित सेवा संकल्प अभियान के निमित भाजपा जिला यमुनानगर संगठन द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सेवा और समर्पण की यात्रा के 25 वर्ष अनुकरणीय और प्रेरणादायी वर्ष पूरे होने पर 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक चलाए जाने वाले ह्यसेवा संकल्प अभियानह्र के अंतर्गत 12 विभिन्न सेवा अभियानों का आयोजन किया जाएगा। इनमें ह्यआशीर्वाद का दीयाह्र, ह्य25 करोड़ बच्चों के सपनों का भारतह्र, ह्यनमो सेवा गाथाह्र, ह्यआंगन का उत्सवह्र, ह्यकहानी बदलाव कीह्र, ह्यविकसित भारत संकल्प यात्राह्र, ह्यसेवा ज्योति यात्राह्र, ह्यसेवा मेरा योगदानह्र, ह्यसेवा सेतु अभियानह्र, ह्यरंगोली राष्ट्रह्र, ह्यराष्ट्रीय इनोवेशन चैलेंजह्र और ह्यजनसेवक महाकुंभह्र शामिल हैं।
भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश सपरा ने बताया कि सेवा संकल्प अभियान के तहत भाजपा कार्यकर्ता समाज के विभिन्न वर्गों से सीधा संवाद कर केंद्र एवं प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं और उपलब्धियों की जानकारी देंगे। सभी भाजपा पदाधिकारी कार्यकर्ता पूरी ऊर्जा, सेवा और समर्पण भाव के साथ अभियान को सफल बनाऐंगे।
भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश सपरा ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक जनसेवक के रूप में अपने जीवन के 25 वर्ष सेवा और समर्पण को समर्पित किए हैं। प्रधानमंत्री के रूप में पिछले 12 वर्षों में उनके नेतृत्व में भारत ने अभूतपूर्व प्रगति की है। भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश सपरा ने बताया कि देश के आर्थिक विकास को नई गति देने के साथ-साथ वैश्विक मंच पर भारत के सम्मान, प्रभाव और प्रतिष्ठा को भी मजबूत किया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा देश के सामने रखा गया ह्यविकसित भारतह्र का संकल्प अब केवल एक विचार नहीं, बल्कि व्यापक जनआंदोलन का रूप ले चुका है।सेवा संकल्प अभियान के माध्यम से कार्यकर्ता जरूरतमंद लोगों की सहायता करने, युवाओं को राष्ट्र निर्माण से जोड़ने तथा आमजन के बीच सेवा, सहयोग और सामाजिक समरसता की भावना को मजबूत करने का कार्य करेंगे।
भाजपा जिला यमुनानगर मीडिया प्रभारी कपिल मनीष गर्ग ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में आयोजित सेवा संकल्प अभियान का मूल उद्देश्य जनसेवा की भावना को और मजबूत करना तथा समाज के अंतिम व्यक्ति तक सेवा का भाव पहुंचाना है।

## न्यूज फ्लैश

### खरखौदा आईटीआई में 14 सितंबर को लगेगा प्रधानमंत्री नेशनल अप्रेंटिसशिप मेला, 50 से ज्यादा कंपनियां देंगी रोजगार के अवसर




**खरखौदा/सोनीपत/सोमपाल सैनी**
गवर्नमेंट आईटीआई खरखौदा में 14 सितंबर को प्रधानमंत्री नेशनल अप्रेंटिसशिप मेले का आयोजन किया जाएगा। इस मेले का मुख्य उद्देश्य युवाओं को विभिन्न प्रतिष्ठित कंपनियों में अप्रेंटिसशिप और रोजगार के अवसर उपलब्ध करवाना है। मेले में जिले और जिले से बाहर की 50 से अधिक नामी कंपनियों को आमंत्रित किया गया है। वहीं, लगभग 1,000 विद्यार्थियों और अभ्यर्थियों को रोजगार और अप्रेंटिसशिप के लिए आमंत्रित किया गया है, ताकि उन्हें उनकी योग्यता और ट्रेड के अनुसार बेहतर अवसर मिल सके। आईटीआई के प्राचार्य संदीप कुमार अहलावत ने बताया कि इस रोजगार मेले में सभी इच्छुक अभ्यर्थी भाग ले सकते हैं। इसमें दसवीं पास, बारहवीं पास, आईटीआई, डिप्लोमा और विभिन्न ट्रेडों में स्नातक विद्यार्थी और पासआउट अभ्यर्थी शामिल हो सकते हैं। मेले के दौरान कंपनियों द्वारा अभ्यर्थियों की योग्यता और ट्रेड के अनुसार चयन प्रक्रिया आयोजित की जाएगी। चयनित युवाओं को विभिन्न प्रतिष्ठानों में अप्रेंटिसशिप और रोजगार के अवसर दिए जाएंगे।

### गोपाल जी मंदिर निर्माण में जन सेवक शशिकांत कौशिक ने बढ़ाया सहयोग का हाथ



**समालखा (संजय नरवाल )** पूज्य पिता स्व. श्री सत्यपाल कौशिक की पुण्य स्मृति में 1,21,000 की सहयोग राशि मंदिर कमेटी एवं गणमान्य जनों को ससम्मान भेंट ।राशि से मंदिर में एक कमरे का निर्माण कराया जाएगा ।शशिकांत कौशिक ने कहा–
ह्लमंदिर केवल ईंट-पत्थर का ढांचा नहीं, बल्कि हमारी सनातन संस्कृति और आस्था का जीवंत केंद्र हैं। प्रभु गोपाल जी के पावन धाम के निर्माण में गिलहरी रूपी सेवा का अवसर मिलना परम सौभाग्य है।

### लघु सचिवालय में भूजल संरक्षण को लेकर कार्यशाला आयोजित

**सोनीपत, (संजीव )**। लघु सचिवालय के सभागार में राष्ट्रीय जलभृत मानचित्रण, प्रबंधन योजना एवं आंकड़ा प्रसार विषय पर कार्यशाला आयोजित की गई। अतिरिक्त उपायुक्त अजय चोपड़ा की अध्यक्षता में आयोजित कार्यशाला में केंद्रीय भूमि जल बोर्ड, उत्तर पश्चिमी क्षेत्र, चंडीगढ़ के वैज्ञानिक सुधांशु बाजपेयी, किरण लाले एवं सुवीता ने प्रस्तुतीकरण के माध्यम से भूजल संरक्षण, रिचार्ज बढ़ाने और जल गुणवत्ता सुधारने की जानकारी दी।
वैज्ञानिकों ने भूजल के अत्यधिक दोहन से भविष्य में उत्पन्न होने वाली समस्याओं, कृत्रिम भूजल रिचार्ज तकनीकों तथा जल बचत के आधुनिक उपायों के बारे में बताया।

# अच्छे संस्कारों से ही होता है सभ्य समाज का निर्माण: ब्रह्मस्वरूप

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर सिंह मलिक**
**कुरुक्षेत्र** : बच्चों को अच्छे संस्कार देने से ही एक सभ्य और स्वस्थ समाज का निर्माण होता है। यह शब्द देश विदेश मे फैली समस्त जयराम संस्थाओं के अध्यक्ष स्वामी ब्रह्मस्वरूप ब्रह्मचारी जी महाराज ने कांग्रेस नेता लक्ष्मी कान्त शर्मा के आवास पर उपस्थित भद्रजनो से कहे। पूज्य महाराज जी नव विवाहित दम्पति विशाल व काजल तथा परिवार को आशीर्वाद देने पहुंचे थे। उन्होंने कहा कि आज के दौर मे जहां इंसान ने बहुत ज्यादा तरक्की की है वहीं पर आज मानसिक अशांति भी लोगों मे देखी जाती है जिस कारण आमजन परेशानी मे भी नजर आता है इसलिए आज तरक्की के साथ अध्यात्म और अच्छे संस्कारो की भी बेहद जरूरत हैं। इसलिए अगर बच्चों को अच्छे संस्कार दिए जाएं तो वो भविष्य मे बढ़िया डॉक्टर, इंजिनयर, उद्योगपती,



राजनीतिज्ञ के साथ मानसिक रूप से मजबूत इंसान भी बनेंगे। उल्लेखनीय है कि ब्रह्मचारी जी के नेतृत्व मे श्री जयराम संस्थाओं ने कुरुक्षेत्र, ऋषिकेश, दिल्ली हरिद्वार सहित अनेक धार्मिक आश्रमों के साथ ही लड़कियों की शिक्षा के लिए अनेक विद्यालय, महाविद्यालय, सैनिक स्कूल बनवाए हैं। गौवंश को बचाने के लिए गौशालाओं का निर्माण करवाया है। उनके नेतृत्व मे ही हर वर्ष गीता जयंती के अवसर पर बड़ी संख्या मे गरीब कन्याओं की शादी श्री जयराम आश्रम द्वारा करवाई जाती हैं। उन्होंने आगे कहा कि वे सदैव स्वस्थ और शिक्षित समाज बनाने के लिए कार्य करते रहेंगे तथा साथ बेटियों की शिक्षा और गौमाता की सेवा उनका परमधर्म है। कांग्रेस नेता लक्ष्मी कान्त शर्मा ने ब्रह्मचारी जी को शाल भेंट कर उनका स्वागत किया। उन्होंने कहा कि श्रद्धेय ब्रह्मचारी जी के नेतृत्व मे जयराम संस्थाओं ने देश भर मे धार्मिक कार्यों के साथ साथ सामाजिक कार्यों मे भी नए आयाम स्थापित किए हैं। महाराज जी सदैव समाज मे व्याप्त कुरीतियों को मिटाने का प्रयास करते रहे हैं। धार्मिक कार्यों के इलावा जिस तरह से उन्होंने स्कूल कालेजो का निर्माण करवा रहे हैं उसका कोई दूसरा उदाहरण नही हो सकता। एक धार्मिक संस्था द्वारा सामाजिक कार्यों की इससे बड़ी मिसाल नही हो सकती। इस अवसर पर डॉ गिरधारी लाल शर्मा प्रिंसिपल, कांग्रेस नेता सुरेंदर फौजी, योगराज शास्त्री, शिवकुमार पराशर, मदन लाल सारसा, नगर पार्षद व आर्केटेक्ट के सी रंगा, रूपचंद पूर्व प्रिंसिपल, करण सिंह राणा, विशाल शर्मा, अरविन्द शर्मा, सतपाल शर्मा, यशपाल राणा, चंद्रमणि सांवत, लाल मणि जोशी, यशपाल गौतम, एडवोकेट विश्वनाथ शर्मा, सुनील गौरी, डॉ ओमप्रकाश, एडवोकेट शिवकुमार, संजीव सांवत, प्रदीप कुमार, हरिसिंह, सेवा सिंह तथा परिवार के सदस्य उपस्थित रहे।

## सरकारें गांवों की ओर नहीं देखतीं, क्योंकि वोट बंट गए: अभय चौटाला



**खरखौदा/सोनीपत/सोमपाल सैनी**
इनेलो नेता अभय चौटाला ने बुधवार को खरखौदा में कार्यकर्ता बैठक को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने प्रदेश की मौजूदा राजनीति पर कटाक्ष करते हुए कहा कि पिछले 22 वर्षों में प्रदेश की राजनीति में बड़ा बदलाव आया है, लेकिन गांवों और सरकार के बीच पहले जैसा सीधा संवाद खत्म हो गया है। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री चौधरी ओमप्रकाश चौटाला ह्यसरकार आपके द्वारह्ण कार्यक्रम के तहत साल में दो बार गांवों में पहुंचते थे। चौधरी देवीलाल भी मुख्यमंत्री और उपप्रधानमंत्री रहते हुए गांवों में जाकर लोगों से मिलते थे और उनकी समस्याएं सुनते थे। अभय चौटाला ने कहा कि आज लोगों के वोट अलग-अलग बंट गए हैं, इसी वजह से सरकारें गांवों की ओर पहले जैसी गंभीरता से नहीं देखतीं। उन्होंने कार्यकताओं से कहा कि यदि जनता एकजुट होकर मतदान करेगी तो सत्ता में बैठे लोगों को गांवों तक आना ही पड़ेगा। जनता के एकजुट वोट में प्रधानमंत्री तक को गांव की गलियों में लाने की ताकत है।उन्होंने कार्यकताओं से संगठन को बूथ स्तर पर मजबूत करने और लोगों के बीच जाकर सरकार की नीतियों के प्रति जागरूक करने का आह्वान किया।

### ऑनलाइन डॉक्टर अपॉइंटमेंट के नाम पर साइबर ठगी

**महेंद्रगढ़ ( दिनेश नौताना )**
पुलिस अधीक्षक श्री दीपक कुमार के निर्देशानुसार साइबर अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाने तथा साइबर फ्रॉड के मामलों में संलिप्त आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई करने के लिए साइबर थाना नारनौल टीम द्वारा लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में साइबर थाना नारनौल की टीम ने 1,39,995 रुपये की साइबर ठगी के मामले में कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान सुशान्त निवासी सूरजमुखी मार्ग, नजदीक आईटीआई, थाना तिजारा, जिला भिवाड़ी, राजस्थान के रूप में हुई है।

## नशामुक्ति जागरूकता कार्यक्रम में 500 से अधिक विद्यार्थियों ने लिया भाग

**टीम एक्शन इंडिया**
**यमुनानगर,(संदीप वशिष्ठ)**
हरियाणा राज्य नारकोटिक्स नियंत्रण ब्यूरो के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक श्री संजय कुमार, कढर के दिशा-निर्देशन तथा फरीदाबाद के संयुक्त आयुक्त एवं ब्यूरो के उप पुलिस महानिरीक्षक श्री राजेंद्र कुमार मीणा, कढर के नेतृत्व में राजकीय बहुतकनीकी राजपुर में नशे के विरुद्ध एक दिवसीय 112 वां व्यापक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी/ उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा द्वारा यह कार्यक्रम किया गया जिसमे 550 से अधिक विद्यार्थी एवं 35 शिक्षक आदि उपस्थित रहे। संस्थान के उप प्राचार्य राज कुमार चौहान, देव सुमन वर्मा,



संदीप तंवर और भीम सिंह आदि की उपस्थिति में आयोजित कार्यक्रम में ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी/ उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने विद्यार्थियों को नशे के विरुद्ध जागरूक करते हुए कहा कि आज स्वस्थ्य एवं सुरक्षित परिवार और समाज के निर्माण में सभी को मिलकर एक युद्ध नशे के विरुद्ध लड़ना है। आज हमें नशे से स्वतंत्रता संग्राम में सहभगिता करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा नशा हमारे लिए स्वार्थ त्याग योग्य है क्योंकि यदि नशा होता अच्छा, माँ कहती–खा ले मेरे बच्चा।
उन्होंने विद्यार्थियों में संस्कार और सभ्यता से जुड़ने पर जोर देते हुए कहा कि भारत को महान बनाने में सभी के साथ की आवश्यकता है। प्रतिबंधित नशों पर प्रहार करते हुए बताया कि भारत में अधिकतर नशा विदेशों से आ रहा है और वो भी भारत को कमजोर करने के लिए। भारत सरकार और हरियाणा सरकार द्वारा नशा मुक्त अभियान तीन स्तरों पर चलाकर इसको समुल नष्ट करने पर कार्य किया जा रहा है। डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने काव्य के माध्यम से कहा कि नशा कोई करने से बुरा है नशे के व्यापार करना, ऐसे पाप की कमाई से तो अच्छा है परिश्रम करके पेट भरना।
प्रतिबंधित नशों के विरुद्ध 1933 अथवा 9050891508 पर गुप्त सूचना देने के लिए प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम के अंत में शपथ ग्रहण करवाई। शिक्षक वर्ग ने डॉ. वर्मा का आभार व्यक्त किया और उन्हें स्मृति चिन्ह से सम्मानित किया।

### समाधान शिविर में सुनी गईं आमजन की समस्याएं

**खरखौदा/सोनीपत/सोमपाल सैनी**
आमजन की समस्याओं के त्वरित और प्रभावी समाधान के उद्देश्य से उपमंडल कार्यालय खरखौदा में तहसीलदार बिजेन्द्र की अध्यक्षता में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विभिन्न विभागों से संबंधित शिकायतें प्राप्त हुईं, जिन्हें तहसीलदार ने गंभीरता से सुना और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। तहसीलदार बिजेन्द्र ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्राप्त शिकायतों का नियमानुसार और प्राथमिकता के आधार पर समयबद्ध समाधान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि जिन शिकायतों का समाधान मौके पर संभव है, उनका तुरंत निपटारा किया जाए, जबकि अन्य मामलों में संबंधित विभाग निर्धारित समयावधि में कार्रवाई करते हुए समाधान सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन का उद्देश्य आमजन को पारदर्शी, सुगम और बेहतर सेवाएं उपलब्ध करवाना है। शिकायतों के समाधान में किसी भी प्रकार की लापरवाही या अनावश्यक देरी को गंभीरता से लिया जाएगा। तहसीलदार ने कहा कि समाधान शिविरों के माध्यम से प्रशासन और आमजन के बीच सीधा संवाद स्थापित होता है। ऐसे शिविर नागरिकों की समस्याओं को समझने और प्राथमिकता के आधार पर उनका समाधान सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।
इस अवसर पर एमिनेंट पर्सन दिनेश ठेकेदार, नगर पालिका सचिव सहित अन्य अधिकारी और गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

# कुरुक्षेत्र की लाडली डेजी गुप्ता ने रचा इतिहास

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर सिंह मलिक**
**कुरुक्षेत्रः** जिले के लिए गर्व का क्षण है कि शहीद बलबीर सिंह राजकीय आदर्श संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय इस्माईलाबाद के आर्ट्स एंड क्राफ्ट अध्यापक संजय मित्तल की पुत्री डेजी गुप्ता ने हरियाणा राज्य स्तरीय माउंटेन बाइकिंग (टळइ) चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए दो पदक जीतकर कुरुक्षेत्र का नाम पूरे प्रदेश में रोशन किया है। डेजी गुप्ता ने कड़े और रोमांचक मुकाबलों के बीच अपनी प्रतिभा, मेहनत और तेज रफ्तार का उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए टाइम ट्रायल स्पर्धा में कांस्य पदक तथा मास स्टार्ट स्पर्धा में रजत पदक हासिल किया। एक ही दिन में दो पदक जीतकर डेजी ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया और खेल जगत में जिले का गौरव बढ़ाया। डेजी की इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर उसके विद्यालय यूनिवर्सिटी सीनियर सेकेंडरी मॉडल स्कूल के शिक्षकों, सहपाठियों एवं मित्रों ने खुशी व्यक्त करते हुए उसे बधाई दी। डेजी ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, शिक्षकों, मित्रों और विशेष रूप से अपने प्रशिक्षकों के निरंतर सहयोग




एवं मार्गदर्शन को दिया। इस अवसर पर डेजी ने अपनी पीटीआई मैडम शैलजा का विशेष आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके समर्पण, अनुशासन, प्रेरणा और निरंतर मार्गदर्शन ने उसे इस मुकाम तक पहुंचने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने अपने कोच पंजाब सिंह का भी हृदय से धन्यवाद किया, जिन्होंने माउंटेन बाइकिंग की तकनीकी बारीकियों और खेल कौशल को निखारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।
डेजी के पिता संजय मित्तल ने बेटी की उपलब्धि पर गर्व व्यक्त करते हुए कहा कि यह सफलता केवल परिवार के लिए ही नहीं, बल्कि कुरुक्षेत्र और हरियाणा के लिए भी गौरव की बात है। उन्होंने कहा कि डेजी ने कठिन परिश्रम और दृढ़ संकल्प के बल पर यह मुकाम हासिल किया है और अब उसका अगला लक्ष्य राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर भारत का नाम रोशन करना है। उन्होंने कहा कि राज्य स्तरीय सफलता डेजी की खेल यात्रा का एक महत्वपूर्ण पड़ाव है, लेकिन उसका सपना राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत के लिए पदक जीतना है। परिवार और प्रशिक्षकों को विश्वास है कि डेजी आने वाले समय में अपनी प्रतिभा और मेहनत के दम पर देश का गौरव बढ़ाएगी तथा अंतरराष्ट्रीय मंच पर तिरंगा लहराएगी।

## विधायक कृष्णा गहलावत के निजी सचिव योगेश शर्मा का जन्मदिन मनाया

**सोनीपत(संजीव कौशिक ) राई**
विधानसभा क्षेत्र की विधायक कृष्णा गहलावत के निजी सचिव योगेश शर्मा का जन्मदिन गुरुवार को विधायक कैंप कार्यालय में मनाया गया। इस अवसर पर विधायक कृष्णा गहलावत ने योगेश शर्मा को जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं और उनके स्वस्थ एवं सुखद जीवन की कामना की।
विधायक कृष्णा गहलावत ने कहा कि योगेश शर्मा अपने दायित्वों का निष्ठा और जिम्मेदारी के साथ निर्वहन कर रहे हैं। उन्होंने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए जन्मदिन की बधाई दी।
योगेश शर्मा ने विधायक कृष्णा



गहलावत का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जन्मदिन के अवसर पर मिले स्नेह और शुभकामनाओं के लिए वह उनका हृदय से धन्यवाद करते हैं। उन्होंने कहा कि वह आगे भी पूरी निष्ठा के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करते रहेंगे।इस दौरान कैंप कार्यालय में मौजूद लोगों ने भी योगेश शर्मा को जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं।

### एसडीएम ने गांव निम्बी स्थित आंगनवाड़ी केंद्र का किया औचक निरीक्षण

**टीम एक्शन इंडिया**
**महेंद्रगढ़ ( दिनेश नौताना )**
एसडीएम योगेश सैनी ने बुधवार को महेंद्रगढ़ उपमंडल के गांव निम्बी स्थित आंगनवाड़ी केंद्र का निरीक्षण कर वहां की सुविधाओं और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने राशन की उपलब्धता, बच्चों और कर्मचारियों की उपस्थिति रजिस्टर, स्टॉक रजिस्टर, दवाइयां, खिलौने और अन्य परिचालन संबंधी पहलुओं की जांच की।
एसडीएम योगेश सैनी ने आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चों को दिए जाने वाले खाने व भंडारण का निरीक्षण किया ।

## रतिया में अवैध पानी-सीवरेज कनेक्शनों पर बड़ी कार्रवाई

**टीम एक्शन इंडिया**
**रतिया, 10 सितंबर (एडवोकेट गुरप्रीत सिंह मंडेर )**
जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग द्वारा अवैध पेयजल एवं सीवरेज कनेक्शनों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत आज रतिया शहर के वार्ड नंबर 12 में 18 अवैध कनेक्शनों को काटा गया। विभाग की टीम ने मौके पर कार्रवाई करते हुए अवैध रूप से चल रहे पेयजल एवं सीवरेज कनेक्शनों को बंद किया। शर्मा चंद लाली, जिला सलाहकार, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग फतेहाबाद ने बताया कि जिले के फतेहाबाद, रतिया, टोहाना, भूना एवं जाखल सहित सभी शहरों में अवैध कनेक्शनधारकों के खिलाफ कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि



जिन लोगों ने अभी तक अपने पानी एवं सीवरेज कनेक्शन मंजूर नहीं करवाए हैं, वे जल्द से जल्द कनेक्शन वैध करवाएं। अन्यथा विभाग द्वारा नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि वर्तमान में पेजल कनेक्शन की फीस 1,000 तथा सीवरेज कनेक्शन की फीस ?500 है। वहीं सरकार द्वारा लगभग 10,000 तक का रोड कट चार्ज फिलहाल माफ किया गया है। उन्होंने कहा कि नागरिक इस सुविधा का लाभ उठाकर जल्द से जल्द अपने कनेक्शन मंजूर करवाएं, क्योंकि भविष्य में रोड कट चार्ज दोबारा लागू हो सकता है।
कनेक्शन मंजूर करवाने के लिए रजिस्ट्री, फैमिली आईडी, आधार कार्ड, वोटर आईडी तथा घर के सामने खड़े होकर ली गई ऋढर लोकेशन वाली फोटो आवश्यक है। शर्मा चंद लाली ने कहा कि विभाग का उद्देश्य किसी को परेशान करना नहीं, बल्कि शहर की पेयजल एवं सीवरेज व्यवस्था को व्यवस्थित करना और अवैध कनेक्शनों पर रोक लगाना है। उन्होंने सभी नागरिकों से विभाग का सहयोग करने तथा अपने कनेक्शन जल्द वैध करवाने की अपील की। इस कार्रवाई के दौरान कनिष्ठ अभियंता दुर्गेश कुमार, पृथ्वी सिंह, खंड संयोजक कुलदीप सिंह, प्रधान शमशेर सिंह कुंडु, दलबीर सिंह धौलू, पवन कुमार, जगदीश कुमार, राममेहर सिंह, कर्ण सिंह सहित अन्य कर्मचारी एवं सहयोगी मौजूद रहे।

## सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों के प्रति ग्रामीणों को किया जागरूक

**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा (संजय नरवाल)** गीता इंस्टीट्यूट ऑफ लॉ, पानीपत के विधिक सहायता केंद्र द्वारा कानून मित्र-कक्षा से समाज तक न्याय परियोजना के अंतर्गत सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों को लेकर विधिक जागरूकता शिविर का छोटी रजापुर गांव में आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य ग्रामीणों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के साथ-साथ सड़क पर सुरक्षित एवं जिम्मेदार व्यवहार के लिए प्रेरित करना रहा। कार्यक्रम का आयोजन संस्थान के प्राचार्य डॉ. सुभाष कुमार के मार्गदर्शन एवं विभागाध्यक्ष डॉ. संदीप सैनी के निर्देशन में किया गया। विधिक सहायता केंद्र की प्रभारी डॉ. पूजा एवं सदस्य वासु



जैन ने ग्रामीणों को सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों से संबंधित महत्वपूर्ण कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी। शिविर में दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट पहनने, चारपहिया वाहन में सीट बेल्ट का प्रयोग करने, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का इस्तेमाल न करने, तेज गति से वाहन न चलाने तथा नशे की अवस्था में वाहन न चलाने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर जागरूक किया गया। इसके साथ ही आपातकालीन वाहनों को रास्ता देने तथा पैदल यात्रियों एवं अन्य वाहन चालकों की सुरक्षा का ध्यान रखने के लिए भी प्रेरित किया गया। ग्रामीणों को बताया गया कि यातायात नियम केवल चालान से बचने के लिए नहीं, बल्कि सड़क पर प्रत्येक व्यक्ति के जीवन की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए बनाए गए हैं। संवाद के दौरान दैनिक जीवन में सामने आने वाली विभिन्न परिस्थितियों के उदाहरण देकर सुरक्षित यातायात व्यवहार अपनाने का संदेश दिया गया। गीता इंस्टीट्यूट ऑफ लॉ के विधिक सहायता केंद्र की ओर से सरपंच अमरजीत सिंह एवं समस्त ग्राम पंचायत का विशेष आभार व्यक्त किया गया।

## बेसहारा गौ वंश उपचार सेवा समिति की नई कार्यकारिणी का गठन

**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा, (संजय नरवाल)**
बेसहारा गौ वंश उपचार सेवा समिति, भापरा रोड समालखा की बैठक आयोजित की गई। बैठक में संस्था के सदस्यों ने बेसहारा, बीमार एवं चोटग्रस्त गौवंश की सेवा तथा संस्था के आगामी कार्यों को लेकर विस्तार से चर्चा की। सभी सदस्यों ने सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी के गठन का निर्णय लिया। सर्वसम्मति से मोहित गोयल को तीसरी बार अध्यक्ष, अमित कौशिक को उपाध्यक्ष, सुशील कुमार को सचिव, कुलदीप सिंह को सह सचिव तथा सुधीर कुमार



को संचालक चुना गया। इसके अलावा विक्की गोयल, रोशन सैनी, अनीता, अनीता राही और संजयन जैन को कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया।
बैठक के दौरान संस्था के सभी सदस्यों ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई दी और गौ सेवा के कार्यों को और अधिक प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाने का संकल्प लिया। समिति की ओर से बेसहारा, बीमार एवं चोटग्रस्त गौवंश की सेवा के लिए समाज के लोगों से सहयोग की अपील भी की गई।

# श्री गुरु नाडा साहिब

सेवा | श्रद्धा | समर्पण | गुरु घर के प्रति अटूट आस्था

वाहेगुरु जी का खालसा, वाहेगुरु जी की फतेह

# डॉक्टर हरनेक सिंह हैरी की दिली इच्छा हुई पूरी

# पालकी बस सेवा श्री गुरुद्वारा नाडा साहिब को समर्पित

## परिवार ने सेवा, श्रद्धा और गुरु घर के प्रति समर्पण की भावना को दिया नया जीवन




डॉ. हरनेक सिंह हैरी के परिवार की ओर से पालकी साहब बस की सेवा



**डॉ. हरनेक सिंह हैरी**
(संस्थापक, कलगीधर मानव सेवा मिशन)

**नाडा साहिब, मैनापाल।** सेवा, श्रद्धा और गुरु घर कों एक भावपूर्ण मिसाल उस समय सामने आई, जब कलगीधर मानव सेवा मिशन के संस्थापक डॉ. हरनेक सिंह हरी की वर्षों से चली आ रही दिली इच्छा को उन्मत्ती श्रीमती करमजीत कौर हैरी और सुपुत्र डॉव्र्दर गगनदीप सिंह हैरी, पुत्री जस सिमरन ने साकार करते हुए पालकी बस सेवा श्री गुरु नाडा साहिब को समर्पित की।

डॉ. हरनेक सिंह हरी का जीवन मानव सेवा, सामाजिक सरोकारों और गुरु घर के प्रति समर्पण से जुडा रहा। उनकी हसेशा इच्छा थी कि पालकी बस की सेवा गुरु घर को समर्पित की जाए, ताकि संगत और श्रद्धालुओं की सेवा के साथ-साथ यह सेवा लंबे समय तक गुरु घर के चरणों में समर्पित रहे।

**परिवार की ओर से**
**श्रीमती करमजीत कौर हैरी**
**डॉ. गगनदीप सिंह हैरी**
**जस सिमरन**
**एवं समस्त परिवार**

उनके इस भाव को उनकी पत्नी श्रीमती करमजीत कौर हैरी ने केवल एक इच्छा के रूप में नहीं रहने दिया, बल्कि उसे अपनी श्रद्धा और संकल्प के साथ वास्तविक सेवा का रूप दिया।

पालकी बस को गुरुद्धारा श्री नाडा साहिब को समर्पित करना परिवार के लिए केवल धार्मिक सेवा नहीं, बल्कि डॉ. हरनेक सिंह हैरी की सोच, उनके सेवा-भाव और गुरु घर के प्रति उनकी आस्था को आगे बढ़ाने का माध्यम है।

इस अवसर का भावनात्मक पक्ष यह भी रहा कि जिस सेवा की कल्पना डॉ. हरनेक सिंह हैरी ने अपने मन में संजोई थी, उसे उनकी जीवनसंगिनी ने पूरा कर उन्हें एक अनमोल श्रद्धांजलि अर्पित की।

> **"मेरे जीवन का उद्देश्य हमेशा मानव सेवा और गुरु घर की सेवा रहा है। यह पालकी बस सेवा उसी विचार को आगे बढ़ाने का माध्यम है।"**
> **- डॉ. हरनेक सिंह हैरी**

श्रीमती करमजीत कौर हैरी का यह कदम समाज के लिए भी एक प्रेरणादायक संदेश है कि सच्ची सेवा केवल किसी एक व्यक्ति की उपस्थिति तक सीमित नहीं रहती, बल्कि उसके विचार और संकल्प आने वाली पीढ़ियों तक जीवित रह सकते है।

डॉ. हरनेक सिंह हरी की दिली इच्छा आज पालकी बस सेवा के रूप में गुरु घर की सेवा में समर्पित होकर उनके सेवा-भाव को निरंतर आगे बढ़ाती रहेगी। इस मौके पर गुरुद्धारा नाडा साहिब के मैनेजर परमजीत सिंह और हेड ग्रंथी गुरुद्धारा नाडा साहिब जगजीत सिंह और साध संगत मौजूद रही।

# गुरु की राह में सेवा ही जीवन है

॥ सेवा करें ॥ सिमरन करें ॥ संगत नाल जुड़ों ॥